धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शनिवार
11.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 181



12 मैं कभी कम्फर्ट जोन में नहीं रहा : पीएम मोदी

## न्यूज डायरी

### वरुण एरोन ने क्रिकेट से लिया संन्यास

नयी दिल्ली। झारखंड से आनेवाले टीम इंडिया के तेज गेंदबाज वरुण एरोन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने पिछले साल ही लाल गेंद वाले क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखकर उन्होंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी।

### रांची के विवान को पेंटिंग में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

रांची। राजधानी के 8 वर्षीय विवान शौर्या ने विश्व की प्रतिष्ठित चित्रकला प्रतियोगिता पिकासो आर्ट कांटेस्ट के आर्टिस्टिक जेनेसिस 2024 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्टार आर्टिस्ट का अवार्ड प्राप्त किया है। ये प्रतियोगिता 2014 से प्रतेक वर्ष आयोजित की जा रही है। इस वर्ष प्रतियोगिता में 41 देशों से 1400 से अधिक प्रतिभागीओं ने भाग लिया था। 6 से 10 वर्ष वाले ग्रुप में 8 वर्षीय विवान ने इस प्रतियोगिता में अपने देश और राज्य का गौरव बढ़ाते हुए ये पुरस्कार प्राप्त किया है। विवान को अपने ग्रुप में 100 में से 98 अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ हैं।

### कोहरे के कारण 100 से ज्यादा उड़ानों में देरी

नयी दिल्ली। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कई इलाकों में शुक्रवार को घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी शून्य हो गयी। घने कोहरे का असर विमान और रेल सेवाओं पर भी पड़ा। दिल्ली-एनसीआर में दृश्यता कम होने से 150 से अधिक उड़ानें औसतन 41 मिनट लेट हुईं। वहीं करीब 26 ट्रेनें देरी से चलीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पंजाब, हरियाणा और राजस्थान सहित उत्तर भारत के कई हिस्सों के लिए मध्यम से बहुत घने कोहरे की चेतावनी जारी की है।

### सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी घायल

रांची। खूंटी-रांची मुख्य मार्ग पर तजना नदी के पास गुरुवार देर रात दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई सीधी टक्कर में बेलांगी निवासी दिनेश महतो की मौत हो गयी। वहीं दिनेश की पत्नी रानी देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। मृतक का शुक्रवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दिनेश महतो और उनकी पत्नी गुरुवार रात को खूंटी से अपने गांव बेलांगी जा रहे थे।

### चुट्टूपालू घाटी में फिर हादसा, घंटों जाम

रामगढ़। जिले के चुट्टूपालू घाटी में शुक्रवार को एलपीजी गैस का टैंकर पलट गया। इस हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पूरी तरीके से घंटों जाम रहा। हादसा गड़के मोड़ के पास हुआ। एलपीजी गैस से लदा एक टैंकर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। एलपीजी गैस टैंकर पारादीप से काठमांडू जा रहा था।




## प्रवासी भारतीय दिवस पर ओडिशा में झारखंड का जलवा

रांची। ओड़िशा के रघुराजपुर में चल रहे प्रवासी भारतीय दिवस पर सरायकेला के छऊ कलाकारों ने अपने प्रदर्शन से समां बांध दिया। इस दौरान जिले के कई लोगों को सम्मानित भी किया गया। झारखंड के कलाकारों ने सबसे पहले समारोह में की जाने वाली आरती में अपना नृत्य पेश किया। फिर पौराणिक थीम पर आधारित हर-पार्वती व चंद्र भागा नृत्य पेश कर लोगों की तालियां बटोरी। इसके अलावा देशभक्ति से ओत प्रोत पताका (तिरंगा) नृत्य से भी लोगों का मनोरंजन किया। ढोल व नगाड़े की थाप और शहनाई-बांसुरी की सुरीली धुन पर कलाकारों को नृत्य करते देख लोग मंत्र मुग्ध हो गये। इस दौरान जगन्नाथ आर्ट स्कूल, सरायकेला के निदेशक सह छऊ गुरु सुशांत महापात्र को शोल व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही छऊ नृत्य कलाकारों को भी मंच पर सम्मानित किया गया।

### सीएम ने बाघमारा के घायल एसडीपीओ के पिता से की बात

# मधुवन हिंसा के दोषियों को नहीं छोड़ेंगे, जांच के आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में दो गुटों में हिंसक झड़प की जांच के आदेश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना में जो भी दोषी पाये जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जायेगा। सरकार किसी को नहीं छोड़ेगी। उन्होंने झड़प में घायल बाघमारा के एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह के पिता से वीडियो कॉल पर बात भी की। घायल पुलिस अधिकारी के पिता को समुचित इलाज का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़े तो एयर लिफ्ट कर के बेहतर जगह भी भेजने के लिए सरकार तैयार है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार आपके परिवार के पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। सीएम ने कहा कि हिंसा के मामले में जो भी दोषी होंगे, सरकार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। जांच शीघ्र पूरा करने का भी उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया।

### सरकार अपने कर्मियों की सुरक्षा को प्रतिबद्ध



#### अपने कर्मचारियों की सुरक्षा हमारी प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी श्रेणी के अधिकारी और कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। कर्तव्य निर्वहन के दौरान सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने तथा सरकारी कर्मियों के साथ होने वाली किसी भी तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हिंसक झड़प के दौरान ड्यूटी पर तैनात एसडीपीओ के घायल होने की जानकारी मिलने पर सीएम ने उनके पिता अशोक सिंह से वीडियो कॉल के जरिये बात की। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

**क्या था मामला** धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र की बीसीसीएल खरखरी कोलियरी के जंगल में आउटसोर्सिंग कंपनी हिलटॉप की चहारदीवारी निर्माण के विवाद ने गुरुवार को हिंसक रूप ले लिया था। समर्थक और विरोधी दोनों ओर से अंधाधुंध फायरिंग की गयी और बमबारी की गयी थी। कई लोग घायल हुए थे। हिंसक झड़प में बाघमारा एसडीपीओ घायल हो गये थे।

## चान्हो से एटीएस ने अलकायदा आतंकी को किया गिरफ्तार

■ शाहबाज अंसारी लंबे समय से था फरार, अबतक 9 पकड़े गये

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और झारखंड एटीएस की टीम ने अलकायदा के संदिग्ध आतंकी शाहबाज अंसारी को रांची के चान्हो इलाके से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। आतंकवादी संगठन से जुड़ाव होने की पुष्टि के बाद से वह फरार चल रहा था। दिल्ली की स्पेशल टीम को उसकी तलाश थी। शाहबाज अंसारी दिल्ली स्पेशल सेल के कांड संख्या 301/24 का अभियुक्त है। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने शाहबाज अंसारी के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। देश की खिलाफत करने और गंभीर आतंकी साजिश रचने को लेकर दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों और अलग-अलग राज्यों की पुलिस की मदद से वर्ष 2024 में झारखंड, दिल्ली और राजस्थान में बड़ी कार्रवाई की थी।

अबतक अलकायदा इन इंडियन सब कॉन्टिनेंट के 9 संदिग्ध पकड़े जा चुके हैं। राजस्थान में धराये छह संदिग्ध में से अधिकांश झारखंड के रहने वाले थे। शाहबाज अंसारी तभी से फरार चल रहा था। (शेष 11 पर)

### 14 महीने बाद घर लौटे रघुवर, पार्टी की ली सदस्यता, कहा

# भाजपा संगठन मां के आंचल के समान

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल, झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा है कि भाजपा संगठन मेरे लिए मां के आंचल के समान है। शुक्रवार को पार्टी की सदस्यता लेने के बाद वह पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। ओड़िशा के राज्यपाल बनाये जाने पर अक्टूबर 2024 में उन्होंने भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। 14 महीने बाद एक बार फिर भाजपा में शामिल होकर श्री दास सक्रिय राजनीति में आ गये। शुक्रवार को पार्टी दफ्तर में मिस कॉल दे कर भाजपा के सदस्य बन गये। इसके बाद बाबूलाल मरांडी समेत तमाम नेताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में रबिन्द्र राय, संजय सेठ समेत कई नेता मौजूद थे।



#### झारखंड को राष्ट्रविरोधी ताकतों से बचाना है

पत्रकारों से बातचीत में श्री दास ने कहा कि एक मजदूर के बेटे को पार्टी ने बहुत कुछ दिया। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है,जो निष्ठावान कार्यकर्ताओं को शिखर तक पहुंचाती है। मेरी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है। उन्होंने कहा कि एक ही उद्देश्य झारखंड को राष्ट्र विरोधी शक्तियों से बचाना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का दूसरा मंत्र है लोकजागरण। हमें झारखंड को घुसपैठियों और धर्मांतरण कराने वाली ताकत से बचाना है। मैं मूलतः संगठन का कार्यकर्ता हूं और संगठन कार्य करने में मुझे खुशी मिलती है। उन्होंने सदस्यता अभियान में लाखों लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्यकताओं से आह्वान किया।

#### चुप नहीं बैठेंगे

रघुवर दास ने कहा कि राज्य सरकार अगर घुसपैठियों और अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। सरकार का रवैया सकारात्मक नहीं रहने पर पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में रघुवर दास ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राज्यपाल पद का बार-बार दुरुपयोग किया। धारा 356के माध्यम से लोकतांत्रिक सरकार को भंग करने का पाप किया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद, शिवपूजन पाठक, प्रदीप सिन्हा उपस्थित थे।

### ब्राउन शुगर का सरगना समेत तीन गिरफ्तार

रांची। ब्राउन शुगर के कारोबार के सरगना कन्हैया कुमार सहित तीन तस्करों को रांची की सुखदेव नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11.48 ग्राम ब्राउन शुगर, चार मोबाईल फोन, बाइक और दो हजार 300 रुपये नकदी बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि विद्यानगर स्थित बड़ा मैदान के पास ब्राउन शुगर का मुख्य सरगना कन्हैया कुमार और उसके साथी खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी कर सरगना सहित तीन को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में अरगोड़ा निवासी कन्हैया कुमार, हिमांशु ठाकुर और राकेश कुमार शामिल हैं।

### गुरुजी के जन्मदिन पर आज कटेगा 81 पाउंड का केक

रांची। झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन शनिवार 11 जनवरी को मनाया जायेगा। इस अवसर पर शनिवार को 12 बजे मोराबादी, रांची स्थित उनके आवास पर शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन पर 81 पाउंड का केक काटा जायेगा। साथ ही पूरे धूमधाम से जन्मदिन मनाया जायेगा। मौके पर मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, उनके मंत्रीगण तथा विधायक और पार्टी के नेता उपस्थित रहेंगे। झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने बताया कि उनके जिला के पदाधिकारी, प्रखंड के पदाधिकारी, महानगर के वरिष्ठ नेतागण और कार्यकर्तागण इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## लालू के खास विधायक के घर इडी छापा, 16 ठिकानों पर चल रही कार्रवाई

■ इडी छापामारी से बढ़ी मंत्री रहे आलोक मेहता की मुश्किलें

एजेंसी

पटना। बिहार में ईडी ने फिर एकबार बड़ी कार्रवाई की है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के करीबी राजद विधायक विधायक आलोक मेहता के आवास में रेड पड़ी है। प्रवर्तन निदेशालय ॉ की टीम आलोक कुमार मेहता के आवास पर सुबह से ही छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार, इडी की टीम मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नेता से जुड़े एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर कार्रवाई कर रही है। जानकारी के मुताबिक उनके ठिकानों से बड़ी संख्या में बेहिसाब संपत्ति मिली है। शुक्रवार को सुबह-सुबह इडी की छापेमारी सियासी गलियारे में हड़कंप है। जानकारी के अनुसार, ईडी ने बिहार और यूपी समेत कई जगहों पर छापेमारी की है। पटना में राजद विधायक के भी आवास पर रेड की गयी। ईडी की टीम शुक्रवार को सुबह-सुबह पटना के 12 सरदार पटेल मार्ग स्थित विधायक आलोक मेहता के आवास पहुंची। ईडी की टीम ने यहां विधायक के आवास में छापेमारी शुरू कर दी। अचानक हुई इस कार्रवाई की वजह अभी सामने नहीं आयी है। ईडी की ओर से आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। आलोक मेहता को राजद सुप्रीमो लालू यादव का करीबी हैं और महागठबंधन सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। वह उजियारपुर सीट से जीतकर आते हैं।

### केंद्रीय मंत्री ने 200 बेड के अस्पताल की रखी आधारशिला, बोले

# झारखंड के मील का पत्थर साबित होगा आस्पताल

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार को कांके, रांची स्थित रिनपास के समीप 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी। यह अस्पताल कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं से युक्त होगा। उन्होंने कहा, झारखंड और पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए यह अस्पताल एक मील का पत्थर साबित होगा। इसका उद्देश्य झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर रांची के सांसद एवं रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, महुआ माजी, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह, कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव कोयला विस्मिता तेज, कोयला मंत्री के निजी सचिव बक्की कार्तिकेयन, अतिरिक्त निजी सचिव ए. वेंकटेश्वर रेड्डी, कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम. प्रसाद, सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार, सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दूहन, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार और श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कोयला मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार, झारखंड समेत पूरे देश में स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए लगातार प्रयासरत है। यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कोयला क्षेत्र के विकास और क्षेत्रीय सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के पूर्ण हो जाने पर इसका उदघाटन पीएम मोदी के हाथों करने का प्रयास करेंगे। (शेष 11 पर)

## तीसरी आंख




# साल 2024 धरती का सबसे गर्म वर्ष रहा

### यूरोपीय जलवायु एजेंसी कोपरनिकस ने भविष्य को ले कर चेताया

एजेंसी

नयी दिल्ली। यूरोपीय जलवायु एजेंसी कोपरनिकस ने शुक्रवार को इस बात का खुलासा किया कि वर्ष 2024 रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्ष था। वैश्विक औसत तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस पूर्व-औद्योगिक स्तरों से ऊपर था। जनवरी से जून 2024 तक का हर महीना उन महीनों के लिए अब तक का सबसे गर्म रिकॉर्ड था। जुलाई से दिसंबर तक, अगस्त को छोड़कर, हर महीना 2023 के बाद रिकॉर्ड पर दूसरा सबसे गर्म था। कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (C3S) के वैज्ञानिकों के अनुसार, 1850 में वैश्विक तापमान ट्रैकिंग शुरू होने के बाद से 2024 सबसे गर्म वर्ष था। औसत वैश्विक तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस था। 1991-2020 के औसत से 0.72 डिग्री अधिक और पिछले रिकॉर्ड धारक 2023 से 0.12 डिग्री अधिक। वैज्ञानिकों ने पाया कि 2024 में औसत तापमान 1850-1900 की आधार रेखा से 1.60 डिग्री सेल्सियस अधिक था, यह वह अवधि थी जब जीवाश्म ईंधन जलाने जैसी मानवीय गतिविधियों ने जलवायु को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करना शुरू किया था। रिपोर्ट के अनुसार यह पहली बार है जब औसत वैश्विक तापमान पूरे कैलेंडर वर्ष के लिए 1850-1900 के औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। हालांकि, पेरिस समझौते में निर्दिष्ट 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा का स्थायी उल्लंघन 20 या 30 साल की अवधि में दीर्घकालिक वार्मिंग को संदर्भित करता है। ऐसा कहने के बाद, विशेषज्ञों को लगता है कि दुनिया अब एक ऐसे चरण में प्रवेश कर रही है, जहां तापमान लगातार इस सीमा से ऊपर रहेगा।

#### बचाव में साहसिक कदम अब जरूरी

उन्होंने कहा, इस भविष्य के लिए तैयार होने के लिए, हमें समाज के हर स्तर पर अनुकूलन प्रयासों को तत्काल बढ़ाना होगा। अपने घरों, शहरों और बुनियादी ढांचे को फिर से डिजाइन करना होगा और पानी, भोजन और ऊर्जा प्रणालियों के प्रबंधन के तरीके को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया को जीवाश्म ईंधन से स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से और निष्पक्ष रूप से बढ़ना चाहिए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे और अमीर देशों पर साहसिक कदम उठाने की बड़ी जिम्मेदारी है।

**विनाशकारी स्थिति बढ़ने की आशंका :** जलवायु कार्यकर्ता और सतत संपदा जलवायु फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक हरजीत सिंह ने कहा कि दुनिया एक नयी जलवायु वास्तविकता में प्रवेश कर रही है जहां अत्यधिक गर्मी, विनाशकारी बाढ़ और तीव्र तूफान लगातार और गंभीर होते जायेंगे।

## बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को फांसी की सजा

■ लोहरदगा कोर्ट ने कहा यह केस रेयरस्ट आफ रेयर

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। लोहरदगा व्यवहार न्यायालय ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के दोषी को फांसी की सजा सुनायी है। कोर्ट ने इसे रेयरस्ट और रेयर केस माना। डीजे वन सह पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दोषी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। भादवि की धारा 302 में फांसी और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 में आजीवन कारावास की सजा सुनायी। व्यवहार न्यायालय लोहरदगा की लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि यह घटना 24 दिसंबर 2022 को लोहरदगा जिला के बगडू थाना क्षेत्र में हुई थी। दोषी फिलहाल जेल में है। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने दलीलें पेश की। मामले में पुलिस अवर निरीक्षक पंकज कुमार शर्मा ने अनुसंधान किया था। लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि इंदर उरांव नाबालिग बच्ची को पैसे देकर बहला-फुसला कर एक सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था।

## AFFIDAVIT

Series No.23-24/Q1 26180
I, PIYUSH KUMAR, S/O Surendra Singh, Resident of Village Chirondi, Boreya, Near Van Brindavan Coust, Pby Ltd Ranchi P.O-Boreya, P-S-Bariyatu, District 834006, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows-
1. That I am citizen of India and residing at above mentioned address.
2. That my name is PIYUSH KUMAR mentioned in Adhar Card No-2585 6209 5611.
3. That my name mentioned in Council for the Indian School, Certificate Examinations New Delhi No TT 40100052 Statement of Marks as PIYSUH KUMAR
4. That both name PIYUSH KUMAR & PIYSUH KUMAR is same and one person's name.
**Ref No 907**
**Date 10 Jan 2025**


# दो सप्ताह में इडी को दिये जायेंगे केस से जुड़े दस्तावेज

## चाईबासा मनरेगा घोटाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में चाईबासा जिले में 28 करोड़ के मनरेगा घोटाला की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। शुक्रवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इडी के द्वारा जो दस्तावेज मांगे गए हैं, वह दो सप्ताह में इडी को दे दिये जाएंगे।

इससे पहले अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी इडी को अद्यतन स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। जिसके आलोक में इडी ने रिपोर्ट और जानकारी कोर्ट में सौंप दी है।

अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 21 जनवरी को करेगा। इस संबंध में मतलूब इमाम ने जनहित याचिका दाखिल की है। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

यह कथित घोटाला वर्ष 2008 से लेकर वर्ष 2011 के बीच का है। चाईबासा पुलिस अब तक इस मामले में 14 एफआइआर दर्ज कर चुकी है। जिसकी जांच एसीबी से भी करवाई गई है। 13 मामलों में एसीबी चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी है।


## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED

(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAVAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI-834001, JHARKHAND.
Ph No.: +91-651-2225878, e-mail Id-pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No.: JUIDCO/NIT/I&D and STPs Palamu PMC/643
Date:- 10.01.2025

**Notice Inviting Tender 1st Call**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Request for Proposal for Selection of Consultant for preparation of Detailed Project Report (DPR) and providing Project Management Consultancy (PMC) services for Interception & Diversion and STPs along with related infrastructure in 9 towns in Palamu Cluster in Jharkhand. |
| 2. | Mode of submission of bids | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Tender Fee & Earnest Money Deposit (EMD) (In INR) | Tender document fee: Rs.10,000/- (Rupees Ten Thousand) only (Non-Refundable) EMD : Rs. 2,00,000/- (Rupees Two Lakh) only. (to be paid Online) |
| 4. | Date of publication of Tender online | 10.01.2025, 1700 Hrs |
| 5. | Date of Pre-Bid meeting | 20.01.2025, 1600 Hrs |
| 6. | Last Date/Time for submission of online bids | 03.02.2025, 1700 Hrs |
| 7. | Last Date of submission of EMD and Tender fees | 04.02.2025, 1700 Hrs |
| 8. | Date of Bid Opening | 04.02.2025, 1730 Hrs |
| 9. | Tender fee and EMD submission address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi – 834001 |
| 10. | Helpline no. | +91 651 2225878 |

**Note: Only e-tenders will be accepted.**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website http//:jharkhandtenders.gov.in

**Sd/- Project Director (Tech)**
**JUIDCO Ltd.**

PR 344010 (Urban Development and Housing)24-25*D


## सरयू राय ने हाईकोर्ट से वापस ली याचिका



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से जदयू विधायक सरयू राय को मिली राहत अब खत्म हो गयी है। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि उन्होंने अदालत से अपनी याचिका यह कहते हुए वापस ले ली कि उन्हें इस मामले में दूसरी याचिका दाखिल करनी है। दरअसल सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव द्वारा उनके खिलाफ दर्ज करवाये गये मामले को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट का रूख किया था। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सरयू राय की याचिका पर सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की।


## कार्यालय – जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा

**"आम सूचना"**

सिमडेगा जिला अन्तर्गत पशुपालकों, भाई- बहनों, आमजनों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पशुपालन एवं डेयरी विभाग के पत्राचार संख्या- T-1014 /1/2022-AHS_DADF दिनांक-17.10.2024 एवं पशुपालन निदेशालय, झारखंड राँची के पत्रांक-1624 नि० दिनांक-19.12.2024 के निदेशानुसार पूरे झारखंड राज्य सहित जिला सिमडेगा में भारत सरकार के दिये गये निदेशों के आलोक में चिन्हित एवं प्रशिक्षित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा सभी प्रखंडों एवं नगर परिषद में 21वी० पशुधन गणना का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है।

अत: सभी पशुपालकों, भाई-बहनों आमजनों से अनुरोध है कि इस कार्य हेतु आपके घर-घर पहुँचने वाले प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा माँगे गये संबंधित जानकारियों को साझा किया जाय। स्थानीय जन प्रतिनिधियों से निवेदन है कि उस कार्य में आवश्यक सहयोग करना चाहेंगे, ताकि इसे निदेशानुसार ससमय पूरा कराया जा सके।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा

PR 343968 Simdega(24-25).D



## OFFICE OF THE REGISTRAR CO-OPERATIVE SOCIETIES, JHARKHAND, RANCHI PASHUPALAN BHAWAN, 3RD FLOOR, HATIA, HESAG, RANCHI-834003

**NOTICE**

**INVITING APPLICATION FROM CA/CA FIRMS FOR EMPANELMENT OF THEIR NAMES AS AUDITOR IN THE OFFICE OF REGISTRAR CO-OPERATIVE SOCIETIES, JHARKHAND, RANCHI FOR CONDUCTING THE AUDIT OF THE CO-OPERATIVE SOCIETIES REGISTERED UNDER JHARKHAND CO-OPERATIVE SOCIETIES ACT, 1935 AND JHARKHAND SELF SUPPORTING CO-OPERATIVE SOCIETIES ACT, 1996.**

Applications in the prescribed format are invited from eligible CA/CA firms having Head office / Branch office in Jharkhand, for preparation of a fresh panel of the auditors likely to be authorized to conduct the audit of the Co-operative societies registered under Jharkhand Co-operative Societies Act, 1935 and Jharkhand Self Supporting Co-operative Societies Act, 1996. The panel has to be prepared for a period of 3 years i.e. for the financial year 2024-25 to 2026-27. The categorization of CA/ CA firms has to be made on the basis of Eligibility criteria, terms and condition and norms available on the website of the department. Audit fee shall be paid to the auditors by the Co-operative societies as per the schedule of fee decided by the Registrar of Co-operative Societies, Jharkhand.

Prescribed application forms may be downloaded from the website of the department i.e http://jharkhand.gov.in

Application form completed in all respect along with requisite documents and a DD of Rs.500 in favour of Registrar Co-operative Societies, Jharkhand, payable at Ranchi should reach latest by 31.01.2025 (6.00 P.M) in the office of Registrar, Co-operative Societies, Jharkhand, Ranchi. Pashupalan Bhawan, 3rd Floor, Hatia, Hesag, Ranchi- 834003.

sd/-
Registrar, Co-operative Societies,
Jharkhand, Ranchi

PR 343980 Co-opretive(24-25)#D



Government of Jharkhand
## Urban Development Department
Latehar Nagar Panchayat , Latehar

**e- Procurement Notice (Very Short Tenders Notice)**
**NIT No. - UDD/LNP/15/2024-25**

Notice No. -    Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शहरी परिवहन मद से | | | | | | |
| 01 | 01/LNP/15/2024-25 | वार्ड सं0 01 मे रामेश्वर यादव के घर से पुराने पी0सी0सी0 पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2068200.00 | 41400.00 | 5000.00 | दो माह |
| 02 | 02/LNP/15/2024-25 | वार्ड सं0 06 डुरूआ मे कुकुरटंगी आंगनबाड़ी से आहर पिन्ड होते हुए पुराने पी0सी0सी0 तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2247100.00 | 45000.00 | 5000.00 | दो माह |
| 03 | 03/LNP/15/2024-25 | वार्ड 06 डुरूआ मे पुराने पी0सी0सी0 पथ से अनीशा बीबी के घर होते हुए गला नदी के पहले इदनी बीबी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1059650.00 | 21200.00 | 5000.00 | दो माह |
| 04 | 04/LNP/15/2024-25 | वार्ड 13 पहाड़पुरी मे अवधेष सिंह के घर से सत्येन्द यादव के घर, पुराने पी0सी0सी0 होते हुए संदीप पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2494600.00 | 49900.00 | 5000.00 | दो माह |
| 05 | 05/LNP/15/2024-25 | वार्ड 15 धर्मपुर मे रोबट केरकेटा के घर से संतोष डुंगडुंग, मंटु शर्मा एवं अशोक तिवारी के घर होते हुए रविन्द्र प्रसाद के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2293700.00 | 45900.00 | 5000.00 | दो माह |
| नागरीक सुविधा मद से | | | | | | |
| 06 | 06/LNP/15/2024-25 | वार्ड सं0 04 डुरूआ के धोबी मुहल्ला स्थित तालाब परिसर मे प्याउ का निर्माण कार्य। | 545900.00 | 11000.00 | 5000.00 | दो माह |
| निकाय के आंतरीक राजस्व मद से | | | | | | |
| 07 | 07/LNP/15/2024-25 | वार्ड सं0 12 अम्बाटीकर मोड़ मे स्थित तालाब के सेफ्टी वॉल का निर्माण कार्य। | 459400.00 | 9200.00 | 1000.00 | एक माह |
| 08 | Date of Publication of Tender on website | | 10.01.2025 at 11:00 AM | | | |
| 09 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 10 | Date start of submission of bids | | 11.01.2025 at 10:00 am | | | |
| 11 | Last Date/Time of submission of bids | | 25.01.2025 upto 03:00 pm | | | |
| 12 | Date of Technical & Financial Bid opening (online) | | 27.01.2025 upto 05:00 pm | | | |
| 13 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 14 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 15 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

**NOTE : Only e-Tenders will be accepted.**
**Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in**

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer
Nagar Panchayat, Latehar

PR 343979 Urban Development (24-25)_D


# तोपचांची झील जल्द बनेगा आकर्षक पर्यटन स्थल : हेमंत

## झारखंड को पर्यटन हब के रूप में पहचान देना लक्ष्य

### मुख्यमंत्री के समक्ष तोपचांची झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने संबंधित कार्ययोजना का पीपीटी प्रजेंटेशन रखा गया



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनायें है। राज्य सरकार धनबाद जिला स्थित तोपचांची झील को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने निमित्त बेहतर कार्य योजना के साथ आगे बढ़ रही है। तोपचांची लेक का पर्यावरण के अनुरूप सौंदर्यकरण कराकर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रकृति की आंचल में बसा राज्य है।

यह राज्य जंगलों, पहाड़ियों और नदियों से घिरा है। इस राज्य की खूबसूरती से देश एवं दुनिया के लोग परिचित हो, इस निमित्त टूरिज्म की संभावनाओं पर विशेष कार्य किया जा रहा है। आने वाले दिनों में झारखंड पर्यटन हब के रूप में पहचाना जा सके। इसके लिये पर्यटन विभाग, वन विभाग तथा नगर विकास विभाग बेहतर समन्वय स्थापित कर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे।

**पर्यटन स्थल के विकास से रोजगार सृजन होंगे :** मुख्यमंत्री के समक्ष शुक्रवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में अधिकारियों ने तोपचांची झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने संबंधित कार्ययोजना का पीपीटी प्रजेंटेशन रखा। मुख्यमंत्री ने तोपचांची लेक को विकसित किये जाने संबंधित प्रारूप के हरेक पहलुओं से अवगत हुये। बिंदुवार जानकारी लेते हुये अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्देश दिये।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन स्थल से स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो, इसका भी ख्याल अनिवार्य रूप से रखें।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि तोपचांची झील के विकसित होने से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर सृजन होंगे।

### ये होंगे आकर्षण का केन्द्र

तोपचांची झील और उसके आसपास 33 एकड़ भूमि टूरिस्ट हब के तौर पर विकसित किये जाने की योजना है। इसमें रिजॉर्ट, जंक्शन, प्लाजा, एक्टिविटी पार्क, सेंट्रल पार्क, नेचर पार्क, मोटर स्पोर्ट्स पार्क, म्यूजिक पार्क, फूड प्लाजा, कैफेटेरिया, बोटिंग, गो कार्ट जैसी सुविधायें पर्यटकों के लिये आकर्षण का केंद्र होगी। बैठक में राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, निदेशक पर्यटन अंजलि यादव एवं कंसल्टेंट एजेंसी समर्थ इंफ्राटेक सर्विसेस प्रालि के टाइटस नाईनन, रोहित कौशिक, साकेत चौहान एवं अन्य उपस्थित थे।

## बाजे-गाजे के साथ रघुवर दास ने फिर भाजपा की सदस्यता ली, कहा

# संघर्ष से उपजी पार्टी है भाजपा

### भाजपा मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रघुवर को दिलाई सदस्यता



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बाजे-गाजे के साथ समारोह पूर्वक पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने फिर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। शुक्रवार को श्री दास अपने समर्थकों के काफिले के साथ भाजपा मुख्यालय पहुंचे थे। भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर उन्हें पारंपरिक तरीके से स्वागत हुआ। बाबूलाल मरांडी ने पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर रघुवर दास का पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर श्री मरांडी ने कहा कि राजभवन में भी पार्टी के नीतियों के अनुरूप गांव गरीब की चिंता की रघुवर दास ने की। उन्होंने कहा कि रघुवर दास जी की सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम एक औपचारिकता है। ये प्रारंभ से पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजभवन में भी इन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संदेश को याद रखा। उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान जोर- शोर से चल रहा है।हम सभी मिलकर सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी और सर्व समावेशी भाजपा के निर्माण केलिये कार्य करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का हनीमून समाप्त होते ही भाजपा सरकार को वादे याद करायेगी। इस अवसर पर रघुवर दास ने कहा कि भाजपा मेरी मां है। आज मां के आंचल में लौटकर शुकून महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल पद गरिमा का है, जबकि संगठन गौरव का। उन्होंने कहा कि भाजपा संघर्ष से आगे बढ़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता केलिये नहीं राष्ट्र सेवा केलिये राजनीति करती है। हमारा उद्देश्य भारत को विश्व गुरु बनाना है। उन्होंने कार्यकताओं से समर्पण भाव से पार्टी कार्य करने का आह्वान किया। स्वागत भाषण डॉ रवींद्र राय ने दिया। उन्होंने कहा कि श्री दास के सक्रिय राजनीति में लौटने से कार्यकताओं ने उत्साह है। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि संवैधानिक पद पर रहते हुए भी रघुवर दास की आत्मा भाजपा में ही थी। सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद ने कहा कि 14 महीनों के बाद सक्रिय राजनीति में वापसी भाजपा को और मजबूती प्रदान करेगी। संचालन सांसद आदित्य साहू और धन्यवाद ज्ञापन सरोज सिंह ने किया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल, काली चरण सिंह, विधायक सीपी सिंह, नीरा यादव, नागेंद्र महतो, देवेंद्र कुंवर,आलोक चौरसिया, पूर्व विधायक अमर बाउरी, नीलकंठ सिंह मुंडा, आरती कुजूर, समरी लाल, रणधीर सिंह, मनोज कुमार सिंह, गणेश मिश्र, सुनीता सिंह, मनोज महतो,हेमंत दास, प्रदीप सिन्हा, शिवपूजन पाठक,रमेश सिंह,ललित ओझा,संजय जायसवाल,अशोक बड़ाइक, वरुण साहू, शशांक राज, आरती सिंह सहित दर्जनों उपस्थित थे।

## वर्द्धमान हटिया रद्द, वहीं हटिया खड़गपुर चलेगी



**रांची।** रांची रेल मंडल के अंतर्गत चार लेन वाले सिरमटोली, सड़क सह रेल ऊपरी पूल निर्माण कार्य को लेकर ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। जो ट्रेनें रद्द रहेंगी उनमें ट्रेन संख्या 13503 बर्द्धमान -हटिया एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ दिनांक 11/01/2025 से 15/01/2025 तक बर्द्धमान से रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 13504 हटिया- बर्द्धमान एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ दिनांक 12/01/2025 से 16/01/2025 तक हटिया से रद्द रहेगी।

**अब इस ट्रेन का परिचालन सामान्य रहेगा :** ट्रेन संख्या 18036/18035 हटिया -खड़गपुर - हटिया एक्सप्रेस को यात्रा प्रारंभ दिनांक 07/01/2025 से 16/01/2025 तक रद्द किया गया था लेकिन अब इन ट्रेनों का यात्रा प्रारंभ दिनांक 11/01/2025 से 16/01/2025 तक सामान्य परिचालन होगा।

## रघुवर के बीजेपी में वापसी से जनता को नहीं होगा लाभ : कैलाश

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद के महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के बीजेपी में वापसी करने पर कहा कि रघुवर दास एक असफल मुख्यमंत्री और राज्यपाल साबित हुए हैं। बीजेपी के शीर्ष नेताओं के आदेश पर पार्टी में वापसी महज एक इवेंट नाटक है और पार्टी में चल रहे भीषण घमासान को शांत करने की नाकाम कोशिश है। उन्होंने कहा कि उन्होंने हाथी उड़ाकर राज्यवासियों को बेवकूफ बनाने का काम किया और राज्य की जनता का पैसा बर्बाद किया। उनके पार्टी में वापसी होने से झारखंड की जनता को कोई लाभ नहीं होगा।

## चंद्रप्रकाश ने एसएसपी को पत्र लिखकर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई के दिए निर्देश

# कहा-सांसद का कार्यालय भी नहीं है सुरक्षित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने 9 जनवरी को कोयला माफिया संरक्षित गुंडों व असामाजिक तत्वों द्वारा फुलारी टांड़ ऑफिसर्स कॉलोनी बुदौड़ा स्थित आवासीय कार्यालय में लूटपाट एवं आगजनी कर लाखों की संपत्ति को दिनदहाड़े लूट कर ले जाने और सहयोगियों के साथ मारपीट एवं जानलेवा हमला करने की घटना को लेकर धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक को संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिस अधिकारी को प्राथमिकी दर्ज करने व आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का आदेश देने को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में वरीय पुलिस अधीक्षक से की गई कानूनी कार्रवाई से संबंधित प्रगति रिपोर्ट एक सप्ताह में मांगी है। उन्होंने इस तरह का पत्र जिले के उपायुक्त को भी लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि घटना वाले दिन वे रेलवे की बैठक को लेकर कोलकाता में थे तो उन्हें दूरभाष पर इस घटना की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से मारपीट जानलेवा हमला करने जैसा जघन्य अपराध को अंजाम दिया गया। इतना ही नहीं अपराधियों द्वारा बाघमारा अनुमंडल में तैनात एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह पर जानलेवा हमला कर हत्या का प्रयास किया गया, जो अपराधियों द्वारा जिला पुलिस को खुली चुनौती है तथा अपराधियों द्वारा जनमानस में भय व्याप्त करने का तरीका है। एसडीपीओ पर हमला किया जाना पुलिस बल पर घातक आघात है। एसडीपीओ जल्द स्वस्थ हो, ईश्वर से इसकी कामना करता हूं। उन्होंने पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि मामले की संवेदनशीलता व गंभीरता एवं संसद सदस्य के आवासीय कार्यालय में आगजनी तथा लूटपाट जैसे गंभीर कानून व्यवस्था पर मेरे प्रतिनिधि राम शंकर तिवारी द्वारा 9 जनवरी को जो ऑनलाइन प्राथमिक दर्ज करने के लिए लिखित शिकायत दिया गया है (जिसका कंप्लेन नंबर 722218 है।) के आलोक में तत्काल पुलिस थाना क्षेत्राधिकार के सक्षम पुलिस अधिकारी को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश निर्गत कर तत्काल अपराधियों की गिरफ्तार कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह विषय अति संवेदनशील है कि राज्य में संसद सदस्य का आवासीय कार्यालय सुरक्षित नहीं है।

# रिटायर खिलाड़ी भाजपा के पिच पर बैटिंग करने आये हैं : सुप्रियो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने सभी को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की राजनीति में वापसी पर तंज कसते हुए कहा कि राज्य में रिटायर खिलाड़ी भाजपा के पिच पर बैटिंग करने आए हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में हेमंत बाबू के बाउंसर से रघुवर दास पूरी तरह चोटिल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए भुवनेश्वर भेजा गया था।

सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि रघुवर दास ने खुले मंचों पर यह कहा था कि वह भाजपा के कार्यकर्ता हैं। राज्यपाल का चयन देश के राष्ट्रपति का कार्य होता है, ऐसे में यह चिंता का विषय है कि भाजपा के एक कार्यकर्ता को संविधान की रक्षा करने के लिए राज्यों में भेजा जाता है। सुप्रियो प्रेस कॉफ्रेंस में बोल रहे थे।

सुप्रियो ने आगे कहा कि रघुवर दास राज्य सरकार को 5 महीने तक सहयोग करना चाहते हैं और वह टकराव की बात भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अब टकराव के लायक नहीं रही, क्योंकि जनता ने उन्हें उस लायक नहीं छोड़ा है।

**कोयला मंत्री ने माना झारखंड का पैसा बाकी है:** सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि जब कोयला मंत्री झारखंड आए थे, तब उन्होंने माना था कि राज्य का पैसा बाकी है। आज बड़े स्तर पर उन्होंने यह कहा कि वह सीसीएल का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बना रहे हैं। सुप्रियो ने कहा, आप हमारे जमीन पर ही बना रहे हैं, यह कोई एहसान नहीं है। कहा कि भाजपा डरी-सहमी और हतोत्साहित है। जब कोई राजनीतिक पार्टी जनता का विश्वास खो देती है, तो वह जमीन पर खड़ी नहीं रह सकती। उन्होंने यह भी कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट को यह बताना पड़ रहा है कि भाजपा को झारखंड में अपना विधायक दल का नेता तय करना होगा, लेकिन भाजपा को विधायक दल का नेता नहीं मिल रहा है। विधायक सीपी सिंह और बाबूलाल जी अब भी आस लगाए बैठे हैं।

## कोयला मंत्री ने आईआईसीएम का दौरा कर युवा अधिकारियों किया संबोधित, कहा

# देश के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को अस्पताल आधारशिला समारोह के उपरांत कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने भारतीय कोयला खान संस्थान का दौरा किया, जहां उन्होंने युवा प्रबंधन प्रशिक्षुओं और-ज्योति कार्यक्रम- के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सभी महिला प्रतिभागियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, देश के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके योगदान को मान्यता देना आवश्यक है।

उन्होंने युवा पेशेवरों को यह संदेश दिया कि वे अपने कार्य को केवल एक रोजगार के रूप में न देखें, बल्कि इसे देश सेवा के एक अवसर के रूप में अपनाएं। उन्होंने युवाओं को अपने कार्यक्षेत्र में नई सोच और नवाचार को शामिल करने का भी आह्वान किया। श्री रेड्डी ने इस अवसर पर पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया ।

अन्य गणमान्य व्यक्तियों का संबोधन : कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त ने महिलाओं की भूमिका कोयला उद्योग में सशक्त बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कोयला क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाना और उनके साथ तालमेल बिठाना समय की मांग है।

अतिरिक्त सचिव कोयला, विस्मिता तेज ने महिला प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके योगदान को कोयला क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

कोल इंडिया के चेयरमैन, पी.एम. प्रसाद ने भी सभा को संबोधित करते हुए भारतीय कोयला खान संस्थान की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, आईआईसीएम कोयला क्षेत्र के युवाओं को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने और उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## खबर एक नजर में

### नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म के दोषी को बीस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शुक्रवार को नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार मांडर निवासी अभियुक्त होसने उरांव को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने उक्त आरोप में 4 जनवरी को दोषी करार दिया था। घटना को लेकर पीड़िता ने मांडर थाना में अप्रैल 2019 में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अभियुक्त पर आरोप है कि वह भतीजी के साथ किसी रिश्तेदार के यहां गया था। वहां से लौटते समय उसने भतीजी के साथ नदी किनारे ले जाकर जबरदस्ती की थी। साथ ही घटना की जानकारी किसी को नहीं देने को कहा था। घटना के दो दिनों बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी के बाद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### एचइसी को अल्टीमेटम, 245 करोड़ बिजली बकाया चुकता करो, नहीं तो काट देंगे बिजली

**रांची।** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम ने एचईसी को अल्टीमेटम दिया है। कहा है कि सात दिन के अंदर बिजली बिल का बकाया चुकता करें, नहीं तो बिजली काट दी जाएगी। एचईसी पर बिजली वितरण निगम का बकाया बढ़कर 245 करोड़ रुपए हो गया है। एचईसी में हर महीने चार करोड़ रुपए की बिजली की खपत होती है। जनवरी 2024 में एचईसी के पास वितरण निगम का बकाया 180 करोड़ रुपए था। 11 जनवरी 2024 को भी बिजली वितरण निगम ने एचईसी को अल्टीमेटम दिया था। कहा था कि 15 दिनों के अंदर बिजली बिल का भुगतान करें, नहीं तो बिजली काट दी जाएगी।

### तबादला हुए पुलिसकर्मियों को नहीं किया जा रहा विरमित, मुख्यालय ने जारी किया आदेश

**रांची।** तीन महीने पहले तबादला हुए पुलिसकर्मियों को विरमित नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जिले के एसपी के अलावा स्पेशल ब्रांच,सीआईडी, एटीएस, सीटीसी मुसाबनी, एसआईआरबी एसपी को आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा है कि पुलिस मुख्यालय के आदेश के माध्यम से पिछले तीन महीने के अंदर जिला और इकाई में पदस्थापित हवलदार सिपाही को अलग-अलग जिला इकाई में स्थानांतरित करते हुए पदस्थापित किया गया है। लेकिन वैसे पुलिसकर्मियों को विरमित कर भौतिक रूप से प्रस्थान कराये जाने के लिए अनुपालन पुलिस मुख्यालय को अब तक नहीं मिला है। इस स्थिति में निर्देश दिया जाता है कि जिन पुलिसकर्मियों को स्थानांतरित जिला में विरमित नहीं किया गया है, उन्हें दो दिनों के अंदर स्थानांतरित जिला इकाई के लिए विरमित कर पुलिस मुख्यालय को जानकारी उपलब्ध कराये।

### दो बांग्लादेशियों के खिलाफ ईडी की चार्जशीट दाखिल

**रांची।** घुसपैठ मामले में गिरफ्तार दो बांग्लादेशी नागरिक समेत चार आरोपियों के खिलाफ ईडी ने प्रारंभिक जांच पूरी करते हुये चार्जशीट दाखिल कर दी है। दाखिल चार्जशीट पर अदालत 18 जनवरी को सुनवाई करेगी। उसी दिन मामले में पीएमएल कोर्ट के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत संज्ञान ले सकती है। मामले में कोलकाता से गिरफ्तार दो बांग्लदेशी रॉनी मंडल और समीर चौधरी के साथ भारतीय नागरिक पिंटू हलधर एवं पिंकी बासु मुखर्जी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। इससे आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई है। आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत के साथ चार्जशीट दाखिल की गई है। मालूम हो कि ईडी ने घुसपैठ पर प्रहार करते हुए बीते 13 नवंबर को कोलकाता से चारों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने रॉनी और समीर के नाम पर बने फर्जी पासपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज भी बरामद किया है। दोनों नाम बदल कर भारत में रह रहा है। पूछताछ में दोनों ने खुद को बांग्लादेशी होने की बात स्वीकार की है।

### हरमू रोड श्रीश्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी मनी

**रांची।** श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा संचालित हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शुक्रवार को पुत्रदा एकादशी के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जो देर रात तक क्रमानुसार चलता रहा। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि प्रातः 5.30 बजे मंगल आरती - बाल भोग, प्रातः 8.30 बजे प्रातःकालीन श्रृंगार करके श्रृंगार आरती की गयी। मंदिर में प्रातः से भक्तों की भारी भीड़ रही है। 12 बजे भोग अर्पित करने के बाद शंख आरती करके विश्राम के लिए मंदिर कर दिया गया। पुत्रदा एकादशी को मुख्य समारोह की तैयारी प्रारंभ की गयी। सायंकालीन विशेष अनुपम श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए विभिन्न प्रकार रंग - विरंगी फूलों की मोटी-मोटी मालाओं से खाटूनरेश का मनोहारी श्रृंगार किया गया। खाटूनरेश को केशरिया नवीन पौशाक (बागा) पहनाया गया।

# अफीम की अवैध खेती को नष्ट करने को लेकर गृह सचिव और डीजीपी ने की बैठक, दिये निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** जिले के बुंडू में अवैध अफीम की खेती के नष्ट करने को लेकर गृह सचिव और डीजीपी ने शुक्रवार को बैठक की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने अफीम की खेती को पूरी तरह रोकने लिए के सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। गृह सचिव और डीजीपी ने विशेष रूप से उन सभी मामलों की समीक्षा की, जिसमें बड़े पैमाने में अवैध मादक पदार्थ बरामद हुए हैं। अवैध मादक पदार्थ का सेवन, खेती,व्यापार की रोकथाम के लिए व्यापक रूप से समीक्षा करते हुए संयुक्त रूप से कई दिशा निर्देश दिये गए।

**वन विभाग और पुलिस आपसी समन्वय स्थापित कर करें कार्रवाई :** गृह सचिव और डीजीपी ने कहा कि अवैध अफीम की खेती की रोकथाम के लिए संबंधित एजेंसी राजस्व विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग और पुलिस विभाग सूचना संकलन कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से अवैध अफीम की खेती किये जाने वाले जमीन (स्थल) सरकारी, रैयती एवं वन भूमि का पता लगाकर आवश्यकतानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई करें। रांची और खूंटी जिला अफीम की खेती को लेकर सर्वाधिक प्रभावित जिला हैं।

इन जिलों में अवैध अफीम की खेती की पूर्ण रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रायः यह देखा गया है कि जिन भूमि में अफीम की खेती की जाती है, उसे विनष्टीकरण के बाद थाना में सनहा दर्ज किया जाता है, जो उचित नहीं है,जिस भी भूमि पर अवैध अफीम की खेती का विनष्टीकरण किया जाता है, तो उसके आलोक में निश्चित रूप से प्राथमिक दर्ज किया जाए।

### विशेष शाखा और एनसीबी की सूचना पर करें कार्रवाई

विशेष शाखा और एनसीबी से प्राप्त सूचना के सत्यापन के बाद तुरंत कार्रवाई करना सुनिश्चित की जाए। यदि कोई थाना प्रभारी प्राप्त सूचना के आधार पर वांछित कार्रवाई नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। मानकी, मुण्डा, मुखिया, जनप्रतिनिधियों एवं महिला समिति से सम्पर्क कर उनका सहयोग लेते हुए साथ ही ड्रोन कैमरा का प्रयोग कर सूचना संकलित करते हुए वांछित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

# ब्राउन शुगर के कारोबार का मास्टरमाइंड कन्हैया कुमार सहित तीन गिरफ्तार

## बिहार की भाभी जी है सप्लायर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नशे के सौदागरों के खिलाफ रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुखदेव नगर इलाके से तीन ब्राउन शुगर तस्करों को गिरफ्तार किया है। तीनों तस्कर बिहार के सासाराम से ब्राउन शुगर लाकर रांची में बेचा करते थे। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने विद्यानगर स्थित बड़ा मैदान में कार्रवाई करते हुए कन्हैया कुमार समेत तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनमें कन्हैया कुमार, हिमांशु ठाकुर और राकेश कुमार शामिल है, इनके पास से ब्राउन शूगर 12 ग्राम बरामद किया गया।

**सासाराम की भाभी जी है सरगना :** राजधानी में ड्रग्स का कारोबार करने वाले तस्कर बिहार के सासाराम से ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थ तस्करी करके रांची में लाते हैं। बिहार के सासाराम की रहने वाली एक महिला जिसे तस्कर भाभी जी के नाम से जानते हैं, वह ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थों की सप्लाई करती है। पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के द्वारा सुखदेव नगर इलाके से 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन ड्रग्स पैडलर को गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के बड़ा मैदान के पास कुछ ड्रग्स पैडलर ब्राउन शुगर बेच रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद पुलिस की एक टीम गठित कर नशे के तस्करों को दबोचने के लिए भेजी गई। बड़ा मैदान से तीन ड्रग्स पैडलर ब्राउन शुगर बेचते हुए रंगे हाथ धरे गए।

**ब्राउन शुगर भी बरामद :** तीनों ड्रग्स पैडलर्स को गिरफ्तार करने के बाद जब उनकी तलाशी ली गई तो गिरफ्तार कन्हैया के पास से 10.46 ग्राम, हिमांशु ठाकुर के पास से सात पुड़िया और राकेश कुमार के पास से छह पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि रांची में ब्राउन शुगर का मुख्य सरगना कन्हैया कुमार ही है। कन्हैया कुमार रांची के कई इलाकों में ब्राउन शुगर की सप्लाई किया करता था।

### कन्हैया ने किया तौबा

ब्राउन शुगर के तस्कर कन्हैया को जब रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लाया तब वह हाथ जोड़कर पुलिस से मिन्नत करने लगा कि आगे कभी वह ब्राउन शुगर के कारोबार में नहीं जाएगा। उसने ब्राउन शुगर बेचने वाले दूसरे तस्करों से भी अपील की है कि वे लोग इस धंधे को छोड़ दे।

### भाभी जी को गिरफ्तार करेगी पुलिस

गिरफ्तार ब्राउन शुगर के सप्लायर कन्हैया कुमार ने पुलिस को बताया है कि वे लोग सासाराम की एक महिला जिसे सभी भाभी जी नाम से संबोधन करते हैं। उसी से वह ब्राउन शुगर खरीदते हैं और रांची में लाकर उसकी सप्लाई करते हैं। रांची पुलिस की एक टीम बिहार पुलिस के संपर्क में है ताकि भाभी जी को भी गिरफ्तार किया जा सके।

# 15 दिनों के अंदर जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र हो तैयार : शिल्पी नेहा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 15 दिनों के अंदर जन्म_ मृत्यु प्रमाण पत्र का लाभ देने का निर्देश दिया है। लापुंग प्रखंड कार्यालय में सरकारी योजनाओं को लेकर आयोजित बैठक के दौरान शुक्रवार को मंत्री ने कहा कि अक्सर जन्म _ मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर शिकायत मिलती है। ग्रामीण इलाकों में लोगों को इसके लिए पंचायत सचिवालय से लेकर प्रखंड कार्यालय तक के चक्कर लगाने पड़ते है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पंचायत सचिव को जन्म_ मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया 15 दिन के अंदर पूर्ण कर लेने को कहा है।

लापुंग में अधिकारियों के साथ समीक्षा के दौरान कुआं निर्माण में हुई गड़बड़ी का मामला भी सामने आया .।बगैर काम पूरा हुए राशि की निकासी से लेकर योजना के बंदर बांट को लेकर मंत्री नाराज दिखी । मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की योजनाओं में किसी तरह की कोई लापरवाही वो बर्दाश्त नहीं करेंगी ।

### रघुवर के रूप में भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा सामने आया : कांग्रेस

**रांची।** रघुवर दास द्वारा पुनः भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने तंज कसते हुए कहा कि एक बार फिर भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा सामने आया। उन्होंने ने कहा कि यही रघुवर दास जब इस राज्य के मुख्यमंत्री थे तो आदिवासियों की अस्मिता से जुड़े सीएनटी, एसपीटी एक्ट में संशोधन का प्रस्ताव लाया और आज रघुवर दास को संस्कृति की याद आयी। अपने शासन काल में जिस प्रकार झारखण्ड की अस्मिता और संस्कृति को खत्म करने का प्रयास किया यह किसी से छिपा नहीं है। श्री सिन्हा ने कहा कि छूटे हुए कारतुस से अब कुछ नहीं हो सकता, खरमास का बहाना कर विधायकदल का नेता नहीं चुन पाने वाली पार्टी आज खरमास में सदस्यता कैसे दिलवा रही है। यही कारण है कि भाजपा के कई बड़े नेता रघुवर दास के सदस्यता ग्राहण समरोह में शामिल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि 5 वर्षों तक राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने वाले रघुवर दास ने राज्य को विकास के मामले में एक दशक पीछे धकेल दिया था।

# आइटी टावर युवाओं के लिए रोजगार का नया द्वार खोलेगा : हेमंत सोरेन

## मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखण्ड का डिजिटल युग की ओर बढ़ते कदम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य को तकनीकी और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल के तहत नामकुम में स्थित आईटी टावर झारखंड को डिजिटल युग की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिये तैयार है। यह अत्याधुनिक आईटी टावर ना केवल झारखंड की तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करता है। बल्कि राज्य के युवाओं के लिये रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। उन्होंने इस परियोजना की प्रशंसा करते हुये कहा कि आईटी टावर झारखण्ड के युवाओं के लिये कौशल विकास और रोजगार का एक नया द्वार खोलेगा। यह राज्य को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनने में मदद करेगा।

**तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र :** इस आईटी टावर को झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की देखरेख में विकसित किया गया है, जो तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिये एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इसकी संरचना जी- 5 फ्लोर की है और क्षेत्रफल लगभग 40,000 वर्ग फीट है।

**30 वर्ष के पत्ते का किया गया प्रावधान :** औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने नामकुम औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अत्याधुनिक आईटी टावर के 30 वर्षों के लिये के लिए प्रतिष्ठित संगठनों और योग्य आईटीआईटीईएस क्षेत्र की संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 15.02.2025 है। इस परियोजना के माध्यम से झारखंड सरकार राज्य को डिजिटल रूप से सशक्त और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईटी टावर ना केवल रांची, बल्कि पूरे राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# श्री श्याम सेवा समिति चुटिया का द्वितीय वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रामेश्वर लाल पोद्दार स्मृति भवन में श्री श्याम सेवा समिति चुटिया का द्वितीय वार्षिक उत्सव शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। श्री राम मंदिर चुटिया से श्याम बाबा के निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में महिला- पुरुष श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा का निशान उठाया साथ ही पूरे रास्ते में श्याम बाबा की जय- जयकार एवं जगह-जगह निशान यात्रा का भरपूर स्वागत फूलों की वर्षा से की गई । निशान यात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर बाबा का निशान सजे- धजे श्री श्याम बाबा के दरबार में निशान को समर्पित किया गया। इसके बाद के.के.पोद्दार, फतेहचंद अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, मदनलाल अग्रवाल, विश्वनाथ सिंघानिया, कमल अग्रवाल एवं गोपी कृष्ण अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से सनातन का प्रचार - प्रसार एवं धर्म के प्रति आस्था आती है। फतेहचंद अग्रवाल ने भी प्रशंसा करते हुए समाज को इसी प्रकार अन्य सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया । अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने सम्मानित अतिथियों के स्वागत में कार्यक्रम की रुपरेखा बताई एवं कहा कि आप सबों के प्रयास से यह भव्य कार्यक्रम हो पाया है। इस मौके पर संयोजक दीपक अग्रवाल, विश्वनाथ सिंघानिया ,गोपी कृष्ण अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, अमित शर्मा, हरिशंकर शर्मा, प्रदीप मोदी, राजेश, मनोज चौधरी ,कमल अग्रवाल ,अरुण केड़िया, दीपक अग्रवाल ,मनोज अग्रवाल, शिवकुमार केड़िया, जूली अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, परमेश्वरी जोशी,वीणा माहेश्वरी, दीपा शर्मा, उर्मिला सिंघानिया ,शिखा अग्रवाल, स्वाति सिंघानिया मौजूद थी।

# खूंटी और सिमडेगा में कांग्रेस ने आंबेडकर सम्मान मार्च निकाला

## बीएसएफ के आईजी मिले सीएम से



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में बीएसएफ आईजी केएस बनियाल, बीएसएफ डीआईजी गणेश, बीएसएफ डिप्टी कमांडेंट विनोद एवं संत जेवियर्स एक्सआईएसएस के फादर अजीत खेस ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से उन्हें नूतन वर्ष की मंगलकामनायें दी।

## पशु क्रूरता और तस्करी पर रोक लगाने की जरूरत : ओम सिंह

रांची। पशु क्रूरता निवारण समिति की कार्य समिति की बैठक ओम प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। श्री सिंह ने कहा कि पशु क्रूरता पर रोक आवश्यक है। उन्होंने पशु क्रूरता तथा पशु तस्करी की घटनाओं पर गहन चिंता प्रकट की। बैठक में एसपीसीए के निरीक्षकों को शीघ्र पस्थापित करने का निर्णय लिया गया। समिति के वरीय उपाध्यक्ष पूर्व डीआइजी जितेंद्र कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक में समिति के सचिव डॉक्टर हरे राम सिंह, संयुक्त सचिव राम सुभग सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता शीला कुमारी उपस्थित थे।

- वक्ताओं ने कहा-बाबा साहेब के अपमान के खिलाफ तथा संविधान की रक्षा के लिए अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान के तहत शुक्रवार को खूंटी एवं सिमडेगा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। मार्च में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं झारखंड के सह प्रभारी सीरीबेला प्रसाद तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सम्मान मार्च में अपने संबोधन में सीरीबेला प्रसाद ने कहा कि इस देश का संविधान कांग्रेस ने दिया, हर जाति हर वर्ग का अधिकार दिया, हर एक के जीवन में बदलाव लाने के लिए अधिकार दिए गए। भाजपा संविधान के खिलाफ है। इन लोगों ने डॉक्टर अंबेडकर का संसद में अपमान किया, इसका मतलब है कि भाजपा साधारण जनता के अधिकारों के खिलाफ है। महिलाओं, अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति, जनजाति के अधिकारों के खिलाफ है। इस देश में जो हो रहा है वह जनता के खिलाफ है, भाजपा को इसे बंद करना चाहिए। भाजपा स्वतंत्रता और संविधान की विरोधी है। इस देश के इतिहास से उनका विरोध है। बाबा साहेब के अपमान के खिलाफ तथा संविधान की रक्षा के लिए अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संविधान प्रणेता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से देश उद्वेलित और आक्रोषित है। भाजपा संविधान का शुरू से ही विरोधी रही है, लोकतंत्र की मर्यादा पर प्रहार करना उनका राजनीति एजेंडा है। संविधान को बदलकर आरक्षण और समानता के अवसर को समाप्त करना ही उनका मकसद है। संविधान के शिल्पकार डॉ आंबेडकर द्वारा परिकल्पित सदन लोकसभा में ही उनका अपमान भारतीय संसद के इतिहास में एक स्याह पन्ने के रूप में अंकित हो गया जो कभी मिट नहीं सकता। उनकी कोशिशों को जनता ने लोकसभा चुनाव में झटका दे दिया है तो यह संविधान बदलाव का दूसरा रास्ता तलाश रहे हैं।


मार्च में विधायक नमन विक्सल कोनगारी, भूषण बाड़ा, प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी, रियाजुल अंसारी, अमरेंद्र सिंह, रवि मिश्रा, कृष्णा चौधरी, सीमा सीता एक्का, डेविड तिर्की सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत और राजेश ठाकुर अस्पताल जाकर कड़िया मुंडा का हाल जाना



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं गौ सेवा आयोग झारखंड के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और झारखण्ड के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा जी का रांची स्थित मेडिका अस्पताल पहुंचकर कुशलक्षेम जाना। नेताओं ने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेकर उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु कहा। कांग्रेस नेताओं ने कड़िया मुंडा जी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की।

## विधानसभा स्पीकर ने की रेलवे अधिकारियों संग बैठक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में सदस्यों व पूर्व सदस्यों को दिये जाने वाले रेलवे पास के मामले को लेकर साउथ ईस्ट रेलवे के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को देय सुविधा के तहत रेलवे पास का झारखंड विधान सभा सचिवालय को विगत एक वर्ष से आपूर्ति नहीं किये जाने से संबंधित थी। इस संबंध में सभा सचिवालय द्वारा दिसम्बर, 2023 को एक करोड़ रुपये की मांग की गयी थी, परंतु साउथ ईस्ट रेलवे द्वारा अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। स्पीकर ने उपलब्ध नहीं कराने को लेकर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज करायी। उन्होंने कहा कि इसके चलते सभी सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को रेलवे यात्रा में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

मौके पर अर्जुन मजुमदार ने बैठक में स्पीकर को यह स्पष्ट किया कि कूपन मुद्रण से संबंधित कार्रवाई ली जा चुकी है, 45 दिनों के अंदर सभा सचिवालय को रेलवे कूपन उपलब्ध करा दिया जायेगा। विदित हो कि रेलवे के पदाधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि कॉमर्शियल जोन के रेलवे मुद्रणालय बंद हो जाने के कारण रेलवे कूपन मुद्रण में विलम्ब हो रही है। परंतु वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कूपन का मुद्रण कराये जाने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। बैठक में श्री अनिल कुमार सिंह उपस्थित थे।

**खबर एक नजर में**

### रघुवर दास हैं जनता के खास : कमाल खान




**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को सदस्यता ग्रहण कर सक्रिय राजनीति में वापसी की। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता कमाल खान ने कहा कि रघुवार दास के वापस आने से पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित सभी नेताओ में हर्षोल्लास का माहौल है। श्री दास अति कुशल, कर्मठ एवं अनुभवी राजनेता हैं। साथ ही सभी समुदाय के लोकप्रिय नेता माने जाते हैं।

### भाजपा में रघुवर आयें या मरांडी जायें अब भाजपा का सत्ता में आना मुंगेरीलाल के हसीन सपने

**रांची।** भाजपा में रघुवर दास पुनः आयें या मरांडी जायें अब झारखंड की सत्ता में भाजपा का आना मुंगेरीलाल के हसीन सपनों की तरह है। ये बातें शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपाई लोग कितना ही नाटक कर लें, मगर झारखंड की जनता ने इनके 17 वर्षो के कार्यकाल को देखा है और इनके द्वारा किये गये झारखंड विरोधी कार्यो के प्रति ही भाजपा को सत्ता से बेदखल किया है। वे सौ प्रतिशत आदिवासी मूलवासी विरोधी नेता हैं और आदिवासी मूलवासी समाज के लोग भी इन्हें एक पैसा पंसद नहीं करते हैं।

### अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में पुत्रदा एकादशी उत्सव का आयोजन



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में पुत्रदा एकादशी उत्सव अत्यन्त श्रद्धा भक्ति के साथ उत्साह पूर्वक शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम देव को प्रातः नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर गुलाब, रजनीगन्धा, जरबेरा, गुलदाऊदी, बेला, गेंदा से मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवं बजरंगबली का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे पावन ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण कतार में लगकर पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल की कामना कर रहे थे। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, गोपी किशन ढांढनियां, राजेश सारस्वत, प्रियांश पोद्दार, विकाश पाड़िया, विवेक ढांढनियां, नितेश केजरीवाल, ज्ञान प्रकाश बागला, जितेश अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

## 339 पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यो का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में संचालित 339 पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यो/प्रभारी प्राचार्यो, जिलों में पीएम के नोडल पदाधिकारी की भूमिका में कार्यरत एडीपीओ के लिए आयोजित दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। इस उन्मुखीकरण कार्यशाला में गुणवत्त शिक्षा के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अविनव कुमार ने प्राचार्यो एवं प्रभारी प्राचार्यो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निर्देशित सिद्धांतो, पीएम श्री विद्यालयों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं समेत विभिन्न विषयो पर मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला के दौरान बजट पर भी सत्र आयोजित किया गया। जिसमे जेईपीसी के अतिरिक्त वित्त नियंत्रक ओपी मिश्रा ने प्राचार्यो/प्रभारी प्राचार्यो को मार्च तक पीएम श्री स्कूलों के लिए स्वीकृत बजट की शत प्रतिशत राशि उपयोग करने का निर्देश दिया, साथ ही वित्त संबंधी मामलो पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## आंदोलनकारी जस्टिस एलपीएन शाहदेव की मनी 13वीं पुण्यतिथि

- पूर्व सीएम रघुवर दास, चंपई सोरेन, बाबूलाल मरांडी, सुदेश महतो सहित दर्जनों ने दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 13वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को मनायी गयी। सूचना भवन स्थित जस्टिस एलपीएन चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। सबसे पहले श्रद्धांजलि देने वालों में जस्टिस शाहदेव की ज्येष्ठ पुत्री कृति सिंह, पुत्र प्रतुल शाहदेव, पुत्रवधू डॉ विद्या झा शाहदेव एवं पौत्र शौर्य प्रताप शाहदेव शामिल हुये। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 13वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि जस्टिस एलपीएन शाहदेव न्यायिक सेवा में होते हुये भी झारखंड आंदोलन को उन्होंने बिना किसी दल के बंधन में बंधे अपनी बौद्धिक ऊर्जा से सींचा था। आने वाली पीढ़ियों को उनके दिखाये गये मार्ग का अनुसरण करना चाहिये। इस अवसर पर रघुवर दास ने कहा कि जब बिहार की तत्कालीन राजद सरकार के मुखिया ने अलग झारखंड राज्य का विरोध किया था, तब पूर्व जस्टिस शाहदेव ने आंदोलन को अपनी बौद्धिक ऊर्जा दी थी। उनके नेतृत्व में विभिन्न दलों से जुड़े आंदोलनकारियों ने पहले माटी, फिर पार्टी का नारा लगाते हुये आंदोलन को अंतिम मुकाम तक पहुंचाने में सहयोग दिया था। उन्होंने कहा कि मुझे आज भी याद है कि वे पहले पूर्व जस्टिस थे, जिन्हें आंदोलन के दौरान हिरासत में लिया गया था। झारखंड आंदोलन में उनका योगदान और यहां के आदिवासियों-मूलवासियों के प्रति उनका समर्पण आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, सांसद आदित्य साहू, फादर अजीत खेस, रणधीर सिंह, किशोर नाथ शाहदेव, देवशरण भगत, बनवाली मंडल, विनय सिन्हा दीपू, राजीव रंजन प्रसाद, धर्मेंद्र तिवारी, कैलाश यादव, त्रिवेणी नाथ साहू, सागर कुमार, ललित ओझा, संजय जायसवाल, लाल विजय शाहदेव, आलमगीर अंसारी, सुरजीत सिंह, ज्ञानरंजन सिंह, उदय चौहान ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा ने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन

- पेट्रोल पंप में काम करने वाली बहनों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची ने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इनरव्हील क्लब दुनिया में महिलाओं की दूसरी सबसे बड़ी संस्था है। सबसे पहले स्वर्णरेखा रांची की सदस्य डीपीएस स्कूल के सामने पेट्रोल पंप में काम करने वाली बहनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया, दूसरे कार्यक्रम के तहत खूंटी रोड में स्थित मोमेंट रिसोर्ट में काम करने वाली महिलाओं को गर्म कपड़े उपहार स्वरुप दिये। इसके साथ-साथ क्लब द्वारा खेल कूद का भी आयोजन किया गया।

मौके पर क्लब की सदस्यों द्वारा केक काटा गया। क्लब की अध्यक्ष दीपा चौहान, उपाध्यक्ष सोमा भादुड़ी, सचिव नीता शेखर, कोषाध्यक्ष अर्चना त्रिवेदी, आईएसओ शालिनी सिन्हा, डिस्ट्रिक्ट आइएसओ नीता नारायण, देवजानी सन्याल ज्योति तिवारी, आभा सिंह, मीना सहाय, अनिता जेसवाल, रीता वर्मा, छवि प्रसाद, डौली दुबे, रीकू बनर्जी, अम्बुजा शरण, नीलम अखोडी, मंजू सिंह, सुप्रीता लाल, अनुपमा चौधरी, कामिनी प्रसाद, कामिनी भारती, मीना सहाय, प्रीति वर्मा, ममता नारायण, मनीषा सिंह मौजूद थी।

## बच्चों के लिए सर्दियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सर्दी भारत में सबसे प्रतीक्षित मौसमों में से एक है, लेकिन यह सर्दी-खांसी और श्वसन संबंधी समस्याओं जैसी कई बीमारियों को भी साथ लेकर आती है। जो इस मौसम में सबसे अधिक प्रचलित हैं और आमतौर पर कम प्रतिरक्षा के कारण होती हैं। च्यवनप्राश लगभग 3000 साल पुराना और प्रसिद्ध आयुर्वेदिक नुस्खा है।

शुक्रवार को रांची में विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के 250 से अधिक बच्चों के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की गई। सत्र का उद्देश्य बच्चों को सर्दियों में बीमारियों से लड़ने के लिए जागरूक करना था। इस कार्यक्रम के दौरान संस्थापक सुरेश सा भी मौजूद थे। इस अवसर पर डाबर के सीएसआर और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस के प्रमुख दिनेश कुमार ने कहा डाबर च्यवनप्राश 100 से अधिक वर्षों से प्रत्येक भारतीय को सबसे मजबूत प्रतिरक्षा हासिल करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। बीएचयू के एम.डी. आयुर्वेद डॉ. परमेश्वर अरोड़ा ने कहा कि मौसमी परिवर्तन के दौरान तापमान में अचानक बदलाव होता है, जिससे खांसी, जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियां होती हैं। सर्दी, खांसी, सांस की समस्या आदि जैसी बीमारियों से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना एक प्रभावी तरीका है।

## ऐसे पुलिस अधिकारी जिन्होंने खाकी के बाद थामा खादी का हाथ

- कभी थे तेजतर्रार पुलिस अधिकारी, अब राजनीति में हैं चर्चित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में ऐसे कई पुलिस अधिकारी हैं, जिन्होंने खाकी के बाद खादी का हाथ थामा है। इन्हीं में एक नाम है दयानन्द प्रसाद सिंह। जिन्होंने पुलिस की नौकरी के बाद खादी का हाथ थामा है और आज अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस पार्टी का सारा दामोदार इन्हीं के कंधों पर है। इनका जन्म बिहार के पटना जिलान्तर्गत ग्राम-भावनचक, थाना- बाढ़ के एक पिछड़ा ग्राम के एक गरीब किसान परिवार में हुआ, जो बाढ़ग्रस्त क्षेत्र है। प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा गांव के प्राईमरी स्कूल से लेकर मिडिल स्कूल तक हुई और बाद में ए.एन.एस. महाविद्यालय से स्नातक किये। इसके बाद साक्षर सिपाहियों की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ट्रेनिंग के पश्चात कानून में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मनचाहा जिला में स्थानांतरण होकर पलामू (डाल्टेनगंज) भेजा गया। वहां पुनः पुलिस में पदोन्नति के लिए लिखित परीक्षा हुई और बिहार प्रांत में 32वां स्थान प्राप्त हुआ और सहायक अवर निरीक्षक में पदोन्नति हो गई।


### शिबू सोरेन के हमेशा प्रिय रहे

1985-87 के बीच शिबू सोरेन और जमींदार रामभजन साव के बीच जमीन का विवाद ग्राम नेमरा रौरौ में लम्बी अवधि से चला आ रहा था। यहां तक कि गुरु जी के पिता सोबरन मांझी जो गांव के स्कूल में शिक्षक भी थे, उनकी हत्या जमींदार द्वारा डाकागाढ़ा (बंगाल) में करा दिया गया था। तब तत्कालीन पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा दयानन्द प्रसाद सिंह थाना प्रभारी को पदस्थापित किया गया और अपनी कार्य कुशलता के बल पर इलाके में शांति स्थापित कराने में सफलता हासिल की। इसके साथ श्री सिंह लगभग सात वर्षों तक शिबू सोरेन के सलाहकार के रूप में तैनात रहे और वर्ष 2013 के दशक में तमाड़ विधानसभा से उपचुनाव शिबू सोरेन चुनाव हार गये। जिसके बाद इन्होंने अपना पद त्याग दिया।

### शुरू से रहे हैं तेजतर्रार पुलिस अधिकारी

दयानन्द प्रसाद सिंह शुरू से ही तेजतर्रार पुलिस अधिकारी रहे। ये तब की बातें हैं जब भुरकुण्डा थाना, गिद्दी थाना, गोरहर थाना में पदस्थापित किया गया। भुरकुण्डा थाना में रेलीगढ़ा कोलियरी में आई.पी.एफ. एवं मार्क्सवादी कॉओर्डिनेशन कमेटी के बीच कोयला लोडिंग प्वाईंट पर वर्चस्व को लेकर गोली, तीर, तलवार से हमला जिसमें नौ व्यक्तियों की हत्या हो गई और बिहार विधानसभा की कमेटी जांच करने आयी। थाना प्रभारी द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी मुश्तैदी से की गई और अमन, चैन, शांति बहाल रखने में सफलता हासिल हुई। तत्कालीन समय में अजय कुमार सिंह रामगढ़ अनुमण्डल के ए.एस.पी. ट्रेनिंग थे तब उनका अहम रोल रहा।

### डॉ सी जगनाथन बने एसबीयू के कुलपति



**रांची।** डॉ सी जगनाथन को सरला बिरला विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। उन्होंने शुक्रवार को विवि के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक स्थित कुलपति कार्यालय में अपना पदभार संभाला। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित रहे। डॉ. जगनाथन ने स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई मदुरै कामराज यूनिवर्सिटी से की है, बाद में उन्होंने नीदरलैंड्स से जियोइनफॉर्मेटिक्स में मास्टर्स और फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, देहरादून से पीएचडी की पढ़ाई की। वे इसरो में वैज्ञानिक सहायक/वैज्ञानिक पद पर कार्य करने के अलावा यूके के साउथैंपटन विश्वविद्यालय में वरिष्ठ रिसर्चर के तौर पर भी काम कर चुके हैं। अध्यापन और शोध के क्षेत्र में उनका तीन दशकों का लंबा अनुभव रहा है। इस दौरान उनके एक सौ पचास से ज्यादा रिसर्च पेपर और पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका है। पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे बीआईटी, मेसरा के डिपार्टमेंट ऑफ रिमोट सेंसिंग में प्रोफेसर, एचओडी एवं डीन जैसे पदों पर रहे। देश-विदेश के कई फंडेड रिसर्च प्रोजेक्ट में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। डॉ. जगनाथन की नियुक्ति पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक एवं सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### साइबर ठगी कर रहे तीन युवक गिरफ्तार



**रांची।** साइबर ठगी कर रहे तीन युवकों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन साइबर अपराधियों को खेलगांव थाना क्षेत्र के पेरतोल गांव स्थित एक निमार्णाधीन मकान से पकड़ा है। जिनमें मनोरंजन कुमार, निकु कुमार और अखलेश कुमार शामिल हैं। इनके पास से छह मोबाइल, विभिन्न बैंकों का नौ एटीएम कार्ड, एक फर्जी बैंक खाता का एक चेकबुक, एक कार बरामद किया गया। इनलोगों के द्वारा रिलायंस फाइनेंस कम्पनी के नाम पर लोन देने और डॉक्टर अपॉइन्टमेंट, बैंक कस्टमर केयर, फ्लिपकार्ड कस्टमर केयर आदि विभिन्न प्रकार से एप बना कर लोगों से साइबर ठगी करते थे। शुक्रवार को सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत मेधावी छात्र छात्राओं को कराया जायेगा शैक्षणिक भ्रमण

## झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिलों को भेजा पत्र, 15 जनवरी तक छात्रों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत राज्य के 2400 मेधावी छात्र छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए शुक्रवार को भारत सरकार के रेल मंत्रालय के उपक्रम भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत इस भ्रमण में राज्य के सभी जिलों के 100 मेधावी छात्र छात्राओं समेत 3 सुपरवाइजर को शामिल किया गया है। आईआरसीटी द्वारा तीन चरणों में छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया जायेगा। प्रथम चरण के तहत आठ जिलों के 800 विद्यार्थियों को दिनांक 20 जनवरी से 23 जनवरी तक वाराणसी का भ्रमण कराया जायेगा। इसके बाद दूसरे चरण में दिनांक 25 जनवरी से दिनांक 27 जनवरी तक पुरी का, और तीसरे चरण के तहत दिनांक 30 जनवरी से दिनांक 2 फरवरी तक कोलकाता का भ्रमण कराया जायेगा। शैक्षणिक भ्रमण की जानकारी देते हुए एसडीईओ अभिषेक झा ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का उद्देश्य स्कूली स्तर पर नवाचार को प्रोत्साहित करने के साथ साथ मेधावी छात्रों में सृजनात्मक सोच को बढ़ावा देना है। भ्रमण की जानकारी देते हुए आईआरसीटी पर्यटन के अपर महाप्रबंधक कृष्णा कुमार सिंह ने बताया कि छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए रेलवे की ओर से 'भारत गौरव ट्रेन' की व्यवस्था की गयी है। यह ट्रेन भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्थलों, और धार्मिक परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गयी है।

### इन क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को कराया जायेगा भ्रमण

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिन 2400 मेधावी छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया जायेगा। उनमे आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं, खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं, ओलिंपियाड अथवा राज्य एवं राष्ट्रस्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राएं तथा वैसे छात्र-छात्राएं शामिल है जो यात्रा करने में सक्षम हो। इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा सभी जिलों को पत्र भेजकर दिनांक 15 जनवरी तक छात्र छात्राओं की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। भ्रमण के संबंध में दिनांक 15 जनवरी को राज्य शिक्षा परियोजना परिषद में जिलों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी निर्धारित की गयी है।

## जागरूकता के साथ विकास का संकल्प ले तुरी समाज : बंधु तिर्की

**रांची।** झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा है कि अति प्राचीन काल से पूरे समाज में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता के साथ अपना अस्तित्व कायम रखने वाले तुरी समुदाय को अपनी पूरी जागरूकता और दूरदृष्टि के साथ अपने विकास का संकल्प लेने की जरूरत है। श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस की सहभागिता वाली इंडिया गठबंधन की सरकार इस बात का पूरा प्रयास कर रही है कि झारखंड में सभी जातियों, जनजातियों और हर समुदाय का सरकार के सहयोग से समन्वित, सार्थक और तेजी से विकास हो। शुक्रवार को रांची के दीनदयाल नगर में तुरी समाज के उत्थान, विकास और भागीदारी विषय पर आयोजित संयुक्त तुरी संवाद का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के विविध जिलों के तुरी समुदाय के लोग शामिल हुये। संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये मोतीलाल मिर्धा ने कहा कि परंपरागत रूप से तुरी समाज अनुसूचित जनजाति है। लेकिन जिस प्रकार से इसे अनुसूचित जाति की श्रेणी में डाला गया है और वन पप्ता के मामले में बहुत सारी प्रतिकूल बातें खुलकर सामने आ रही है। बैठक में झारखंड राज्य विपणन बोर्ड के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, रमा खलखो, किशोरनाथ साहदेव, शांतनु मिश्रा, डॉ एम तौसीफ, राजेश गुप्ता छोटु, शिवा कच्छप, अजीत कुमार सिंह, इंदिरा देवी तुरी, अर्चना मिर्धा, राजेन्द्र तुरी, मनोज तुरी, कृष्णा मांझी, पुनीत तुरी, सकलदेव तुरी आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर चौक चौराहों पर चला जागरुकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात नियमों का पालन कराने हेतु लोगों में जागरूकता लाने को लेकर जिले के विभिन्न चौक चौराहा पर अभियान चलाते हुए दोपहिया वाहन जो बिना हेलमेट एवं चार पहिया वाहन जो बिना सीट बेल्ट लगाए हुए चल रहे चालकों को माला पहना एवं गुलदस्ता देकर वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर से जरूर करने का अपील किया गया।

मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। वहीं यातयात प्रभारी गजेंद्र पांडे ने सभी लोगों से अपील कर कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः पालन करें। अगर दोपहिया वाहन चलाते हैं तो हेलमेट जरूर पहने एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। वाहन चलाते समय नशा न करें, रैश ड्राइविंग न करें। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दें। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान जिले के समाहरणालय परिसर,सुभाष चौक, पटेल चौक, नईसराय चौक, कोठार चौक सहित कई अन्य स्थलों पर भी जिला परिवहन कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मी एवं यातायात पुलिस पदाधिकारियों के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया।

## कटिहार में अपराधियों का आतंक 24 घंटें में दो गोलीबारी की घटनाएं



**कटिहार।** कटिहार जिले के बरारी विधानसभा क्षेत्र में अपराधियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीते 24 घंटे में इस क्षेत्र में दो गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। पहली घटना बरारी के उचला हाट पर घटी, जहां अज्ञात अपराधियों ने धनंजय यादव को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल धनंजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी में भर्ती कराया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना कुरसेला थाना क्षेत्र के मलिनिया गांव में हुई, जहां एक किसान को अपराधियों ने बासा पर सो रहे समय गोली मार दी। घटना के बाद घायल किसान राधेश्याम मंडल को कुरसेला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मायागंज रेफर कर दिया गया। इन घटनाओं से बरारी विधानसभा क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

परिजनों ने पुलिस से अपराधियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस बीच कटिहार पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले को क्राइम मुक्त करने के लिए विभिन्न थानाध्यक्ष, ओपी अध्यक्ष व पुलिस बल के साथ क्राइम मीटिंग किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद अपराधियों का आतंक बढ़ता जा रहा है।

## एक नजर में

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया लीगल लिटरेसी क्लास



क्लास लेते पीएलवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत अंत्योदय आदिवासी उच्च विद्यालय देवगाना में लीगल लिटरेसी क्लास लिया गया। कार्यक्रम में पीएलवी रामाशंकर चौबे ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, बाल संरक्षण अधिनियम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, दहेज प्रथा उन्मूलन, बाल विवाह की रोकथाम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं पीएलवी गोपाल चौबे ने संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों, अधिकारों एवं कर्तव्य के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक विनय प्रजापति, राम प्रताप सिंह, रविंद्र प्रसाद गुप्ता सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## टेंपो पलटने से मां की मौत, पुत्र घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गोबरदाहा-चामा मुख्य मार्ग पर कुशमही गांव के समीप हुई दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। मृतक मेराल थाना क्षेत्र के गेरुआ गांव निवासी अयोया राम की पत्नी रूदा देवी 30 वर्ष है। जबकि इस घटना में उसका पुत्र जीतेश कुमार 14 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने रुदा देवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल है। घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार मां और पुत्र एक टेंपो पर सवार होकर गोबरदाहा से अपने घर गेरुआ जा रही थी। उसी बीच कुशमाही के पास अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गया। पुलिस घटना के सूचना के बाद सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। खबर लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

## गरीबों के बीच कंबल वितरण



वितरण करते मुखिया पति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** अरसली उत्तरी पंचायत में शुक्रवार को लगभग डेढ़ सौ कंबल का वितरण किया गया। पंचायत के मुखिया पति पिंटू आलम और समाजसेवी तासबीन अंसारी ने संयुक्त रूप से पंचायत के विभिन्न वार्डों में रहने वाले गरीब, बेसहारों और कमजोर वर्ग के महिला-पुरुषों के बीच कंबल वितरित किया। मुखिया पति पिंटू आलम ने बताया कि राज्य सरकार से प्राप्त कंबल का वितरण ठंड और शीतलहर से बचाव के लिए किया जा रहा है, ताकि गरीब और असहाय लोग इस कड़ाके की ठंड से सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। मौके पर बचवा देवी, जमुनवा देवी, रंजनी देवी, अनरवा देवी, मूंगा कुंवर, ठेगू राम सहित पंचायत के कई ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## पुत्री की मौत पर पिता ने थाना में दिया आवेदन



आवेदन देते मृतका के पिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के पचाडूमर पंचायत स्थित बिजडीह ग्राम में वाल्मीकि ठाकुर की 17 वर्षीया पुत्री तीजरानी कुमारी का शव उसी गांव के उमेश चौरसिया के घर के बगल में एक कुआं में पाया गया था। मृतका के पिता ने बताया कि हम उड़ीसा में मजदूरी का काम करते हैं और हम काम पर ही गए हुए थे। 7 जनवरी को मेरे घर के लोगों ने फोन करके बताया कि आपकी पुत्री का शव एक कुआं में पड़ा है। किसी ने हत्या कर के कुआं में डाल दिया है। मैं खबर सुनकर गाड़ी पकड़ा और घर आ गया। दूसरे दिन शव को पोस्टमार्टम होने के बाद हम लोगों ने अपने परिवार और आस पास के लोगों के सहयोग से शव को दाह संस्कार किया।

वाल्मीकि ठाकुर ने थाना में लिखित आवेदन दिया है कि मेरी पुत्री कुछ दिन से काफी तनाव में रहती थी। घर वालों ने जब पूछा की क्या बात है तो उसने गांव के ही नीतीश कुमार चौरसिया पिता उमेश चौरसिया के बारे में बताया कि मुझे काफी तंग और परेशान कर रहा है। जबकि एक बार पहले भी इसी तरह से परेशान कर रहा था तो हम लोग अपने घर परिवार के लोग उसके घर पर जाकर समझाएं बुझाए भी थे।

मृतका के पिता ने संदेश जाहिर किया है कि नीतीश कुमार चौरसिया ने मेरी बेटी की हत्या करके कुआं में डाला है। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि मृतका के पिता के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसके आलोक में केस दर्ज कर लिया गया है। अनुसंधान जारी है। साक्ष्य के आधार पर विधि संवत कार्यवाही की जाएगी।

### आपूर्ति पदाधिकारी तथा सहकारिता पदाधिकारी पहुंचे रामपुर पैक्स

## औचक निरीक्षण कर मांगा स्पष्टीकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के किसानों द्वारा उत्पादित धान की खरीद पैक्स द्वारा किये जाने का सत्यापन करने को लेकर जिला दण्डाधिकारी-सह-डीसी शेखर जमुआर के आदेश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी-सह-जिला प्रबंधक रामगोपाल पाण्डेय तथा जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी रामपुर पैक्स पहुंचे। इस दौरान उन्होंने धान खरीद की अद्यतन स्थिति, राइस मिलों को भेजे गये धान की मात्रा, किसानों को भुगतान आदि बिन्दुओं का सत्यापन किया। पदाधिकारियों ने रामपुर पैक्स का स्थलीय निरीक्षण कर वहां रखे धान का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा 5375 क्विंटल धान की खरीदारी की गई, जबकि उनके भंडारण की क्षमता 1000 क्विंटल है। इनके द्वारा 5375 क्विंटल में से 42647 क्विंटल धान मिलर को भेज दिया गया है, शेष बचे 494853 क्विंटल धान में से करीब 269853 क्विंटल धान तीनों गोदाम में उपलब्ध पाया गया। जबकि निरीक्षण के दौरान करीब 2250 क्विंटल धान नहीं पाया गया और न ही इस संबंध में पूछने पर तत्काल कोई स्पष्ट जानकारी ही दी गई। इस मामले को संज्ञान में आते ही डीसी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए रामपुर पैक्स से स्पष्टीकरण की मांग की है। स्पष्टीकरण का संतोषजनक जवाब नहीं पाये जाने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जिला आपूर्ति पदाकिारी को दिया है। डीसी ने जिले के सभी पैक्स संचालकों को धान की खरीद में विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन करने का निर्देश दिया है।



जानकारी देते डीसी

उन्होंने कहा कि धान की खरीद में विभागीय आदेश की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। भौतिक सत्यापन के क्रम में किसानों से ाान की खरीद के एवज में उनके भुगतान के बाबत भी जानकारी ली। पैक्स अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि किसानों का भुगतान ऑनलाइन प्रक्रिया से किया जा रहा है।

## जिप अध्यक्ष ने रखी उप स्वास्थ्य केंद्र भवन की आधारशिला



उद्घाटन करती जिप अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने शुक्रवार को कार्यालय जिला अभियोजन जिला परिषद मद 15वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत योजना का पूजा व नारियल फोड़ कर उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का आधारशिला रखी। स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने और ग्रामीणों की स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए जिप अध्यक्ष कटिबा है। मौके पर जिप अध्यक्ष ने बताया की वर्षो से बिना स्वास्थ्य भवन के ही चल रहा था। जिससे स्वास्थ्य कर्मियों और ग्रामीणों दिनों को घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को ग्रामीणों द्वारा बार-बार उठाया जा रहा था, परसवान ग्राम में उप स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन बन जाने से लोगो को दूसरे पंचायत में दूर नहीं जाना पड़ेगा।

इस पंचायत के लोगों को टंडवा पंचायत अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इलाज करना पड़ता था जिससे इन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। मौके पर ग्रामीण केतारु बैठा, ब्रजेश कुमार रजक, सुशील कुमार, नितीश कुमार, सुषमा कुमार आदि मौजूद थे।

# पलामू में शिक्षा और स्वास्थ्य को सबल बनाना ग्रासिम का लक्ष्य: हितेंद्र अवस्थी

## ग्रासिम इंडिया लिमिटेड रेहला की उपलब्धियों का गवाह बना 2024-25

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पलामू प्रमंडल खासकर गढ़वा और पलामू जिले में ग्रासिम इंडिया लिमिटेड रेहला की पहचान वैसी है जैसे रेगिस्तान में खजूर की होती है। रोजगार देने के साथ-साथ जनसरोकार की समस्याओं को दूर करने में सतत् प्रयासरत इस कंपनी ने 2024-25 में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी के सफल नेतृत्व में कंपनी ने दुर्घटना रहित केमिकल उत्पादन में इतिहास रच दिया। इसके लिए ग्रासिम रेहला को अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसी तरह पर्यावरण के क्षेत्र में प्रभावकारी कार्य के लिए भी कंपनी को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है। अखिल भारतीय और जोन स्तर पर आयोजित ग्रेडिंग और उपलब्धियों के लिए कंपनी ने इस वर्ष पांच पुरस्कारों को अपने नाम करने में सफलता अर्जित की है। आदित्य बिरला ग्रुप द्वारा संचालित ग्रासिम इंडिया लिमिटेड की रेहला इकाई ने यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी के नेतृत्व में एक वर्ष के अंदर इतनी बड़ी उपलबि हासिल करने वाली अपने ग्रुप में पहली कंपनी बन गई है। यूनिट हेड श्री अवस्थी ने वृहस्पतिवार को कंपनी के बेलचंपा स्थित परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कंपनी को सरकार के स्तर पर अखिल भारतीय प्रथम पुरस्कार मिलना गर्व की बात है। कंपनी के पास भविष्य की बड़ी योजनाएं हैं जिसपर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने प्लांट में उत्पादन बढ़ाने के लिए केमिकल की एक और यूनिट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था चाहिए, को वर्तमान उपलब्ध नहीं है। इसके लिए रिजर्व वाटर के तहत पास की नदी में चेकडैम बनाने की पहल की गई है। इससे उत्पादन के साथ-साथ पीने का पानी भी उपलब्ध होगा। इसके साथ सड़क की व्यवस्था के लिए भी प्रयास किया गया था जो अब साकार रूप ले रहा है। रेहला से गढ़वा और रेहला से मेदिनीनगर को जोड़ने के लिए चौड़ी सड़क बन रही है।



संबोधित करते यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी

कंपनी ने 2070 तक पूर्ण पर्यावरण संतुलन के लक्ष्य को पूर्ण करने की ओर सफलता पूर्वक प्रयास किया है। कंपनी अपने क्षेत्राीन 36 प्रतिशत क्षेत्रों को हरा भरा बनाने में सफलता अर्जित की है। सीएसआर के तहत कंपनी कई उल्लेखीय कार्य को मूर्त रूप देते हुए आम लोगों को बड़ी राहत दे रही है। बच्चों की शिक्षा पर फोकस करते हुए उन्हें स्कूल से जोड़ने एवं गरीब बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने का काम किया जा रहा है। मेाावी गरीब बच्चों की 11 एवं 12 की शिक्षा मुफ्त में दी जा रही है। महिला सशक्तिकरण के कई प्रोजेक्ट चलाए जा रहे हैं। हजारों महिलाओं को विभिन्न विद्याओं का प्रशिक्षण दिया गया है। झारखंड को यक्ष्मा मुक्त बनाने की दिशा में सीएसआर बड़ा काम कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण में प्लेटिनम अवर्ड प्राप्त होने पर ग्रासिम रेहला का उत्साह और बड़ा है। कचरा प्रबंधन में अव्वल रहे इस कंपनी को मार्गदर्शक के रूप में देखा जा रहा है। सरकार की पर्यावरण विभाग इसकी समीक्षा करने वाली है। श्री अवस्थी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कार्य चल रहा है। लोगों को अत्याधुनिक मशीनों से स्वास्थ्य जांच और सफल इलाज के लिए बड़े हॉस्पिटल खोलने की योजना बनाती गई है। वहीं तकनीकी शिक्षा पर भी फोकस किया जा रहा है। एक ऐसी समेकित पाठ्यक्रम बनाने की पहल की गई है जिससे त्वरित रोजगार प्रदान की जाए। इससे कंपनियों का उत्पादन बढ़ने के साथ लाखों लोगों को उच्च स्तरीय रोजगार भी प्राप्त होगा। मौके पर कंपनी के सीएसआर हेड सह लोक संपर्क पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, यूनिट पदाधिकारी अनिल गिरी और नितेश पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### केमिकल उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण में मिला प्रथम पुरस्कार

## स्कूल जा रहे शिक्षक की गोली मारकर हत्या

**गोपालगंज।** स्कूल जाने के दौरान शुक्रवार को एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना उचकागांव थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव की है। नदी के रास्ते पहुंचे बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया है। घटना की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। हत्या किसने की इसका खुलासा नहीं हो सका है। अरविंद यादव शुक्रवार की बाइक से मिडिल स्कूल झीरवा में पढ़ाने के लिए जा रहे थे। रास्ते में घात लगाए बदमाशों ने उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया। गोली लगने से मौके पर ही अरविंद यादव की मौत हो गई। अरविंद यादव के बेटे विश्वजीत यादव उचकागांव प्रखंड के प्रमुख हैं। गोपालगंज जिला प्रमुख संघ के अध्यक्ष भी हैं। हत्या के बाद से परिजन और समर्थकों में भारी आक्रोश है। परिजन के अनुसार पांच गोली शिक्षक को लगी है। सदर अस्पताल में पुलिस शव लेकर पहुंची तो सैकड़ों की संख्या में समर्थकों की भीड़ जुट गई।

# अभावग्रस्त शिक्षा, घटते छात्र

देश के करीब आधे स्कूल कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा से वंचित हों, स्कूल बढ़ रहे हों और दाखिले कम हो रहे हों, साथ ही विद्यार्थियों का बीच में पढ़ाई छोड़ने का आंकड़ा बढ़ रहा हो, तो इसे एक बड़ी चुनौती माना जाना चाहिए। यदि बुनियादी शिक्षा तमाम विसंगतियों से जूझ रही हो तो विकास की सार्थकता पर सवाल उठेंगे। सवाल खासकर वंचित समाज के बच्चों का है, जिनका बड़ा संघर्ष जीवन-यापन की प्राथमिकताओं से जुड़ा है। दरअसल, सरकारी स्कूल समाज के कमजोर वर्ग की आशा के केंद्र रहे हैं। यदि आज इन समाजों के बच्चे ही शिक्षा से दूर हो रहे हैं, तो तंत्र की जवाबदेही तय होनी चाहिए। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे खासे चौंकाने वाले हैं। समीक्ष्य वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट बताती है कि इससे पहले साल के मुकाबले स्कूल में दाखिलों में 37.5 लाख की कमी आई है। जहां वर्ष 2022-23 में स्कूलों में 25.17 करोड़ विद्यार्थी दर्ज थे, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर 24.80 करोड़ हो गई है। यह आंकड़ा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्तर का है। वहीं समीक्ष्य अवधि में बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जिनमें छात्राएं, वंचित व कमजोर वर्ग के बच्चे अधिक हैं। वहीं दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 फीसदी स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। वहीं दूसरी ओर 53 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से कैसे मुकाबला कर पाएंगे? प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उनका क्या भविष्य होगा?

## कार्टून वर्ल्ड



# आज का राशिफल

**मेष : योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृष : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8**

**मिथुन : लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9**

**कर्क : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यो का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5**

**कन्या : बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7**

**तुला : कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8**

**वृश्चिक : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8**

**धनु : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6**

**मकर : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7**

**कुंभ : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6**

**मीन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9**

# निजी सम्पत्ति अधिग्रहण पर राह दिखाने वाला फैसला


**अपने** फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से यह भी रेखांकित कर दिया कि आपातकाल के समय संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता के साथ समाजवाद शब्द जोड़कर भारतीय शासन व्यवस्था में समाजवादी तौर-तरीके अपनाने का जो काम किया गया था, वह निरर्थक एवं औचित्यपूर्ण नहीं था।

सुप्रीम कोर्ट ने हर निजी सम्पत्ति पर सरकार कब्जा नहीं कर सकती वाला राह दिखाने वाला फैसला देकर जहां निजी सम्पत्ति धारकों के अधिकारों की रक्षा की है, वही अर्थ-व्यवस्था को तीव्र गति देने के धरातल को मजबूत बनाया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने जाहिर किया है कि निजी संपत्ति के भी अपने अधिकार हैं, जिसकी अवहेलना नहीं की जा सकती। अब सरकारों यानी नीति निमार्ताओं को भूमि अधिग्रहण और अन्य निजी संपत्ति अधिग्रहण करने के लिए अधिक न्यायसंगत और पारदर्शी रूपरेखा बनानी होगी। नया फैसला अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है और आदर्श शासन एवं न्याय व्यवस्था का द्योतक है। यह फैसला केवल इसलिए ऐतिहासिक नहीं है कि यह नौ सदस्यीय संविधान पीठ की ओर से दिया गया, बल्कि इसलिए भी अनूठा है, क्योंकि इसने उस समाजवादी विचार को आईना दिखाया, जिसे सरकारों की रीति-नीति का अनिवार्य अंग बनाने का दबाव रहता था। स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उन समाजवादी और वामपंथी सोच वालों के लिए भी झटका है, जो यह माहौल बनाने में लगे हुए थे कि देश में गरीबी और असमानता तभी दूर हो सकती है, जब सरकार संपत्ति का पुनर्वितरण करने में सक्षम हो और उसे यह अधिकार मिले कि वह किसी की भी संपत्ति का अधिग्रहण कर सकती है।

ताजा फैसले में कहा है कि किसी व्यक्ति के स्वामित्व वाले प्रत्येक संसाधन को केवल इसलिए समुदाय का भौतिक संसाधन नहीं माना जा सकता क्योंकि वह भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। कोर्ट ने कहा कि किसी निजी स्वामित्व वाली संपत्ति को समुदाय के भौतिक संसाधन के योग्य मानने के पहले उसे कुछ कठोर परीक्षणों को पूरा करना होगा। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 39(बी) की व्याख्या करते हुए कहा कि अनुच्छेद 39(बी) के तहत आने वाले संसाधन के बारे में जांच कुछ विशेष चीजों पर आधारित होनी चाहिए। इसमें संसाधनों की प्रकृति, विशेषताएं, समुदाय की



भलाई पर संसाधन का प्रभाव, संसाधनों की कमी तथा ऐसे संसाधनों के निजी हाथों में केंद्रित होने के परिणाम जैसे कारक हो सकते हैं। इसके लिये पहचान एवं परीक्षण अपेक्षित होगी। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा विकसित पब्लिक ट्रस्ट के सिद्धांत भी उन



**- ललित गर्ग**

> तत्कालिन प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ ने महाराष्ट्र के एक मामले में संविधान पीठ को भेजे गए कानूनी सवालों का जवाब देते हुए यह फैसला सुनाया है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस न्यायालय की भूमिका आर्थिक नीतियां तय करना नहीं है, क्योंकि इसके लिए लोगों ने सरकार को वोट दिया है।

संसाधनों की पहचान करने में मदद कर सकते हैं जो समुदाय के भौतिक संसाधन के दायरे में आते हैं। ऐतिहासिक रूप से भारत में भूमि अधिग्रहण अक्सर विवादास्पद रहा है, जिसमें औद्योगिक परियोजनाओं या बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़े पैमाने पर अधिग्रहण से महत्वपूर्ण विरोध प्रदर्शन हुए हैं। सिंगूर और नंदीग्राम जैसे मामलों ने सरकारी अधिग्रहण के खिलाफ भूमि मालिकों और किसानों के प्रतिरोध को उजागर किया। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि निजी संपत्ति का अधिकार एक मानवाधिकार माना जाता है। इसलिये राज्य के लिये किसी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से वंचित करने के लिए उचित प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है।

चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने 1978 में दिए गए अपने ही फैसले को पलट कर न केवल जनहित की रक्षा की है बल्कि कानून की एक बड़ी कमी को सुधारा है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस एससी शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह इस फैसले पर एकमत थे, वहीं जस्टिस बी.वी नागरत्ना फैसले से आंशिक रूप से सहमत थे जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने सभी पहलुओं पर असहमति जताई। विद्वान जजों ने निजी संपत्तियों को समुदाय के भौतिक संसाधन मानते हुए राज्य द्वारा कब्जा करके या अधिग्रहण करके सार्वजनिक भलाई के लिए वितरित करने के अधिकार पर रोक लगाते हुए कहा है कि सभी निजी संपत्तियां समुदाय के भौतिक संसाधनों का हिस्सा नहीं बन सकतीं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि सरकार एक हद तक ही निजी सम्पत्तियों का अधिग्रहण कर सकती है।

अपने फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से यह भी रेखांकित कर दिया कि आपातकाल के समय संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता के साथ समाजवाद शब्द जोड़कर भारतीय शासन व्यवस्था में समाजवादी तौर-तरीके अपनाने का जो काम किया गया था, वह निरर्थक एवं औचित्यपूर्ण नहीं था। अच्छा हो कि इस निरर्थकता को वे लोग भी समझें, जो संपत्ति के सृजन से अधिक अहमियत उसका पुनर्वितरण करने पर देते हैं। यह देश को समृद्धि की ओर ले जाने का रास्ता नहीं है। हो भी नहीं सकता, क्योंकि दुनिया भर का अनुभव यही बताता है कि जिन देशों ने अपने लोगों की भलाई के नाम पर अतिवादी समाजवादी तौर-तरीके अपनाए, वे आर्थिक रूप से कठिनाइयों से ही घिरे। आज जबकि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले से उसे अधिक तीव्र गति मिल सकेगी एवं निजी क्षेत्र के अधिकारों की रक्षा हो सकेगी। अर्थ-व्यवस्था एवं बाजार को तीव्र गति देने के लिये निजी क्षेत्र के अधिकारों की रक्षा करना जरूरी है।

तत्कालिन प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ ने महाराष्ट्र के एक मामले में संविधान पीठ को भेजे गए कानूनी सवालों का जवाब देते हुए यह फैसला सुनाया है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस न्यायालय की भूमिका आर्थिक नीतियां तय करना नहीं है, क्योंकि इसके लिए लोगों ने सरकार को वोट दिया है। लेकिन यदि सभी निजी संपत्तियों को सामुदायिक संसाधन माना जाएगा, तो यह संविधान के मूल सिद्धांतों का हनन है, इसलिये इसे रोकना कानून के दायरे में आता है। उन्होंने यह भी कहा कि 1990 के बाद से अर्थव्यवस्था में बदलाव आया है और अब बाजार उन्मुख आर्थिक मॉडल पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

इसके लिये राष्ट्रवादी सोच जरूरी है। संविधान पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि जस्टिस अय्यर का दृष्टिकोण समाजवादी थीम पर आधारित था और इससे सहमति नहीं जताई जा सकती। 1977 में कर्नाटक बनाम रंगनाथ रेड्डी मामले में जस्टिस अय्यर ने निजी संपत्तियों को सामुदायिक संसाधन बताया था। 1982 में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मामले में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने जस्टिस अय्यर के फैसले से सहमति जताई थी।

## लेटर टू एडिटर

### तकनीक का खतरा

**लेबनान** में पेजर और वॉकी-टॉकी में विस्फोटक रखकर किए गए धमाके दिल दहला देने वाले हैं। यह नई तकनीक का खतरनाक उपयोग दर्शाता है। पहले से ही लोग साइबर अटैक से चिंतित हैं, अब मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे गैजेट्स भी खतरा बन गए हैं। इस्राइल ने युद्ध में दुश्मनों को नुकसान पहुंचाने के लिए जो तरीका अपनाया है, वह न केवल नया है, बल्कि खतरनाक भी। विशेषज्ञों को मोबाइल फोन और अन्य उपकरणों से होने वाले संभावित खतरों के खिलाफ उपाय खोजने चाहिए।

**- रविन्द्र सिंह, रांची**

### संदेह के घेरे में

**प्राचीन** काल में विभिन्न शक्तियों का दुरुपयोग मानव जाति के लिए हानिकारक होता था। आज विज्ञान की सुविधाओं का भी दुरुपयोग हो रहा है। राष्ट्रविरोधी तत्व तकनीक का दुरुपयोग कर सकते हैं।यह स्थिति चिंता का विषय है।

**-प्रिया सिन्हा, हजारीबाग**

## ट्वीट

संभल, उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाजी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंसा और फायरिंग में जिन्होंने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

प्रशासन द्वारा बिना सभी पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने माहौल और बिगाड़ दिया और कई लोगों की मृत्यु का कारण बना - जिसकी सीधी ज़िम्मेदार भाजपा सरकार है। मैं सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर न्याय करने का अनुरोध करता हूं।

संभल, उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाजी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# वर्तमान समय में पूरी दुनिया में हिंदू धर्म ही एकमात्र प्राकृतिक धर्म



**अजयदीप बाधवा**

## धर्म

वर्तमान में भारत में हिंदू धर्म ही प्राकृतिक धर्म है। इसके आरम्भ का कोई ज्ञान किसी को नहीं है। इसके विपरीत अन्य सभी धर्म मानव निर्मित हैं जिसमें एक मानव को अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए अपना मत चलाना पड़ा। ईसाई धर्म को ईसा, इस्लाम को मुहम्मद और सिख को नानक ले कर आए।

ईसाई धर्म में ईसा की मृत्यु के बाद उन्होंने समय समय पर अपने धर्म में सामान्य परिवर्तन किए और विकास किया। इसके विपरीत इस्लाम में यह संभव नहीं है क्योंकि मुहम्मद ने बोल दिया था कि वह अंतिम पैगम्बर है और उसके बाद अल्लाह कोई संदेश मानव को नहीं देगा। यानी मुहम्मद ने जो कुरआन में कह दिया उसमें अब कोई परिवर्तन नहीं हो सकता। इसी कारण इस्लाम मे समय के अनुसार अब कोई परिवर्तन नहीं हो सकता और मुसलमान को उसका पालन करना ही है जो 1400 साल पहले कुरान में कह दिया गया। वैसे कुरआन में प्यार, प्रेम, स्नेह, भाईचारा, सम्मान, स्त्री की रक्षा, दया, दान, देशप्रेम, सहायता, ध्यान, योग आदि जैसा एक भी शब्द नहीं है। मुसलमान अपना धर्म परिवर्तन नहीं कर सकता क्योंकि इसकी सजा ₹सर तन से जुदा₹ है।

तीसरा धर्म, सिख हिन्दू धर्म का ही अंग रहा है और इसमें व्यक्ति विशेष, जिसे गुरु कहा गया है, को या उसके द्वारा बोलें गई बातों की ही चलती है। यह भारत के सबसे नए धर्मों में से है। इसमें आखिरी गुरु के चारों पुत्रों की मृत्यु के बाद नए किसी दूसरे को गुरु बनाने के स्थान पर गुरु परम्परा को समाप्त कर दिया गया और आदेश दिया गया कि पहले के दस गुरु की बातों को ही गुरु का स्थान मिलेगा जिसे गुरु ग्रंथ कहा जाता है। इस धर्म की



स्थापना भारत में हिंदू धर्म के जनेऊ और मूर्ति पूजा आदि के विरोध के साथ हुई पर इसमें बाद में जनेऊ के पतले धागे का विरोध करते करते कपड़े की पगड़ी आ गई और मूर्ति पूजा का विरोध करते करते पुस्तक पूजा की परम्परा आ गई। इस धर्म के सारे प्रख्यात व्यक्ति, यहां तक कि पंज प्यारे भी, हिन्दू धर्म से आए थे। एक अनुमान के अनुसार इस धर्म के मानने वालों की संख्या तेजी से कम हो रही है और वे ईसाई होते जा रहे हैं। इन सबके हिंदू धर्म एक प्रवाह है जो अनादि काल से चल रहा है। इसमें कोई एक पुस्तक या एक व्यक्ति की बातों को मनाने की बाध्यता नहीं है। यह प्राकृतिक धर्म है और सबको अपनाता है।

इसमें आप कोई भी रीति अपना सकते हैं और इस धर्म में रहते इसी की आलोचना कर सकते हैं जो कि दूसरे धर्मों में संभव नहीं है। सिर्फ इसी धर्म के ग्रंथों में ज्ञान, विज्ञान, विकास, स्वास्थ्य, मोक्ष आदि का विस्तृत वर्णन है।

हिंदू आराम से दूसरे धर्मों के स्थान पर हाथ जोड़ कर जा सकते हैं जब कि दूसरे धर्मों के मानने वालों को इसकी आज्ञा नहीं है क्योंकि उनका जन्म या विकास हिन्दू विरोध के कारण ही हुआ था। हिंदू धर्म पूर्णतः प्यार, स्नेह , भाईचारा आदि के सिद्धांत पर आधारित है जिस कारण आपको इसके मंदिरों में तलवारबाजी, पत्थरबाजी, हथियारों का विभत्स प्रदर्शन और जखीरा वगैरह नहीं मिलेगा। यह विश्व का सबसे विकास शील धर्म है जो हर सुधार को अपनाता है और दूसरों को अपने में समाता है, जो कि अन्य धर्मों में संभव नहीं है। आप किसी हिन्दू को किसी मुस्लिम देश का प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति बनाना तो दूर, उसे भारत के किसी मुस्लिम मुहल्ले में भी नहीं रख सकते हैं क्योंकि वहां के लोग उसे रहने नहीं देंगें। इस्लाम में तो मुसलमान को छोड़ कर सबकी हत्या का आदेश है।उदाहरण स्वरूप 100 करोड़ हिंदुओं ने भारत में सिख को प्रधान मंत्री या राष्ट्रपति स्वीकार किया है, मुस्लिम को राष्ट्रपति स्वीकार किया है पर भारत के एक प्रांत, पंजाब, में 2 करोड़ सिख किसी हिन्दू को वहां का मुख्यमंत्री नहीं बनने देते। विश्व हिंदू रीति पर ही चल सकता है वरना बाकी सब में तो भाईचारा या तो है नहीं या बहुत कम है। हमें अपने हिंदू होने पर गर्व करना चाहिए।

(साभार भारत के धर्म)

# झारखंड में महिलाओं को सबल बनाती मईंयां योजना



**रानी राज**

## आर्थिक

एक समय था जब महिलाओं को वोट करने से वंचित रखा गया था,आज वही महिलाएं सत्ता पलटने की हैसियत रखती हैं।बड़े मसक्कत के बाद वोट के अधिकार प्राप्त हुए महिलाओं को तो आज वे जम कर उसे भुना भी रही हैं । महिलाए घरो में रहने वाली गूंगी गुड़िया से आगे निकल कर सियासदानों की पहली पसंद बन गई है। वर्षो से समाज के पिछले पायदान में दबी - छुपी महिलाओ की शक्ति को राजनीतिक पंडितो ने पहचान कर सत्ता की सीढ़ी बना ली है। आधी आबादी की शक्ति को राजनीतिक दल पिछले कुछ वर्षो से सीधा धन लाभ देकर अपनी ओर खिंच रहे है।

झारखंड की मइया सम्मान योजना इस कड़ी में कोई नई पहल नहीं बल्कि इतिहास में महिलाओं को डायरेक्ट कैश बेनिफिट दिए जाने की कड़ी में जांची - परखी योजना है। 2024 के विधानसभा चुनाव में झारखंड में मइया सम्मान योजना ने कई कारनामे किये। खटट 34 सीटों अब तक अपने इतिहास में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। 12 महिला विधायकों की जीत के साथ सर्वाधिक महिला विधायकों की जीत झारखंड में हुई। इन उपलब्धियों के पीछे महिलाओ की चुनाव में बढ़ती भागीदारी रही है। 2024 के विधानसभा चुनाव में राज्य में कुल 1 करोड़ 76 लाख 81 हजार सात (1,76,81,007) लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया. इनमें महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों की तुलना में 5 लाख 51 हजार 797 (5,51,797) ज्यादा रही।

महिलाओं को कैश देने की योजना लगभग हर पार्टी प्रयोग कर रही है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया' की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक अलग-अलग राज्यों में महिलाओं को 'डायरेक्ट कैश ट्रांसफर' के जरिये दी जाने वाले धनराशि कुल मिलाकर 2 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं को 'लाडकी बहिण' योजना के जरिये पैसा देने के लिए महाराष्ट्र ने सबसे ज्यादा 46,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। दूसरे नंबर पर कर्नाटक है, जिसने 'गृह-लक्ष्मी' योजना के तहत महिलाओं को सालाना 28,608 करोड़ रुपये देने का प्रावधान किया है। मध्य प्रदेश ने 'लाड़ली बहन' योजना के तहत 18,984 करोड़ रुपये, पश्चिम बंगाल ने 'लक्ष्मीर भंडार' योजना के तहत 14,400 करोड़ रुपये, गुजरात ने 'नमो श्री योजना' के तहत 12,000 करोड़ रुपये, , ओडिशा ने 'सुभद्रा योजना' के तहत 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

झारखंड में मइया सम्मान योजना के तहत 18 -50 वर्ष की महिलाओ को 2500 रुपए भेजे जा रहे है। रांची- झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छह फरवरी 2025 को मंईयां सम्मान योजना की 56,61,791 महिलाओं के बीच 1415.44 करोड़ की राशि ट्रांसफर की। अगर साल भर की देनदारी इसी आकंड़े पर रही तो , 16985 करोड़ रुपए लगभग होगी। अगर झारखंड के बजट के सन्दर्भ में देखे तो , 2024 -25 का कुल बजट ?1,28,900 करोड़ रुपए रहा। अगर मइया सम्मान को देखे तो इस बजट का करीब 13 -14 प्रतिशत होगा। इतनी बड़ी राशि खर्च करना झारखंड जैसे राज्य के लिए कितना उपयोगी होगा।

विपक्षी पार्टिया और अर्थशास्त्रियों द्वारा मुफ्त की योजनाओ पर प्रश्न चिन्ह उठाये जाते रहे है मगर इसके लाभ से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। सिद्ध बात है कि एक महिला के उत्थान के लिए पहले उसे आर्थिक आजादी चाहिए और भारतीय परिवेश आज भी दकियानुषी परंपराओं ,अन्धविश्वशों में जकड़ी हुई हैं जिसके कारण अधिकांश महिलाएं मेहनती होते हुए बेरोजगार हैं। महिलाएं साधारणतया पतियों / भाइयों / पिताओं के आय पर निर्भर रहती हैं। घरेलु कामो में व्यस्त होने के बावजूद उनकी कोई आर्थिक स्वतन्त्रता नहीं है। ऐसे में 2500 रुपए के अनुदान ने उन्हें आर्थिक स्वतन्त्रता दिलाई है। महिलायें अपनी इच्छा अनुसार इस पैसे को खर्च कर सकती हैं। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र में यह छोटी सी राशि भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यह राशि ग्रामीण क्षेत्र में खर्च को बड़ा कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गति ला सकती है। ग्रामीण उद्योग - व्यापार को बढ़ावा दे सकती है। 18 -50 वर्ष की आयु वाली पीढ़ी सर्वाधिक कार्यशील जनसंख्या है।

महिलाये साधारणतया खर्च के मामले में काफी होशियार होती है। इनका ये पैसा महिलाओ द्वारा अपने और बच्चो के पोषण और शिक्षा में खर्च होने से सामाजिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। साधारणतया पुरुषो के द्वारा प्राप्त आय के खर्च का बहुत थोड़ा हिस्सा महिलाओ के स्वास्थ्य और पोषण पर खर्च होता है। एनीमिया जैसे बीमारी झारखंड में पोषण की कमी के कारण ही है।पिछले एक महान योजना₹ मनरेगा₹ का परिणाम देखा जा चुका है कि ग्रामीण मुद्रा की तरलता में बढ़ोतरी से अर्थव्यवस्था में भी बढ़ोतरी हुई है यानि महिलाओं के हाथ में मुद्रा जाने से उत्पादन के साथ अन्य गतिविधियां भी विकसित होंगी।

लाभों की प्राप्ति के लिए आवश्यक है सरकार कर्ज में न डूबे ,भूले नहीं कि आज भी झारखंड सर्वाधिक गरीब राज्यों में अंतिम दूसरे पायदान पर है। इतनी बड़ी राशि हर वर्ष प्राप्त करने के लिए सरकार को आय के स्त्रोतों पर ध्यान देना होगा। बुजुर्गो , विधवाओं और विकलांगो के सार्वजनिक पेंशन को भी बढ़ाकर 2500 रुपए करने की आवश्यकता है क्योंकि अपनी अशक्तता में उनको पैसे की सर्वाधिक जरूरत है और उससे भी बड़ी जरूरी बेरोजगार युवा संसाधन पर सरकार का ध्यान आकृष्ट होना अति आवश्यक है। **(घुमकुड़िया संस्थान रांची)**

# हर वादा होगा पूरा : विधायक

**हुरहुरु में गली-नली निर्माण और सुंदरीकरण के लिए निगम के अधिकारियों और विधायक टीम ने निरीक्षण किया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद अपने क्षेत्र की जनता के प्रति किए गए वादों को निभाने में लगातार सक्रिय हैं। इसी क्रम में हुरहुरु क्षेत्र के गली-नली निर्माण और क्षेत्र के समग्र सुंदरीकरण के लिए नगर निगम की टीम और विधायक टीम ने एक संयुक्त निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की आवश्यकताओं का गहन अध्ययन किया गया और प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य शुरू करने की योजना तैयार की गई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जनता के प्रति हमारी जवाबदेही केवल वादों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। हुरहुरु क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को दूर करने के लिए हमने गली-नली निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी है। आने वाले दिनों में यह कार्य शुरू होगा, और इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। निरीक्षण के दौरान विधायक टीम और नगर निगम के अधिकारियों ने नपाई का कार्य पूरा किया। इसके साथ ही सुंदरीकरण की दिशा में भी योजनाएं बनाई गईं, जिससे क्षेत्र को साफ-सुथरा और रहने योग्य बनाया जा सके। इस मौके पर नगर निगम के अधिकारी, विधायक टीम के सदस्य सभी ने मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित की और क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि उनका भविष्य बेहतर होगा। श्री प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग सदर क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। मेरी प्राथमिकता हर क्षेत्र में समान विकास और जनता की समस्याओं का समाधान करना है। हुरहुरु क्षेत्र का यह कार्य हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

हुरहुरु क्षेत्र में गली-नली निर्माण और सुंदरीकरण कार्यों के जरिए विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता के प्रति अपनी ईमानदारी और संकल्प का परिचय दिया है। इन कार्यों के जल्द शुरू होने से स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं और साफ-सुथरा माहौल मिलेगा।



# रामगढ़ जिले के 39 पंचायतों में खुला ज्ञान केंद्र, पुरानी किताबें करें दान : उपायुक्त

**पंचायत भवन में तैनात होंगे रात्रि प्रहरी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला पंचायती राज कार्यालय की ओर से किए जा रहे कार्यों को लेकर शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायतीराज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों, संचालित योजनाओं आदि की जानकारी उपायुक्त, उपविकास आयुक्त सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों को दी गई। पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना के तहत जिले के अलग-अलग प्रखंडों में स्थित पंचायत भवनों में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पंचायत भवनों में वर्तमान में रात्रि प्रहरी की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन 3 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्राप्त राशि के व्यय हेतु योजना बनाते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पंचायत ज्ञान केंद्र की समीक्षा के क्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की पूर्व से चिन्हित 47 पंचायत में 39 पंचायत में पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। जिस पर उपायुक्त ने शेष पंचायतों में भी जल्द से जल्द पंचायत ज्ञान केंद्र शुरू करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिले वासियों को पंचायत ज्ञान केंद्र के सफल संचालन के लिए पुरानी किताबें दान कर अथवा किसी अन्य माध्यम से सहयोग करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पंचायत भवनों के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित निर्गत किए जाने वाले अन्य दस्तावेजों को लेकर डिजिटल पंचायत योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 15 वे वित्त आयोग के तहत हो रहे कार्यों के संबंध में उपायुक्त ने टाइड एवं अनटाइड फंड के तहत ली गई योजनाओं एवं उनके तहत पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।



## रमेंद्र कुमार का जन्म दिन धूमधाम से मना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार का शुक्रवार को 84वां जन्मदिन पूरे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत टक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार द्वारा केक काटकर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों के बीच मिठाई और केक का वितरण कर रमेंद्र कुमार को जन्मदिन की बधाई दी गई। साथ ही उनके दीघार्यु होने की कामना की गई। विधायक रोशन लाल चौधरी ने रमेंद्र कुमार को बुके देकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। उनके स्वस्थ्य शरीर और सुखद जीवन की कामना की। मौके पर एजेकेएसएस के महामंत्री सतीश सिन्हा, आजसू के रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, संजय मिश्रा, बिनोद कुमार, विकाश कांत सिन्हा, अशोक पाठक, शंकर कुमार, सनी कुमार आदि मौजूद थे।

# उपायुक्त ने जनता की सुनी समस्यायें

**विष्णुगढ़ के सुनीता देवी और लालपुर सखिया के राबिया खातून ने मंईया सम्मान योजना का लाभ देने का आग्रह किया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगायी। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार मे कटकमसांडी थाना क्षेत्र के पेलावल निवासी मो.अब्बास ने उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत करने और ग्राम-कण्ड्सार के रहने वाली बबिता देवी ने केसीसी ऋण माफ करने का निवेदन किया। विष्णुगढ़ के सुनीता देवी और लालपुर सखिया के राबिया खातून ने उपायुक्त से मइँया सम्मान योजना का लाभ देने का निवेदन किया। डांडी पोस्ट के ग्राम होसीर निवासी दिनेश महतो ने उपायुक्त से परियोजना में अधिग्रहण जमीन का सरकारी अमीन से सीमांकन करवाने का गुहार लगाया।

दारू थाना क्षेत्र के राजेश कुमार साव ने उपायुक्त से समाहरणालय के रिक्त पद पर चतुर्थ श्रेणी में नियुक्ति के संबंध में आवेदन दिया। नगर निगम हजारीबाग के विवेक कुमार वाल्मीकि ने उपायुक्त को पुराना समाहरणालय में साफ सफाई करने वाले मजदूरों के लिए कार्यालय खोलने के लिए अनुमति देने के संबंध में आवेदन दिया। इचाक थाना क्षेत्र के पुनम देवी ने उपायुक्त से घर पर पेबर ब्लॉक तथा पथ निर्माण के भुगतान करने का निवेदन किया। जनता दरबार में मुख्य रूप से, रोजगार, जमीन संबंधी, जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।



## बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के चल रहें लोगों को डीटीओ ने पहनाया माला



**रामगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात नियमों का पालन कराने हेतु लोगों में जागरूकता लाने को लेकर जिले के विभिन्न चौक चौराहा पर अभियान चलाते हुए दोपहिया वाहन जो बिना हेलमेट एवं चार पहिया वाहन जो बिना सीट बेल्ट लगाए हुए चल रहे चालकों को माला पहना एवं गुलदस्ता देकर वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर से जरूर करने का अपील किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया । वहीं ज़िले के सभी लोगों से अपील कर कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः पालन करें। अगर दोपहिया वाहन चलाते हैं तो हेलमेट जरूर पहने एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। वाहन चलाते समय नशा न करें, रैश ड्राइविंग न करें। वहीं, जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने न दें।

# विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास प्राथमिकता : तिवारी महतो

**विधायक ने कुजू दक्षिणी पंचायत में पीसीसी पथ का किया शिलान्यास**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास करना प्राथमिकता रही है। इस लिए मैं पूरी ईमानदारी से क्षेत्र का विकास करूँगा। उक्त बातें मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने कही। विधायक कुजू दक्षिणी पंचायत में डीएमएफटी मद से निर्मित होने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास कार्यक्रम में शुक्रवार को बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर पथ का शिलान्यास किया। साथ ही लोगों से विकास कार्यों में सहभागी बनने का आह्वान किया। कहा कि उक्त पथ के बन जाने से लोगों का आवागमन सुलभ होगा। वहीं मौजूद संवेदक मां तारा कंस्ट्रक्शन प्रा.लि. के रामजन्म सिंह ने बताया कि 4 सौ मीटर पीसीसी पथ का निर्माण रोहित फर्नीचर से कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय तक कराया जाएगा।जिसकी प्राक्कलित राशि 53 लाख रुपए है।

मौके पर जिप सदस्य दयामंति देवी, आजसू मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, मुखिया राकेश मेहता राक, तेजनाथ महतो, हेमलाल महतो, गुड्डू सिंह, जयकिशोर महतो, जगदीश आडवाणी, कोलेश्वर महतो, सुजीत सिंह, फूलेश्वर साव, विनोद मेहता, मिंटू पांडेय, दिलीप साव, राधे ठाकुर, विकास प्रजापति,देवन मोदी, सिकंदर मोदी सहित कई लोग मौजूद थे।

विधायक ने किया ज्ञान केंद्र का उद्घाटन : कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में पंचायत ज्ञान केंद्र पुस्तकालय का विधायक तिवारी महतो ने उद्घाटन फीता काटकर किया। कहा कि पुस्तकालय के खुलने से ग्रामीण बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता व बौद्धिक विकास होगा। इस अवसर पर मुखिया ललिता देवी, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, मीणा कुमारी, पंचित महतो आदि मौजूद थे।



## स्पीड न्यूज

### डीसी-एसपी ने गरीबों को दिया कंबल



**रामगढ़।** बढ़ती ठंड को देखते हुए उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने गुरूवार की रात ट्रेकर स्टैंड, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। उपायुक्त ने कहा कि लोगों को ठंड से बचाने के लिए जिला प्रशासन कार्य कर रहा है। डीसी ने कहा कि लोगों को ठंड से बचाने के लिए जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जरूरतमंदों को कंबल प्रदान कर ठंड से उन्हें होनेवाले परेशानी को दूर करेगा। जबकि पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि जरूरतमंदों को ठंड से बचाने का कार्य जारी है। कहा कि बढ़ती ठंड से लोगों को बचाने का कार्य आनेवाले समय में भी जारी रहेगा।

### पंचायत सचिवालय में खुला पुस्तकालय



**कुजू।** कुजू पश्चिमी पंचायत के मुखिया जय कुमार ओझा उर्फ बुच बाबा ने शुक्रवार को पंचायत सचिवालय में पुस्तकालय का किया उद्घाटन । उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा देने के उद्देश्य से लाइब्रेरी खोला गया। हमारा प्रयास रहेगा कि नि:शुल्क कंप्यूटर शिक्षा के लिए पंचायत में जल्द ही कंप्यूटर सेंटर खोला जाये।मौके पर पंचायत समिति सदस्य संतोष मेहता, सुषमा केसरी, उप मुखिया संगीता देवी, सूरज सिंह, प्रधानाध्यापिका आशा रानी गुप्ता, शिक्षिका मिंटू गुप्ता व अन्य मौजूद थे।

### चुटूपालू में एलपीजी लदा टैंकर पलटा



**रामगढ़।** चुटूपालू घाटी में शुक्रवार को एक एलपीजी ले जा रहा टैंकर पलट गया। जिस कारण सड़क जाम हो गया। टैंकर पारादीप से काठमांडू जा रहा था। हालांकि गैस लीक नही हुई जिससे कोई नुकसान नही हुआ। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि घाटी क्षेत्र में टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद क्रेन, हाइड्रा और फायर ब्रिगेड को बुलाकर टैंकर को उठाया गया। जिसके बाद रोड का चालू कर दिया गया।

### बड़कीपोना पंचायत भवन में खुला लाइब्रेरी



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत स्थित पंचायत सचिवालय में लाइब्रेरी का उद्घाटन पंचायत समिति सदस्य भाग 01 शंभु कुमार एवं भाग 02 बेबी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। दोनों कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा पंचायत भवन में लाइब्रेरी स्थापित की है। इस तरह के प्रयासों से पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को एक उचित स्थान उपलब्ध हो सकेगा। यह पुस्तकालय विभिन्न सुविधाओं से सुसज्जित है और इसमें 20 व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। गरीब बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए यह काफी ही उपयोगी सिद्ध होगा। मौके पर पंचायत सेवक युगेश कुमार, उप मुखिया परवेज आलम, वार्ड सदस्य मंटू कुमार, विभिन्न आँगनबाड़ी केंद्र की सेविका, शिक्षक सुरेंद्र मुंडा सहित आजसू नेता अमृतलाल मुंडा, अमृत कुमार, मनोज पासवान, विमल करमाली, सदानंद रविदास, खुशी दांगी, रितेश कुमार, कुंजलाल पहान आदि मौजूद थे।

### शिक्षक प्रतिनिधि बने मनोज सिंह



भुरकुंडा (रामगढ़)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय से संबद्ध भुरकुंडा पटेलनगर स्थित जेएम कॉलेज में शुक्रवार को शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में बतौर पर्यवेक्षक महाविद्यालय के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. बक्शी और ओम प्रकाश मौजूद थे। इस चुनाव में गुरुवार को 28 मतदाताओं के बीच दो शिक्षक बतौर उम्मीदवार खड़े थे। जिसमें भौतिक विज्ञान के व्याख्याता डॉ. विनोद कुमार सिंह एवं इतिहास विभाग के व्याख्याता प्रो. मनोज कुमार सिंह चुनाव में खड़े थे। शिक्षकों ने एक स्वस्थ वातावरण में अपना-अपना मत दिया। जिसमें प्रो. मनोज कुमार सिंह इतिहास विभाग शिक्षक प्रतिनिधि चुने गए। डॉ. विनोद सिंह को 10 मत मिले। जबकि प्रो. मनोज को 18 मत मिले।

### सुंदरनगर पंचायत भवन में खुला लाइब्रेरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा सुंदरनगर पंचायत भवन में शुक्रवार को लाइब्रेरी का उद्घाटन पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, सुंदरनगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय और महात्मा गांधी उच्च विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक अशोक मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। मनोज राम ने कहा कि सुंदरनगर पंचायत भवन में लाइब्रेरी खुलने से बच्चों को पठन-पाठन में काफी सहुलियत मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए यहां पर किताबों की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## एक नजर में

### गुमशुदा बजरंगी प्रजापति बरामद



दारू। मेडकुरी निवासी बजरंगी प्रजापति पिता निर्मल प्रजापति घरेलू विवाद के चलते घर छोड़कर चला गया था। परिवार वालों ने बजरंगी की गुमशुदगी को लेकर दारू थाना में आवेदन दिया था, जिसके बाद कांड संख्या 161/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया था। शुक्रवार को बजरंगी प्रजापति इचाक थाना क्षेत्र के बुढ़िया माता मंदिर के समीप से अपने घर फोन कर अपनी उपस्थिति को बताया। सूचना मिलते ही परिवार वालों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें बरामद किया और पुलिस को सौंप दिया। इस मामले में दारू थाना प्रभारी सफीक खान ने बताया कि गुमशुदा बजरंगी प्रजापति को सुरक्षित बरामद कर लिया गया और उनके परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया गया है। मामले की अगली कार्रवाई के लिए उन्हें शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। परिवार वालों ने बताया कि बजरंगी आपसी घरेलू विवाद के कारण मानसिक तनाव में था जिसके चलते घर छोड़कर चला गया था और वह मुंबई में रह रहा था। वहां से वापस आकर इचाक थाना के बुढ़िया माता मंदिर के समीप से फोन किया कि मैं यहां मौजूद हूं मैं घर आ जाऊंगा। उसके बाद हम लोग वहां पहुंचकर इसे अपने साथ थाने लेकर आया हूं।

### गौ तस्करों से दहशत में ग्रामीण : आकाश भारती

बरही। गौ तस्करों और मादक पदार्थ के तस्करों के कारण बरही क्षेत्र के राहगीरों में भय का माहौल बना हुआ है। तेज गति से चलाए जा रहे वाहनों के कारण क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं प्रतिदिन बढ़ रही हैं। यूथ कांग्रेस बरही विधानसभा मीडिया सेल के कार्डिनेटर आकाश भारती ने इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तस्करी के चलते स्थानीय लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। उन्होंने बताया कि तस्करी में शामिल वाहन तेज रफ्तार से चलते हैं, जिससे राहगीरों और आम नागरिकों के लिए सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय प्रशासन से इस समस्या पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए आकाश भारती ने कहा कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से तस्करों के खिलाफ सख्त कदम उठाने और वाहनों की गति सीमा को नियंत्रित करने की अपील की है, इस मामले को लेकर क्षेत्र के नागरिकों में भी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि सड़कों पर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की ज़िम्मेदारी है।

### ज्ञान केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के भूचूंगडीह पंचायत भवन व मायल पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र का शुभ उद्घाटन रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी व जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हर पंचायत में ज्ञान केंद्र के खुलने से स्थानीय छात्र छात्राओं को अतिरिक्त समय पढ़ाई करने में काफी सुविधा होगी। ज्ञान केंद्र में बच्चे के पढ़ाई करने के लिए सभी प्रकार की किताबें उपलब्ध होगी जिससे बच्चे पढ़ाई कर आगे जा सकते है साथ ही देश, राज्य व गांव का नाम रोशन कर सकते है। साथ ही विधायक ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस सोच के लिए बधाई दी। यहां पहुँचे विधायक एवं जिप अध्यक्ष का बुके देकर स्वागत किया गया. मौके पर अंचल अधिकारी दीपक कुमार मिंज, मुखिया मायल फिरोज अंसारी, भुचुंगडीह सुनीता देवी सहित राजेंद्रनाथ चौधरी, शंकर करमाली, तनवीर आलम, पवन महतो, प्रदीप कुरमी, मनोज कोटवार, गौरी शंकर महतो, मानिक पटेल, पवन केवट, साजिद आलम, इम्तियाज अंसारी, मुजाहिद अंसारी, शमशुल अंसारी, सलमान, वारिस व अन्य पदाधिकारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

### हिंदी संस्कृति, राष्ट्रीय एकता का प्रतीक : रामेश्वर गोप



भुरकुंडा (रामगढ़)।विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर समाजसेवी और संपूर्ण शिक्षा जागरण मंच के सचिव रामेश्वर गोपन ने हिंदी भाषा के महत्व और उसकी उपयोगिता पर विशेष जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिंदी न केवल हमारी सांस्कृतिक की पहचान है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय एकता और विकास का प्रतीक भी है। उन्होंने यह भी बताया कि हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हर नागरिक को प्रयास करना चाहिए और इसे रोजमर्रा के जीवन में अपनाना चाहिए। हिंदी केवल एक भाषा नहीं बल्कि हमारी भावनाओं विचारों और परंपराओं को व्यक्त करने का माध्यम है। श्री गोप ने कहा कियुवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे हिंदी के साहित्य लेखन और संवाद को प्रोत्साहित करें और इसे आधुनिक तकनीक और डिजिटल युग में भी प्रासंगिक बनाएं। उन्होंने कहा कि हिंदी को सम्मान देने और इसके प्रचार प्रसार के लिए हमें मिलकर प्रयास करना होगा। हिंदी भाषा को वैश्विक स्तर पर स्थान देना और इसके महत्व को जन-जन तक पहुंचना है।

### ज्ञान केंद्र का मुखिया ने किया उद्घाटन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उपायुक्त रामगढ़ के निर्देश पर शुक्रवार को चोरधरा पंचायत में ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया। ज्ञान केंद्र का उद्घाटन समाजसेवी नागेश्वर राय एवं स्थानीय मुखिया रामनारायण कुमार ने विधिवत फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया रामनारायण कुमार ने बताया कि इस ज्ञान केंद्र मं विद्यार्थियों के पढ़ने की सुविधा हेतु विभिन्न प्रकार की किताबों को लाइब्रेरी में रखा गया। मौके पर वार्ड सदस्य अनिल कुमार सिंह, शीला कुमारी, डॉ पंकज, सेवक लाल बेदिया, आंगनबाड़ी सेविका कलावती देवी, सावन रजक, धीरज कुमार, लाइब्रेरियन राजेश कुमार, उपमुखिया करण सिंह, विजय साव एवं मध्य एवं प्राथमिक विद्यालय चोरधरा के छात्र उपस्थित थे।

# नयासराय के विस्थापित को उजाड़ने का विरोध , मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नयासराय के नामपर झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग द्वारा दक्षिण टुंडहूल पंचायत सेमर टोली के एचईसी विस्थापितों को अतिक्रमणकारी बताकर जिला प्रशासन द्वार कल उजाड़े जाने के खिलाफ आदिवासी मूलवासी संगठनों ने विरोध किया।



विस्थापित लोगों ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुआ कहा कि हमारे पूर्वजों ने देश की प्रगति के लिए एचईसी निर्माण हेतू घर व भूमि को नाममात्र मुआवजा में सम्पूर्ण पुर्नवास और नौकरी की गारंटी में दिया लेकिन 62 वर्ष बाद भी अनेकों लोगों का पुर्नवास नही किया गया है, उन्हीं परिवारों में से लोग घर व दुकान बनाकर पिछले 50 वर्षों से रह रहे है जिन्हें पथ निर्माण विभाग के कहने पर कड़कड़ाती ठंड में रांची जिला प्रशासन द्वारा उजाड़ दिया गया जो कही से भी न्याय उचित नही है।आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि झारखंड सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिसूचना 334 वर्ष 2009 में स्पष्ट है कि राज्य के निवासी जिस भूमि पर 30 वर्ष से रह रहें है उसे सरकार द्वारा आवंटित किया जाएगा लेकिन सरकारी अधिकारी सरकार के निर्देश की अवहेलन कर रहे है उन्होंने मुख्यमंत्री से विस्थापितों को भूमि व मकान आवंटित करने की मांग किया। मौके पर एचईसी जन कल्याण समिति के सचिव मुख्तार अंसारी, जेएमएम रांची जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष फिरोज आलम, आदिवासी जन मोर्चा के रंजीत उरांव, विस्थापित नेता पंकज शाहदेव, समीर अली, एकराम हुसैन, तस्लीम आरिफ, मास्टर मुस्तकीम, जहाना खातून, रवीना खातून सहित काफी संख्य में लोग शामिल थे।

# कोल इंडिया में डॉक्टर नियुक्ति पॉलिसी की समीक्षा बहुत जरूरी : कमलेश सिंह

## श्रमिक संघ का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय कोयला मंत्री से मिला

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी/रांची।** जनता मजदूर संघ का एक प्रतिनिधि मंडल कमलेश सिंह सीसीएल अध्यक्ष के नेतृत्व में केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी को शुक्रवार 10 जनवरी को दो दिवसीय सीसीएल दौरे के क्रम में रांची में 07सूत्री ज्ञापन सौंपा। श्री सिंह ने मंत्री को सीसीएल और कोल इंडिया में डॉक्टर कमी होने को चर्चा के दौरान बतलाया कि जब तक डॉक्टर नियुक्ति पॉलिसी में बदलाव नही किया जाता तब तक डॉक्टर कंपनी को छोड़ जाते रहेंगे, कोल इंडिया वार्ड के साथ



लोकल का वेटेज दिए बगैर कमी को दूर नही किया जा सकता।इसके अलावा ज्ञापन में कोलइंडिया की भूमि मुवावजा व पुर्नवास नीति का संशोधन, कोलइंडिया में कार्यरत रिस्ट्रिक्टेड सर्टिफिकेट होल्डर माइनिंग सुपर वाइजर का अधिकारी वर्ग में प्रमोशन के मामलेसीएमपीएस 98 स्कीम के तहत प्रत्येक तीन वर्षों में पेंशन प्रतिशत के बढ़ोतरी प्रवधान को लागू करना सहित मांग शामिल हैं। इस दौरान कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार भी मौजूद थें। मंत्री ने ज्ञापन के मांगो को लेकर स्क्रात्मक भरोसा दिया। कोल इंडिया डॉक्टर नियुक्ति पॉलिसी की समीक्षा की जरूरत को समझा। प्रतिनिधिमंडल में वेल्फेयर बोर्ड मेंबर सुखदेव प्रसाद, मंतोष सिंह, सोनू सिंह आदि शामिल रहे।

## स्पीड न्यूज

### टीवी मरीजों के बीच आज कंबल का वितरण

**मुरी/सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन आज हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी के सीएसआर विभाग की ओर से एलुमिना क्लब में टीवी मरीजों के बीच बढ़ी हुई कड़ाके के ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया जाएगा।

### हाथी ने महिला को किया घायल

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गोड़ाडीह राजाटोला निवासी उर्मिला देवी, 60 वर्ष पति सीताराम मुंडा को जंगली हाथी ने घायल कर दिया। आनन फानन में ग्रामीणों ने घायल महिला को सामुदायिक अस्पताल सिल्ली लेकर आए जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### पत्रकार खुर्शीद परवेज सिद्दीकी की मौत से लोग मर्माहत

**पिठोरिया।** पिठोरिया क्षेत्र के वयोवृद्ध वरीय पत्रकार खुर्शीद परवेज सिद्दीकी की मौत से लोग मर्माहत हैं। गौरतलब है कि फारुकी तंजीम अखबार के एडिटर रह चुके 80 वर्षीय खुर्शीद परवेज सिद्दीकी का गुरुवार अहले सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पिठोरिया के मदनपुर मस्जिद मोहल्ला स्थित कब्रिस्तान में दोपहर दो बजे जनाजे की नमाज पढ़ने के बाद की गई। वे लंबे समय से उर्दू पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यशील थे। उनके निधन से उर्दू पत्रकारिता क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति हुई है। वे सरल एवं मृदुभाषी स्वभाव के थे। वे उर्दू में कई पुस्तकें भी लिखे थे। उनके निधन पर रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन, सचिव अमरकांत, प्रो. अयुब, प्रो. सरवर साजिद, पत्रकार सुजीत केशरी, सुनील गुप्ता, अफरोज आलम, गुलाम रब्बानी, राममनोहर मिश्रा, समाजसेवी तनवीर अहमद, शकील अंसारी, ईदुल अंसारी, सुल्तान आदिल, आमया के एस अली, जियाउद्दीन अंसारी, दानिश अयाज, मो. इकबाल, मो. मोकर्रम, मौलाना तहजिबुल हसन, इबरार अहमद, हसीब अहमद, नकीब अहमद, तबरेज अंसारी, नौशाद खान, अनवर खान आदि ने संवेदना प्रकट की।

### ईसीएचएस का स्तर सुधारने को ले पूर्व सैनिक संजय सेठ से मिले

**नामकुम।** शुक्रवार को पूर्व सैनिको का एक प्रतिनिधि मंडल संघ के अध्यक्ष कर्नल बिरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व सांसद और रक्षाराज्य मंत्री संजय सेठ से मिला इस दौरान सैनिको ने ईसीएचएस रांची के स्तर सुधारने की मांग रखी औरअपनी मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर संघ के अध्यक्ष कर्नल बिरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सैनिको ने ईसीएचएस रांची का स्तर सुधारने की मांग सांसद सह रक्षाराज्य मंत्री से की है सैनिको ने टाईप सी से टाईप बी का दर्जा देने की मांग केन्द्रीय मंत्री सह सांसद से पूर्व सैनिकों ने किया है। जिससे उनको मिल रही सुविधांए बढ सके और उन्हे उसका लाभ मिल सके, श्री सिहं ने बताया कि ईसीएचएस संस्था पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को दूर करने के लिए बनी है। इसका सी ग्रेड से बी ग्रेड मेंअपग्रेडेशन हो जाने से सैनिको को मिल रही सुविधाएं बढ जाएंगी।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण हुआ



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण में छात्र- छात्राओं का समूह में एक दिवसीय भ्रमण में बिरसा मुंडा जैविक उद्यान ओरमांझी, मछली घर, म्यूजियम, रातू फन कैसल का परिभ्रमण कराया गया। परिभ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और भाईचारे की भावना का विकास करना है। परिभ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं में काफी खुशी देखी गई तथा उनमें सभी का सहयोग व सामंजस्य देखा गया। इस भ्रमण में विद्यालय के आचार्य दीदी जी में मनोरंजन ओझा, मनबोध कुंभकार निकु वर्मन, अर्चना सिंह,अनिता सिंह, सरिता कुमारी, हरिनंदन नोनिया, आदि मौजूद रहें।

## प्राइवेट स्कूल के संस्थापकों की बैठक में कमेटी गठित

# इंतखाब आलम अध्यक्ष व धीरेंद्र कुमार बने सचिव

- लक्ष्मी ठाकुर चुने गये उपाध्यक्ष
- अगली बैठक में कमेटी विस्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



इंतखाब आलम।



धीरेंद्र यादव।



लक्ष्मी ठाकुर।

**रातू।** प्राइवेट स्कूल के संस्थापक और संचालकों की बैठक नरोत्तम सिंह की अध्यक्षता में हुयी। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल सभागार में आयोजित बैठक के दौरान विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी। इसके उपरांत, कमेटी का गठन किया गया। इसमें लॉरिंस इंटर कॉलेज, हुरहुरी के प्राचार्य इंतखाब आलम उर्फ सोनू अध्यक्ष और कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, काठीटांड़ के धीरेंद्र कुमार यादव सर्वसम्मति से सचिव चुने गये। वहीं, संडे मार्केट स्थित डीएवी आर्या के लक्ष्मी नारायण ठाकुर को उपाध्यक्ष चुना गया। पदधारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। नवगठित कमेटी की जनवरी के अंतिम सप्ताह में होने वाली पहली बैठक में विस्तार किया जायेगा। बताते चलें, कि प्रखंड में एक सौ से अधिक निजी स्कूल हैं। संचालन आदिवासी बाल विकास विद्यालय के प्राचार्य सरयू सिंह ने किया।

**बैठक में लिया हिस्सा**

एनके झा, मो सरवर, गोरख सिंह, सुदर्शन प्रसाद, श्याम सिंह, रविरंजन कुमार, मनीष कुमार मेहता, रबीन्द्र कुमार, हर गोविंद, मो मिस्वाह, रुपाली कुजूर, अजय कुमार, राज सिंह, ओमप्रकाश राय, रंजीत कुमार, पवन देव, विष्णु कुमार, दिलीप कुमार, कुमारी स्वाति, नरोत्तम सिंह, अंबेश तिवारी, इसराइल लकड़ा व मुस्ताक अंसारी आदि।

# आपसी तालमेल बना कर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करें : डीजीपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बुंडू।** राज्य सरकार की गृह सचिव वंदना दाडेल और पुलिस महानिदेशक झारखंड अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को बुंडू अनुमंडल कार्यालय के सभागार में खूंटी और रांची जिला के सभी विभाग के पदाधिकारी के साथ अफीम की खेती को नष्ट कर समाप्त करने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में गृह सचिव और डीजीपी ने जिला के डीसी एवं एसपी एसडीएम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सभी थाना के थानेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । अफीम की खेती को रोकने के लिए सभी विभाग के पदाधिकारी में आपसी संबंध स्थापित कर जीरो टॉलरेंस के नीति पर काम करने का सख़्त निर्देश दिया इसके साथ ही पुलिस पदाधिकारी के साथ अफीम की खेती संबंधित ओर तस्करी से प्रभावित थाना पर हुए कांड की भी समीक्षा की गई गृह सचिव और डीजीपी ने राज्य में आठ जिलों पर बढ़ते अफीम की खेती पर चिंता प्रकट करते हुए कठोर कदम उठाने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया विशेष कर बुंडू अनुमंडल क्षेत्र और खूंटी जिला के सभी थाना क्षेत्र में बढ़ते अफीम खेती पर कठोर कार्रवाई एवं जमीन मालिक रैयत पर प्राथमिक की दर्ज करने का निर्देश दिया। डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को हिदायत दिया यदि पुलिस अधिकारी अफीम खेती में तस्करों के साथ मिलीभगत पाए जाने पर उसे नौकरी से बर्खास्त किया जाएगा साथ ही उसे जेल भी भेजा जाएगा आगे कहा प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में नशा कारोबारी पर 3500 से अधिक मामले दर्ज है।

गृह सचिव ने पदाधिकारी को कहा कि आमजनता को जागरूकता करें और किसानों एवं ग्रामीणों को अन्य खेती पर आए के स्रोत के बारे में जागरूकता करने की अपील किया।

## एसएफसी में जारी है मजदूरों की बेमियादी हड़ताल

# रातू : हथालन अभिकर्त्ता की मनमानी नहीं चलेगी: मोटिया

- 9.38 है प्रति बोरी बढ़ी हुई दर
- ठेकेदार 6 रुपये देने को राजी जो पूर्व देयराशि से 3.30 रुपये कम है

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** एसएफसी के मोटिया 15 दिसंबर से बेमियादी हड़ताल में हैं। वह ठेकेदार कुश पटेल से लंबित मजदूरी और प्रति बोरी बढ़ी हुयी दर 9.30 रुपये के हिसाब से भुगतान की मांग कर रहे हैं। बीडीओ एसके चौरसिया ने ठेकेदार कुश पटेल के पेटी कांट्रेक्टर और मोटिया की समस्या सुलझाने की कोशिश की। लेकिन, आशीर्वाद कुमार सिर्फ 6 रुपये प्रति बोरी देने को राजी है, जो पूर्व देयराशि से 3.30 रुपये कम है। जबकि, डीएसडी मनोज कुमार की ओर से उन्हें बढ़ी हुयी दर से मजदूरी दी जा रही है। मोटिया ने कहा कि अभिकर्त्ता की मनमानी नहीं चलेगी। फैसले के बाद ही काम शुरू किया जायेगा।

**जनवरी में नहीं मिल सकेगा खाद्यान**

मजदूरों के हड़ताल की वजह से चालू माह में लाभुकों को राशन नहीं मिल सकेगा। इससे हजारों परिवार प्रभावित होंगे। आखिर इसकी जवाबदेही कौन लेगा। मोटिया अवधेश सिंह, मनीष कुमार, दिलीप कुमार, संतोष कुमार, जयकरण मंडल, अनिल मंडल, मनोज मंडल, शत्रुघ्न कुमार, डालू राम व पंकज कुमार ने बताया कि बीडीओ व थानेदार को लिखित सूचना दी गयी है। ताकि, न्याय मिल सके।

## एक नजर में

### जमीन बिक्री करने से मना करने पर कलियुगी पोते ने दादा की लाठी से पीट कर हत्या कर ही

**अनगड़ा।** जमीन बिक्री करने से मना करने पर एक कलियुगी पोता ने अपने दादा को लाठी से पीट पीट कर हत्या कर दी। घटना अनगड़ा थाना क्षेत्र के हेसल गांव की है। बताया गया कि पोता सुनील महतो ने अपने दादा सुखुवा महतो से उनकी खतियानी जमीन जमीन विक्री करने के लिए किसी कागजात में हस्ताक्षर करने के लिए बोल रहा था। हस्ताक्षर करने से इनकार करने पर सुनील महतो आक्रमक हो गया और उसकी लाठी से पीटाई कर दी। बताया गया कि पोता ने एक दलाल से उक्त जमीन का एडवांस भी उठा लिया था। जमीन बेचने से अनापत्ति प्रमाण-पत्र डीसी से बनवाना था, उसके लिए सुखुवा महतो का हस्ताक्षर की आवश्यकता थी सुखुवा ने पेपर में हस्ताक्षर करने से मना कर दिया जिसके चलते गुस्से से सुनील ने गुरुवार की रात सुखुवा महतो 70 वर्ष की लाठी से पिटाई कर दी। देर रात उसकी मौत हो गई। बताया गया कि डेढ़ माह पूर्व भी सुनील ने जमीन को लेकर हीं अपने दादा की लाठी से पीटाई की थी जिससे उसका कमर फ्रेक्कर हो गया था। पुलिस ने इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। साथ हीं पुलिस ने हत्या आरोपी सुनील महतो को गिरफ्तार कर लिया है।

### जेटीडीसी के महाप्रबंधक को सेवानिवृत होने पर पर्यटनकर्मियों ने दी बिदाई

**अनगडा।** जोन्हा फॉल के मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड रांची के महाप्रबंधक डॉक्टर आलोक प्रसाद की सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी। विदाई समारोह का आयोजन राजकिशोर प्रसाद के अध्यक्षता में किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन बालेश्वर बेदिया ने किया। विदाई समारोह में अतिथि के रूप में राकेश कुमार, कृष्ण कुमार, सिद्धनाथ जेटीडीसी, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा आदि शामिल हुए। समारोह में अतिथियों को पारम्परिक रूप से स्वागत किया गया। विदाई समारोह में सेवानिवृत्ति डॉ आलोक प्रसाद को अंग वस्त्र, फूल माला पहना करऔर वह बुके देकर सम्मानित किया गया मौके पर डॉ आलोक प्रसादने कहा कि किसी भी क्षेत्र के सरकारी कर्मी के एक दिन सेवानिवृत्ति होना सुनिश्चित है। सेवा में आने वाले का सेवानिवृत्त होना एक परम्परा है। पर्यटन कर्मी का ढेर सामान स्नेह और प्यार मिला उसको मैं जीवन भर नहीं भुलूंगा। डॉ श्री आलोक प्रसाद को पर्यटन कर्मियों के द्वारा कई उपहार भेंट स्वरूप दिये गए। मौके पर झारखंड पर्यटक सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, सचिव सुशांत कुमार लोहरा उपाध्यक्ष योगेश्वर अहीर, कोषाध्यक्ष सोहन बेक, राजेन्द्र महतो, नंदराम पूर्ति बच्चन नाग,दुर्गा भेंगरा, बुधराम बेदिया सुशांत कुमार लोहरा, सुरेन्द्र महतो, हरेन्द्र महतो, धन्नजय महतो, मेघनाथ बेदिया, नागेश्वर बेदिया, देवेंद्र सिंह, सुरजन लोहरा, प्रदीप महतो, बीर सिंह मुण्डा, रामकिष्टो मिर्धा, कोशिला देवी लालो देवीविडम्बर बेदिया, युगल किशोर बेदियाआदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने चोरी के दो कांडों का किया खुलासा

**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 13/25 के तीन नामजद आरोपियों को कमड़े से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें सुखदेव नगर ईरगुटोली स्थित जतरु लॉज में रहने वाले रामचंद्र साहू के पुत्र सतीश कुमार साहू, जयप्रकाश नगर पहाड़ी टोला निवासी कमल वर्मा का पुत्र टिंकू वर्मा और हुसैन महतो का पुत्र श्रवण महतो शामिल हैं। इन पर चटकपुर के एक घर से चोरी करने का आरोप है। पूछताछ के दौरान उन्होंने कांड संख्या 334/24 में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। इनके पास से तीन मोबाइल, एक मिक्सी, वोट कंपनी का स्पीकर और चोरी में प्रयुक्त प्लास, रेती और हथौड़ी बरामद किये गये गये हैं।

### सुरेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर असहायों को कंबल और खाद्य सामग्री वितरण किया गया



**खलारी।** 1960 के दशक के समाजसेवी व दूरदर्शी सोच रखने वाले स्व॰सुरेन्द्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि के.डी. क्लब में मनाया गया। उनके पुण्यतिथि पर उनके वंसजो के द्वारा असहाय वृद्ध लोगो के बीच कंबल व खाद्यसामग्री का वितरण कोय गया। पुण्यतिथि पर उपस्थित लोगों ने स्व सुरेंद्र जी के अच्छाइयों और समाज के लिए किए गए कार्यों को बखान किया। लोगो ने कहा कि वे मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया करते थे।1960 के दशक में खलारी आने के बाद उन्होंने अपने व्यक्तित्व से अपनी सालीन छवि बनायी थी। कोयला व्यवसाइयों में भी उनका नाम काफी मशहूर था। मौके पर ददन सिंह, अरविंद सिंह, राजू सिंह, रंजन सिंह बिट्टू, राजेश सिंह मिंटू, तेज नारायण सिंह, ललन सिंह, विक्की सिंह, रौशन लाल, कुमुद रंजन सिंह, मुन्ना देवी, पवन सिंह, देवेंद्र सिंह, अजय सिंह, गुड्डू सिंह, पंकज सिंह, रविन्द्र सिंह, प्रिंस सिंह, अभिषेक, अजय, पुनीत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### ओड़िशा से रांची लाय जा रहे नौ गोवंश के साथ पुलिस ने तीन तस्करों को धर दबोचा

**नामकुम।** पुलिस ने उड़ीसा से तस्करी कर कांटाटोली लेकर जा रहे नौ गौवंशीय पशुओं की खेप को पकड़ा है। मामले में तीन तस्कर भी गिरफ्तार किए गए है। थानेदार ब्रहमदेव प्रसाद ने बताया कि उन्हें शुक्रवार सुबह गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ पशु तस्कर एक बोलेरो पिकअप में तस्करी कर पशु लेजा रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने सदाबहार चैक पर वाहन जांच लगाया। लगभग साढ़े नौ बजे खरसीदाग की ओर से आ रहे पिकअप वैन संख्या जेएच01ईएक्स8675 पुलिस को देखकर भागने लगी। जिसे एसआई गौतम कुमार ने पीछाकर सिटी इंडेन गैस एजेंसी समीप पकड़ा। पुलिस ने गोवंशों के कागजात मांगे, जिसपर वैन सवार शेख गुलाम सरवर, बेलाल खान और शोएब खान ने बताया कि उनके पास कोई वैध कागजात नही है। वे गोवंशों को उड़ीसा से तस्करी कर कांटाटोली ले जा रहे थे। पुलिस ने वैन को जब्त कर जांच की तो उसमें नौ पशु बांध कर लादे गए थे। उसमें एक पशु की मौत हो गई थी। पुलिस ने पकड़े गए तीनो तस्करों एवं वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर तीनों गिरफ्तार तस्करों को जेल भेज दिया है।

### मकर संक्रांति पर खुखरा में गंगा महाआरती की तैयारी जोरों पर

**बेड़ो।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर राइजिंग यूथ खुखरा के तत्वावधान में लगातार दूसरे वर्ष आगामी 15 जनवरी दिन बुधवार को प्रखंड के ऐतिहासिक खुखरा गांव स्थित बेर तालाब में भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया गया है। जहां गांव के देवी मंडप से शोभायात्रा मां गंगा पूजन व भव्य आरती का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर राइजिंग यूथ के सदस्य बेर तालाब के तट की साफ-सफाई कर समूचे तट आकर्षण रंग रोगन कर सजाने की तैयारी की जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक सदानंद गोस्वामी ने बताया कि 15 जनवरी की शाम को होने वाली गंगा आरती को लेकर जोर शोर तैयारी की जा रही है जो अब पूर्णता की ओर हैं ।आयोजन भव्य व आकर्षण हो इसके लिए पूरे तालाब परिसर की साफ सफाई के साथ रंगीन रोशनी व फूलों से तालाब परिसर को सजाने का काम किया जाएगा ।जगमगाती रौशनी में मां गंगा की आरती यहा आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। आयोजन में भव्य व आकर्षण हो इसके लिए गांव के युवाओं द्वारा सराहनीय पहल की गई है। कार्यक्रम में 4:00 से शोभायात्रा का आयोजन प्रारंभ होगा।

# डीसी ने तमाड़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया



- अबुआ साथी व्हाट्सएप्प नंबर 9430328080 का प्रचार प्रसार कराने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने तमाड़ प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। आमजनों कि विभिन्न जगहों से मिल रही शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त तमाड़ पहुंचे। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंचते ही उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। प्रखंड सह अंचल कार्यलय में निजी संस्थान द्वारा चल रहें भू-मापक (अमीन) सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम की जाँच कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यलय में सर्व शिक्षण जन सृजित सेवा संस्थान द्वारा चल रहें भू-मापक सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम की जाँच करने के निर्देश दिए। संस्थान द्वारा 350 रुपए लोगों से लिया जा रहा था। जिसको लेकर उपायुक्त द्वारा संस्थान द्वारा दिए जा रहें 2 माह के प्रशिक्षण सर्टिफिकेट की उपयोगिता की जांच कराने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की एवं पिछले वित्तीय वर्ष में अबुआ आवास का लक्ष्य और कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने त्वरित गति से आवास पूर्ण करवाने के निर्देश दिया गया।

**निर्माण हो रहें अबुआ आवास का किया निरीक्षण**

उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा तमाड़ पूर्वी में बन रहें अबुआ आवास देखते हुए इसे जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया एवं यहां कुछ महिलाओं से मिल कर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि उनके खाते में आई इसकी जानकारी लेते हुए इस राशि का सही उपयोग करने को कहा। बहुत सी महिलाएं मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान राशि मिलने की बहुत खुशी जाहिर करते हुए कहा की राज्य सरकार की इस योजना ने उनके जीवन में बदलाव लाया है। तमाड़ पूर्वी में स्थित मंदिर के बाहर गंदगी और चापानल के आगे पानी जमा रहने को लेकर उपायुक्त द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी तमाड़ को मुखिया श्रीमती धनमणि देवी पति श्री सोनाराम मुंडा को शो कॉज करने का निर्देश दिया।

### धान अधिप्राप्ति योजना से आच्छादित करने के लिए बेड़ो में आज से

**बेड़ो।** कृषि, पशुपालन व सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के आदेशानुसार बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के धान उपार्जित करने वाले किसानों को धान अधिप्राप्ति योजना से आच्छादित करने के लिए 11 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक प्रखंड के पंचायतों में किसानों का निबंधन कैंप का आयोजन किया गया है। जो इस प्रकार है। 11 जनवरी को पंचायत सचिवालय बेड़ो, केशा, पुरियो, हरिहरपुर जामटोली, दिघिया, करांजी, मुरतो व टेरो 13 जनवरी को जरिया, चचकोपी,ईंटा नेहालु कपरिया 15 जनवरी डोरंडा, तुतलो, खुखरा व करकरी में कैंप का आयोजन होगा।

# दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबाल में भुरकुंडा बना चैपियन

खबर मन्त्र संवाददाता

## राहुल टुडु ने भुरकुंडा को बनाया चैपिंयन



अतिथियों के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी।

**ओरमांझी।** दीदी नीलम आनन्द स्मृति फुटबॉल का फाइनल मैच भुरकुंडा ने जीत लिया है। शिव शिष्य परिवार द्वारा आयोजित फाइनल मुकाबला शुक्रवार सरना युनाइटेड लपंगा भुरकुंडा एंव केपीएल खटंगा के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा। दोनो टीम के खिलाड़ियों द्वारा काफी आकर्षक खेल का प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीताने का प्रयास किया। खटंगा के खिलाडियों द्वारा कई बार गोल करने करने का शानदार प्रयास किया। लेकिन लपंगा के गोलकिपर राहुल टुडं ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबला ट्राइब्रेकर तक ले गया। वहीं ट्राइब्रेकर में भी वह शानदार गोलरक्षा कर अपनी टीम को 3-2 से जीत दिला दिया। इस शानदार खेल प्रदर्शन के लिए राहुल टुडु को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व बालिकाओं के बीच एक प्रदर्शनी मैच भी खेला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के अध्यक्ष बरखा सिन्हा व मुख्य सलाहकार अर्चित आनन्द द्वारा विजेता टीम को विजेता टीम को 51 हजार रुपये व उपविजेता टीम को 31 हजार रुपये और विजेता व उपविजेता ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे तीसरे व चैथे स्थान में रहने वाली टीम को भी पुरस्कार के साथ 61-61 सौ रूपया मिला। अर्चित आनंद ने कहा युवाओं में सामाजिक एकता बनाए रखने में खेल का काफी महत्वपूर्ण भुमिका रहा है। खासकर फुटबॉल प्रतियोगिता ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह बनाने व गांव-गांव को एक मंच पर लाने का बेहतर मंच प्रदान करती है। कार्यक्रम में जिप सदस्य सरिता देवी, आयोजन समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया बिनोद बेदिया, पंसस प्रवेश भोगता, सचिव विनोद कुमार महतो, नवीन कुमार, ग्रामप्रधान शंकर करमाली, कोषाध्यक्ष रामराज महतो, रमेश कुमार महतो, सत्यनारायण मुंडा, रामप्रसाद सिंह, दीपक नायक, जीवन मुंडा, मोहित करमाली, प्रदीप बेदिया, दिलेश्वर बेदिया, दिनेश करमाली, कामेश्वर बेदिया, नीतीश मुंडा, प्रकाश बेदिया, प्रीतम सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

स्पीड न्यूज

## अमरप्रीत सिंह काले ने राज्यपाल से मुलाकात की



**जमशेदपुर।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार जी से आज समाजसेवी व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमर प्रीत सिंह काले ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जमशेदपुर और राज्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। अमरप्रीत सिंह काले ने राज्यपाल महोदय को जमशेदपुर में हर वर्ष की भांति शहीद दिवस , 23 मार्च को इस वर्ष भी आयोजित होने वाली भव्य तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। ज्ञात हो कि श्री काले द्वारा स्थापित राष्ट्रभक्ति के कार्यक्रमों को संचालित करने वाली संस्था ' नमन शहीदों के सपनों को...' के तत्वावधान में यह अद्वितीय यात्रा निकाली जाती है जिसमे हजारों शहरवासी बहुत ही श्रद्धा से शामिल होते है जिससे यह यात्रा एक मिशाल बन चुकी है और नौजवानों के आकर्षण का केंद्र बन गई है ।

## भाजपा उलीडीह मंडल ने किया कंबल वितरण

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो के सौजन्य से आज शुक्रवार को मंदिर पथ, रोड नंबर 15, जवाहर नगर, मानगो में भाजपा उलीडीह मंडल के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुश्री संध्या नंदी, राजू प्रजापति, अनिमेष सिन्हा, राकेश प्रसाद, प्रसेनजीत महापात्रा, अमित तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## निवर्तमान पार्षद पिंकी चौधरी ने करवाया कंबल वितरण

**गम्हरिया।** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड तीन की निवर्तमान पार्षद पिंकी चौधरी की ओर से शांतिनगर में बढ़ते ठंड के मद्देनजर जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे ठंड को लेकर बताया नगर निगम को ओर से जरूरतमंद लोगों के लिए 45 कम्बल उपलब्ध कराया गया था जिसका वार्ड में वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर ननि के अधिकारी विशाल पांडेय, बंकिम चौधरी, शेखर सुमन, शुभम पांडेय, शंभू कर्मकार, कल्पना दास, मोनिका लोहार, भारती रजक, मंजू देवी, आदि भी उपस्थित थे।

## कंबल का वितरण

**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब जमशेदपुर और इनर व्हील क्लब जमशेदपुर अस्मिता ने मिलकर एक विशेष सेवा परियोजना का आयोजन किया। जिसके तहत लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज के छात्रावास में रहने वाले 101 जरूरतमंद आदिवासी छात्रों के बीच कंबलों का वितरण किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में सांस्कृतिक गतिविधियां सहायक : नमिता


## अरका जैन यूनिवर्सिटी में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव आगाज की रंगारंग शुरूआत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर की शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में एक नई ऊर्जा भरते हुए अर्का जैन यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव आगाज का शुभारंभ हुआ। समारोह का उद्घाटन सम्माननीय मुख्य अतिथि जमशेदपुर पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल नमिता अग्रवाल और दयावंती मोदी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल संपा बनर्जी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस भव्य आयोजन का आरंभ सांस्कृतिक रंगों और सृजनात्मक ऊर्जा के उत्साह से सराबोर था।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देती एक छात्रा।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, बल्कि उनके व्यक्तिगत और शैक्षणिक विकास में भी सहायक सिद्ध होते हैं। नमिता अग्रवाल ने कहा, सांस्कृतिक गतिविधियां छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करती हैं जहां वे अपनी छिपी प्रतिभाओं को उजागर कर सकते हैं और जीवन में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। दयावंती मोदी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल संपा बनर्जी ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां छात्रों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि अरका जैन यूनिवर्सिटी ने छात्रों को न केवल अकादमिक बल्कि सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में भी निखारने का अवसर प्रदान किया है।

यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा, हमारा उद्देश्य छात्रों को एक ऐसा मंच देना है जहाँ वे अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को उजागर कर सकें। 'आगाज' केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह छात्रों के जीवन में आत्मविश्वास और नेतृत्व गुणों का संचार करने का माध्यम है।

वहीं, वाइस चांसलर डॉ. ईश्वरन अय्यर ने कहा, ह्नहमारे वार्षिक उत्सव का उद्देश्य छात्रों को मनोरंजन के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहयोग देना है। टीम वर्क, नेतृत्व कौशल और आत्मनिर्भरता विकसित करने में ऐसे कार्यक्रमों की भूमिका अतुलनीय होती है।

इस बार आगाज उत्सव की थीम - शांति और विश्वास पर आधारित है। यह थीम न केवल छात्रों को अपनी कला और संस्कृति प्रदर्शित करने का मौका देती है, बल्कि जीवन के सकारात्मक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा भी देती है। दो दिवसीय इस उत्सव में लगभग 25 संस्थानों के 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है, जो इसे और अधिक विविधतापूर्ण और जीवंत बना रहे हैं।

इस भव्य आयोजन के दौरान कई आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बैंड प्रस्तुति, फैशन शो, डांस और सिंगिंग प्रतियोगिता, मेहंदी डिजाइनिंग, पॉट पेंटिंग, गली क्रिकेट, ह्यूमन लूडो और सेलिब्रिटी शो प्रमुख हैं। इन कार्यक्रमों ने छात्रों में जोश और उत्साह की लहर पैदा कर दी है।

आगाज उत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आत्मविश्वास और सृजनात्मकता से भरपूर माहौल प्रदान करना है। यह मंच न केवल उनके कौशल और क्षमताओं को निखारता है, बल्कि उन्हें नेटवर्किंग और टीम भावना विकसित करने के अवसर भी देता है। इसके साथ ही, इस आयोजन के माध्यम से उद्यमिता और नेतृत्व कौशल के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास भी किया जा रहा है। यूनिवर्सिटी के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. अंगद तिवारी ने कहा, ऐसे आयोजन छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक माहौल तैयार करते हैं, जहाँ वे अपनी सृजनात्मकता और नेतृत्व क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकते हैं। इस भव्य उत्सव की पहली शाम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सराबोर रही, जबकि अगले दिन के कार्यक्रमों में प्रतिभागियों का जोश देखते ही बनता है। निश्चित रूप से, आगाज छात्रों के जीवन में एक नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार कर रहा है।

### ये थे उपस्थित

उद्घाटन समारोह में यूनिवर्सिटी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें रजिस्ट्रार डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव, वाइस चांसलर डॉ. ईश्वरन अय्यर, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. अंगद तिवारी, संयुक्त रजिस्ट्रार डॉ. जसबीर सिंह धंजल और बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन डॉ. एस. एस. रजी मुख्य रूप से शामिल थे।

### डीसी की अध्यक्षता में हुई कारा सुरक्षा एवं उत्पाद विभाग की समीक्षा बैठक

# घाटशिला उप-कारा का होगा विस्तार, स्टेशन कोर्ट भी बनेगा

## दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आहूत बैठक में डीसी अनन्य मित्तल द्वारा कारा सुरक्षा एवं उत्पाद विभाग की समीक्षा की गई। बैठक में घाघीडीह कारा, साकची कारा, घाटशिला उप कारा में सुरक्षा व्यवस्था एवं कारा में स्थित सेल, अस्पताल, वॉच टावर, पेयजल आपूर्ति आदि आधारभूत सुविधा की आवश्यक मरम्मति एवं जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा की गई । कारागार की क्षमता वृद्धि को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया गया तथा कारा के आसपास अवस्थित रैयती जमीन के अधिग्रहण हेतु प्रस्ताव विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया ।



बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल।

रेलवे स्टेशन कोर्ट का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश भी दिया गया।

घाघीडीह कारा में पेयजल के स्थाई समाधान के लिए पीएचईडी को बागबेड़ा जलापूर्ति योजना से जोड़ने में आ रही अड़चन को मार्च से पूर्व दूर करने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही कैदियों के लिए पेंटिंग (सोहराई) प्रशिक्षण व अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ने पर विचार भी किया गया। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से जेल में 4-जी, 5-जी जैमर लगाने, आवश्यकतानुसार वॉकी-टॉकी उपलब्ध कराने, वॉच टॉवर में पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती, पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रखने का निर्देश भी दिया गया। सिक्योरिटी ऑडिट के तहत प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को नियमित अंतराल पर सभी कारा, उप कारा, बाल सुधार गृह, अस्पतालों के कैदी वार्ड, कोर्ट हाजत का औचक निरीक्षण करने तथा रेड करने का निर्देश भी दिया गया । अनाधिकृत रूप से जेल और आवासीय परिसर के आसपास अड्डाबाजी या अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई का निदेश दिया गया । प्रभावी कार्रवाई के लिए सूचनातंत्र को मजबूत करने पर बल दिया ।

उत्पाद विभाग को बार, दुकान, डीलरों की जांच, नकली शराब कारोबारी पर रेड, उनके विरूद्ध की गई शिकायतों पर कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया। जिले में सभी बार की समय सारणी के नियम एवं कायदों की जांच करने का निर्देश भी दिए गए । बार संचालकों का वन टाईम्स लाईसेंस की जांच करने का निर्देश भी दिया गया ।

बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, सिटी एसपी श्री कुमार शिवाशीष, एसडीएम घाटशिला श्री सुनिल चंद्रा, डीएसपी, जेल अधीक्षक, उत्पाद विभाग के पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# एक्सएलआरआइ में 18 को निखिल और 19 को सोनू निगम देंगे प्रस्तुति

### 18-19 जनवरी को होगा मैक्सी फेयर, इंटरटेनमेंट का होगा फुल डोज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में 45 वें मैक्सी फेयर का आयोजन 18 व 19 जनवरी को होगा. मार्केटिंग एसोसिएशन ऑफ एक्सएलआरआइ ( मैक्सी ) की ओर से आयोजित इस मेले में शहर के करीब 15,000 लोग शामिल होंगे। इस दौरान शहर के बच्चों की रचनात्मक दक्षता के लिए आर्ट अटैक, शहर की ब्यूटी और ब्रेन की परख करते हुए मिस्टर एंड मिस जमशेदपुर, डांस मेनिया के जरिए नृत्यकला, खाना-पकाना के साथ दिल जीतने के लिए मास्टर शेफ, बच्चों के लिए फैशन और डांस शो के अलावा और भी बहुत कुछ आयोजन होंगे।

कुछ प्रतियोगिताएं सभी आयुवर्ग के लिए होंगी वहीं फूड व अन्य मार्केटिंग स्टॉल के बीच सेल्फी कॉर्नर भी खास आकर्षण होगा। 18 जनवरी की शाम प्रसिद्ध प्ले बैक सिंगर निखिल डिसूजा जबकि 19 जनवरी की शाम को सोनू निगम अपनी गायकी से सभी को झूमने पर मजबूर करेंगे। एक्सएलआरआइ के फुटबॉल ग्राउंड में इस संगीतमयी शाम का आयोजन किया जाएगाद्व। मैक्सी फेयर में देश की कई कंपनियों के प्रतिनिधि अपनी समस्याओं के साथ शामिल होंगे जबकि एक्सएलआरआइ के विद्यार्थी शहर के लोगों के दिमाग पर खेल-खेल में रिसर्च करेंगे। इसके बाद जो भी उभर कर सामने आता है, उस पर समेकित रूप से एक्सएलआरआइ के विद्यार्थी रिसर्च कर कंपनियों को सौंपेंगे। पूर्व में पेप्सिको, रिचर्डसन हिंदुस्तान हर्बल विक्स, नेस्ले जैसे ब्रांड की समस्याओं पर भी मैक्सी फेयर में हो चुका है। गौरतलब है कि वर्ष 1979 से लगातार मैक्सी फेयर का आयोजन किया जा रहा है।





### ये गतिविधियां होंगी, जिसमें लोग ले सकेंगे हिस्सा

**आर्ट अटैक** : नवोदित कलाकारों के लिए अपनी कला और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन अवसर

**फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता** : बच्चों और बड़ों के लिए एक मजेदार वेशभूषा प्रतियोगिता

**मिस्टर एंड मिस जमशेदपुर** : प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का परीक्षण

**जमशेदपुर का पसंदीदा परिवार** : परिवारों के बीच रोमांचक और इंटरएक्टिव खेल

**सा रे गा मा पा जमशेदपुर** : स्थानीय गायकों के लिए एक मंच जहां वे अपनी गायन क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं

**मास्टरशेफ जमशेदपुर** : खानपान के शौकिनों के लिए एक कुकिंग प्रतियोगिता

**डांस मैनिया** : उमंग और उत्साह से भरपूर डांस प्रस्तुतियां जो दर्शकों का दिल छू लेंगी

## टाटा स्टील यूआईएसएल की टीम प्रारूप और विंडो को एनसीक्यूसी 2024 में मिला उत्कृष्टता पुरस्कार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल की टीम विंडो और प्रारूप को वर्चुअल रूप से आयोजित राष्ट्रीय गुणवत्ता अवधारणा सम्मेलन (एनसीक्यूसी) 2024 में उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया । पावर सर्विसेज डिवीजन की टीम विंडो ने प्रशासनिक भवन में बार-बार होने वाली बिजली कटौती और लंबे समय तक बिजली आपूर्ति को कम करना शीर्षक से एक परियोजना प्रस्तुत की ।

टीम ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति में बार-बार होने वाली रुकावटों और बिजली आपूर्ति को बहाल करने में लगने वाले लंबे समय से संबंधित चुनौतियों के समाधान पर चर्चा की, जिससे विश्वसनीयता और परिचालन दक्षता में सुधार हुआ । साथ ही, तकनीकी सेवाओं की टीम प्रारूप ने अपनी परियोजना भूमिगत उपयोगिता मार्ग का पता लगाने में आने वाली कठिनाइयों को कम करना के साथ एक महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित किया ।

भूमिगत उपयोगिताओं की पहचान को कारगर बनाने के लिए समाधानों का नवाचार करके, उन्होंने सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार किया और रखरखाव गतिविधियों के दौरान समय की देरी को कम किया ।

### डॉग शो के दूसरे दिन रहा साईबेरियन हस्की का जलवा



जमशेदपुर में चल रहे डॉग शो के दूसरे दिन एक साईबेरियन हस्की डॉग को दुलारती उसकी विदेशी हैंडलर।

## विधायक हुए समस्याओं से अवगत

**गोइलकेरा।** मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय स्थित अपने कक्ष में जनता दरबार आयोजित किया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक समस्याएं विधायक के समक्ष आये। कदमडीहा पंचायत की मुखिया द्रौपदी पुरती ने पंचायत भवन निर्माण में घटिया ईंट का इस्तेमाल किये जाने की शिकायत की। वहीं कई ग्रामीणों ने गोइलकेरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जलमीनार निर्माण कार्य अधूरा रहने की जानकारी दी। जिसपर विधायक ने मौके से ही पीएचईडी के अधिकारी को दूरभाष पर अधूरे जलमीनार को गर्मी से पूर्व पूरा करने का निर्देश दिया।

### श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन कृष्ण-सुदामा समेत अनेक प्रसंगों पर प्रवचन

**जमशेदपुर।** विजया गार्डन में चल रही इन दिनों सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं । उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है।

## यूसील : महीने के अंत में सेवानिवृत होंगे मुख्य कार्मिक प्रबंधक समेत 27 लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**जादूगोड़ा ।** जनवरी महीने में यूसिल के मुख्य प्रबन्धक( कार्मिक ) संजय चटर्जी, समेत कुल 27 लोग सेवानिवृत हो जायेगे।जिसकी स्वागत के लिए ढोल नगाड़े , साउण्ड बॉक्स समेत वाद्य यंत्रों से स्वागत की तैयारी चल रही है। इधर यूसिल की झारखंड से आंध्र प्रदेश की तुम्मला पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट में पदस्थापित संजय चटर्जी 35 वर्षों की शानदार सेवा के बाद आगामी 31 जनवरी को सेवानिवृत हो जायेगे।साढ़े तीन दशक तक यूसिल की विभिन्न विभागों मसलन वित्त, सूचना प्रौद्योगिकी, प्रशासन, कार्मिक और यहां तक कि हिंदी अनुभाग जैसे क्षेत्रों में अपनी बहुमुखी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध, संजय चटर्जी ने प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में शामिल होने के बाद से यूसील पर एक अमिट छाप छोड़ी है।इसके पूर्व जून 1988 में, उन्होंने कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड (एएसआरबी), सीएसआर, भारत सरकार के तहत एक इकाई, पूसा कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में एक सिस्टम ऑफिसर के रूप में अपने करियर की शुरूआत की। इसके बाद, 21 जुलाई, 1989 को वे यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की जादूगोड़ा लेखा विभाग में योगदान दिया। उनके उल्लेखनीय योगदानों में जादुगोड़ा में निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के लिए सर्वर रूम की स्थापना समेत नरवापहाड़, तुरामडीह और तुम्मलपल्ली में कंप्यूटर सिस्टम और नेटवर्क को विकसित करने और स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यूसिल के तकनीकी बुनियादी ढांचे पर स्थायी प्रभाव पड़ा। वह जीवन के प्रति अपने स्वतंत्र दृष्टिकोण के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने कंप्यूटर विज्ञान में बी.टेक, पीजीडीबीए, एलएलबी, एम.एससी., पीजीडीसीए, एमबीए और सिस्को और ओरेकल प्रशासक के रूप में प्रमाणपत्र सहित कई शैक्षणिक योग्यताएं अर्जित की हैं।

# टाटा स्टील फाउंडेशन की प्लेसमेंट ड्राइव में मिले 27 युवाओं का हुआ प्लेसमेंट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**वेस्ट बोकारो/ रामगढ़/ रांची/ जमशेदपुर।** झारखंड के 27 उम्मीदवारों को वेस्ट बोकारो डिवीजन में टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों से आकर्षक नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हुए। पिछले महीने आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में एमआरएफ टायर्स और श्नाइडर जैसी कंपनियों से नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हुए। कुल मिलाकर 50 उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें से 27 उम्मीदवारों को नौकरी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। 6 उम्मीदवारों को एमआरएफ टायर्स, भरूच (गुजरात) में नौकरी मिली, 16 उम्मीदवारों को चेन्नई (तमिलनाडु) में और 5 लड़कियों को श्नाइडर, हैदराबाद (तेलंगाना) में नौकरी मिली। बेरोजगारी की बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए, हर साल फाउंडेशन, जमशेदपुर स्थित मॉडल करियर सेंटर (एमसीसी) के साथ मिलकर प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करता है। इन ड्राइव्स का उद्देश्य 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवारों को लक्षित करना है, विशेष वंचित समुदायों के क्षेत्रों से, जिनके पास न्यूनतम योग्यता के रूप में कक्षा 10 तक की शिक्षा और कुछ मामलों में पोस्टग्रेजुएट डिग्री होती है। वित्तीय वर्ष 2024 में, विभिन्न पंचायतों में छह सफल प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गईं, जिनमें 763 उम्मीदवारों ने करियर काउंसलिंग सत्रों में भाग लिया, जिनमें 274 महिलाएं भी शामिल थीं। इन सत्रों के बाद, 416 उम्मीदवारों ने इंटरव्यू दिया, जिसके परिणामस्वरूप भारत भर की प्रमुख कंपनियों जैसे विसट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स, एमआरएफ टायर्स, श्नाइडर और मैट फाउंड्री में 85 उम्मीदवारों को नौकरी मिली। प्लेसमेंट ड्राइव के प्रारंभिक वर्षों में यह देखा गया कि कई उम्मीदवार स्थान संबंधी समस्याओं, बड़े शहरों में जाने से डर या आर्थिक प्रतिबंधों के कारण नौकरी के प्रस्तावों को ठुकरा देते थे। प्री-प्लेसमेंट करियर काउंसलिंग सत्रों की शुरूआत इस प्लेसमेंट ड्राइव पहल के दायरे को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई है। ये सत्र उम्मीदवारों को उद्योग की अपेक्षाओं और कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं को समझने में मदद करते हैं, जिन्हें मानव संसाधन कर्मियों द्वारा वर्चुअल ब्रीफिंग के माध्यम से बताया जाता है। इस संरचित दृष्टिकोण ने युवाओं की भागीदारी और अपने गृह नगरों से बाहर काम करने की प्रेरणा में महत्वपूर्ण सुधार किया है। युवा लड़के-लड़कियों के लिए ये अवसर उनके पेशेवर करियर की शुरूआत का एक सशक्त मंच साबित होते हैं।



22 वर्षीय सफल उम्मीदवार बबीता कुमारी ने कहा, मैं अपनी पढ़ाई के तुरंत बाद नौकरी के इस अवसर के लिए आभारी हूं। पड़ोसी गांवों की लड़कियों के साथ सहयोगात्मक माहौल में काम करना मेरे लिए स्थिरता और उद्देश्य लेकर आया है। इस अवसर ने सचमुच मेरी जिंदगी बदल दी है।

## पहले वनडे में भारत की आयरलैंड पर छह विकेट से जीत, तेजल ने जड़े अर्धशतक

# प्रतिका शतक से चूकीं, टीम को मिली शानदार जीत

**एजेंसी**



**राजकोट।** भारतीय महिला टीम ने प्रतिका रावल (89 रन) और तेजल हसाबनिस (नाबाद 53 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ शुरूआती महिला एकदिवसीय मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज की। आयरलैंड ने कप्तान गैबी लुईस के 92 रन और उनकी लियाह पॉल (59 रन) के साथ 117 रन की साझेदारी से 7 विकेट पर 238 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने यह लक्ष्य 34.3 ओवर में 4 विकेट पर 241 रन बनाकर हासिल कर लिया। भारत की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने जीत के बाद कहा कि इन विकेटों पर गेंदबाजी करने के लिए गेंदबाजों ने अच्छा काम किया। फील्डिंग बेहतर होने की जरूरत है। हमारे बल्लेबाजों के लिए वास्तव में खुशी है। तेजल ने अच्छा खेला। पिछले कुछ दिनों में हमारी अच्छी बातचीत हुई है। आपको गेंदबाजों को जानना जरूरी है। यह हमारे लिए एक आदर्श दिन था। हमें उन्हें 180 तक सीमित रखना चाहिए था, आगे भी हम ऐसा करने का लक्ष्य रखेंगे। आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान गैबी लुईस ने कहा कि मैं अच्छा महसूस कर रही हूं, काफी बेहतर महसूस कर रही हूं। ऐसा मत सोचो कि हमने अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से बल्लेबाजी की, सिर्फ सकारात्मकता पर ध्यान केंद्रित किया। मुझे खुशी है, हम वहां टिके रहे और एक अच्छी साझेदारी बनाई (लीह पॉल के साथ)। बांग्लादेश के लिए, विकेट अलग थे। यह सब (परिस्थितियों के अनुरूप) ढलने के बारे में है। हमारी फील्डिंग और स्पिनरों की गेंदबाजी - इस खेल से सीखने के लिए कुछ सकारात्मक चीजें थीं।प्लेयर ऑफ द मैच बनी प्रतिका रावल ने कहा कि मैं यहां सहज हूं। इससे बहुत मदद मिलती है, हमेशा मंधाना को दूसरे छोर से देखने का आनंद लें। मनोविज्ञान का छात्र होने से भी शांत रहने में मदद मिलती है। हम बस इसे सरल बनाए रखने की कोशिश कर रहे थे, हमारी शुरूआत अच्छी रही। हमें बस लय बरकरार रखनी थी। अंत में तेजल ने भी बहुत अच्छा खेला। वास्तव में हम सभी ने अच्छा खेला। भारतीय क्रिकेटर तेजल हसब्निस ने कहा कि मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, खुशी है कि मैंने टीम की जीत में योगदान दिया। यह सबसे ज्यादा मायने रखता है। मेरा गेम प्लान सरल था, मुझे पीछा करना पसंद है। मैं स्थिति के अनुसार खेल रही थी। शुरूआत में स्ट्राइक रोटेट की और जब गेंद स्लॉट में थी तो बाउंड्री लगाई। इसने मेरे लिए बहुत अच्छा काम किया।




### मंधाना ने वनडे में पूरे किए 4000 रन, मिताली के बाद दूसरी भारतीय बनीं

**राजकोट।** भारतीय महिला टीम का आयरलैंड से तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में सामना हो रहा है। इस मैच में भारतीय महिला बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने दमदार प्रदर्शन किया और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने वनडे क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए। इस तरह वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार हजार वनडे रन बनाने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज बन गईं। 28 वर्षीय बल्लेबाज ने वनडे में 4000 रन पूरे कर लिए हैं। वह मिताली राज के बाद ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज हैं। बाएं हाथ की बल्लेबाज ने पारी के नौवें ओवर में यह उपलब्धि हासिल की। मंधाना के नाम वनडे प्रारूप में 29 अर्धशतक और नौ शतक दर्ज हैं।

#### दुनिया की 15वीं बल्लेबाज बनीं मंधाना

राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में स्मृति मंधाना ने 29 गेंदों में 41 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने छह चौके और एक छक्का लगाया। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार हजार रन पूरे करने वाली दुनिया की 15वीं बल्लेबाज बन गईं। अपने करियर का 95वां मुकाबला खेल रहीं मंधाना इस मैच में टीम की अगुआई कर रही हैं। दरअसल, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को इस सीरीज के लिए आराम दिया गया है। उनकी जगह मंधाना को टीम के नेतृत्व का जिम्मा सौंपा गया है।

# वरुण ने क्रिकेट को कहा अलविदा

### विजय हजारे में झारखंड की हार के बाद लिया फैसला

- वरुण ने 35 साल की उम्र में लिया क्रिकेट से संन्यास
- 2011 में धोनी की कप्तानी में किया था इंटरनेशनल पदार्पण
- आइपीएल में हार्दिक की कप्तानी में बने थे चैंपियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लगातार चोट से परेशान रहने वाले भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। विजय हजारे ट्रॉफी में उनकी घरेलू टीम झारखंड के अभियान समाप्त होने के बाद आरोन ने यह फैसला लिया। उन्होंने अपने करियर में नौ वनडे और इतने ही टेस्ट मैच खेले।

#### इंस्टाग्राम पर किया एलान

आरोन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, पिछले 20 साल से मैं तेज गेंदबाजी को समर्पित रहा हूं। आज पूरी कृतज्ञता के साथ मैं आधिकारिक तौर पर क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। इतने साल में मैने करियर के लिए खतरा बनी अनेक चोटों से उबरने में शारीरिक और मानसिक तौर पर काफी मेहनत की, बार-बार वापसी की और इसके लिए मैं अपने फिजियो, ट्रेनर और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कोचों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, अब मैं अपने जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का लुत्फ उठाना चाहूंगा, लेकिन खेल से भी जुड़ा रहूंगा जिसने मुझे सब कुछ दिया है। तेज गेंदबाजी मेरा पहला प्यार रहा है और हमेशा मेरे जीवन का अहम हिस्सा रहेगा।

#### वरुण आरोन का करियर



वरुण ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में टेस्ट डेब्यू किया था और भारत के लिए खेले कुल नौ टेस्ट मैचों में 18 विकेट झटके। इस दौरान उनकी इकॉनोमी 4.78 की रही। वहीं, टेस्ट में डेब्यू से ठीक एक महीने पहले उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में खेलने का मौका मिला। वरुण ने नौ वनडे मैचों में 11 विकेट लिए। इसके अलावा वरुण आइपीएल का भी हिस्सा रहे और उन्होंने 52 आइपीएल मैचों में कुल 44 विकेट झटके। वरुण ने अपना अंतिम टेस्ट मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नवंबर 2015 में खेला था, जबकि वनडे में भारत के लिए आखिरी बार वह श्रीलंका के खिलाफ नवंबर 2014 में खेले थे। वहीं, वरुण ने आइपीएल में अपना अंतिम मैच अप्रैल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला था।

# जय शाह का सम्मान करेगा बीसीसीआइ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की राज्य इकाई रविवार को होने वाली विशेष आम सभा के दौरान आइसीसी के नवनियुक्त अध्यक्ष जय शाह का सम्मान करेगी। शाह आइसीसी में पद संभालने से पहले बीसीसीआइ के सचिव के रूप में काम कर रहे थे। शाह पिछले साल अगस्त में निर्विरोध आइसीसी के अध्यक्ष चुने गए थे और उन्होंने एक दिसंबर 2024 को यह पद संभाला था। वह आइसीसी के सबसे युवा अध्यक्ष हैं। जय शाह ग्रेग बार्कले की जगह आइसीसी अध्यक्ष बने थे जिन्होंने तीसरी बार यह पद संभालने से मना कर दिया था। शाह अक्तूबर 2019 से बीसीसीआइ का सचिव पद संभाल रहे थे। इसके अलावा वह जनवरी 2021 से एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष भी थे। शाह विशेष आम सभा में विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। यह बैठक बीसीसीआइ का अगला सचिव और कोषाध्यक्ष चुनने के लिए बुलाई गई है।

#### आइसीसी अध्यक्ष बनने वाले पांचवें भारतीय



जय शाह इस वैश्विक संस्था का नेतृत्व करने वाले पांचवें भारतीय हैं। शाह से पहले व्यवसायी दिवंगत जगमोहन डालमिया, राजनेता शरद पवार, वकील शशांक मनोहर और उद्योगपति एन श्रीनिवासन विश्व क्रिकेट संस्था का नेतृत्व करने वाले भारतीयों में शामिल रहे हैं। 36 साल के शाह पिछले पांच वर्षों से बीसीसीआइ सचिव के तौर पर काम कर रहे थे।

#### बीसीसीआइ सचिव के तौर पर लिए अहम निर्णय

शाह का बीसीसीआइ सचिव के तौर पर कार्यकाल कई मायनों में सफल रहा था। भारतीय क्रिकेट में दो तारीखें बड़ी महत्वपूर्ण हैं। एक 27 अक्तूबर, 2022, जब भारतीय महिला क्रिकेटरों को पुरुषों के समान फीस देने का एलान हुआ और दूसरी, 28 जनवरी, 2023, जब महिला प्रीमियर लीग के लिए खिलाड़ियों की बोली लगी। आइपीएल ने अगर विश्व क्रिकेट का परिदृश्य बदला, तो पुरुषों के बराबर फीस और डब्ल्यूपीएल ने महिला क्रिकेट में नई क्रांति ला दी, जिसकाश्रेय जाता है जय शाह को जाता है।

# विराट और अनुष्का कान्हा की शरण में, संत प्रेमानन्द से लिया आशीर्वाद



**एजेंसी**

**मथुरा।** खराब फार्म से जूझ रहे क्रिकेट स्टार विराट कोहली शुक्रवार को पत्नी अनुष्का शर्मा और दो बच्चों के साथ वृन्दावन पहुंचे और संत प्रेमानन्द महराज से मिल कर परिवार की समृद्धि और करियर में सफलता का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर संत प्रेमानन्द महराज ने कहा कि हम साधना करके लोगों को प्रसन्नता दे रहे हैं और ये खेल के जरिये देश में उत्साह की लहर पैदा करते हैं। जब ये रन बनाते है और टीम जीतती है तो देश भर में पटाखे छुड़ाए जाते हैं। यह भी एक प्रकार की साधना है। इन्हे अपने अभ्यास को और पुष्ट करना चाहिए क्योंकि इससे पूरे भारत को आनन्द मिलता है। अभ्यास में कमी नही होनी चाहिए। अभ्यास की पुष्टिता पर ध्यान देना चाहिए और बीच बीच में प्रभु का नाम स्मरण कर लेना चाहिए। इनके लिए यही साधना है। अपने अपने लक्ष्य को यदि हम दृढ़ता से निभाएं तो हम अपने अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

# हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है : अश्विन

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** अपने बोल्ड ब्यानों के लिए जाने जाते पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं बल्कि आधिकारिक भाषा है। यह एक ऐसी टिप्पणी है जो बहस को जन्म दे सकती है। अश्विन ने यह टिप्पणी तमिलनाडु के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के स्नातक समारोह में की जहां हिंदी का उपयोग हमेशा से एक संवेदनशील विषय रहा है, जिस पर तीखी प्रतिक्रियाएं हुई हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए अश्विन ने पूछा कि क्या समारोह में उपस्थित लोग हिंदी में प्रश्न पूछने के लिए तैयार हैं, यदि वे अंग्रेजी या तमिल में सहज नहीं हैं। अश्विन ने तमिल में कहा, अंग्रेजी - मुझे एक बार हां कहें' जिसके जवाब में अश्विन के नाम के नारे लगे। 'तमिल' - इस पर छात्र जोर से चिल्लाए। 'ठीक है, हिंदी?' जवाब में छात्र अचानक चुप हो गए। मैंने सोचा कि मुझे यह कहना चाहिए। हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है। यह एक आधिकारिक भाषा है। यह टिप्पणी ऐसे समय में नई बहस को जन्म दे सकती है। जब तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके समेत कई विपक्षी दलों ने केंद्र पर राज्यों, खास तौर पर दक्षिण में हिंदी थोपने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। इसी कार्यक्रम में अश्विन ने टीम इंडिया की कप्तानी के विषय पर भी बात की। यहां, अनुभवी ऑफ स्पिनर ने कूटनीतिक जवाब दिया। अश्विन ने बताया, जब कोई कहता है कि मैं यह नहीं कर सकता, तो मैं इसे पूरा करने के लिए जाग जाता हूं, लेकिन अगर वे कहते हैं कि मैं कर सकता हूं, तो मेरी रुचि खत्म हो जाती है। अश्विन ने अपनी पृष्ठभूमि के बारे में भी बताया, उन्होंने इंजीनियरिंग की है। अपनी यात्रा से सीख साझा करते हुए अश्विन ने छात्रों से कहा कि वे कभी हार न मानें और संदेह के समय भी अपने रास्ते पर डटे रहें। उन्होंने कहा, अगर कोई इंजीनियरिंग स्टाफ मुझसे कहता कि मैं कप्तान नहीं बन सकता, तो मैं और अधिक मेहनत करता। उन्होंने आगे कहा, यदि आप छात्र हैं, तो आप कभी नहीं रुकेंगे। यदि आप छात्र नहीं हैं, तो सीखना बंद हो जाएगा और उत्कृष्टता सिर्फ आपकी अलमारी में रखा एक शब्द बनकर रह जाएगा।

## वानखेड़े की 50वीं वर्षगांठ पर एमसीए में मौजूद रहेंगे तेंदुलकर

**मुंबई।** मुंबई के दिग्गज क्रिकेटर और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान 19 जनवरी को प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन में शामिल होंगे। एमसीए की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ये कार्यक्रम 12 जनवरी को शुरू होंगे और 19 जनवरी को एक भव्य मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक शाम होगी। मुंबई के दिग्गज, पूर्व और वर्तमान भारतीय क्रिकेट कप्तान-जिनमें सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी शामिल हैं।

# सात्विक-चिराग ने मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी**



**कुआलालंपुर।** स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शुक्रवार को यहां शानदार जीत के साथ मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतिष्ठित सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मलेशियाई जोड़ी येव सिन ओंग और ई यी टेओ पर 49 मिनट तक संघर्ष किया और 26-24, 21-15 से जीत हासिल की है। पिछले संस्करण में उपविजेता रहे सात्विक और चिराग का सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के वोन हो किम और सेउंग जे सेओ से सामना होगा। शुरूआती गेम रोमांचक रहा, जिसमें दोनों जोड़ियों ने मुकाबला बराबरी पर रखा। भारतीयों ने अंतराल पर 11-9 की मामूली बढ़त हासिल की और इसे 18-16 तक बढ़ाया, लेकिन मलेशियाई खिलाड़ियों ने वापसी की और लगातार तीन अंक अर्जित कर स्कोर 19-19 पर पहुंचा दिया और यहां तक कि 20-19 की बढ़त भी छीन ली।

#### पहले ही गेस से दिखा सात्विक और चिराग का दबदबा

सात्विक और चिराग ने बिना किसी बाधा के शानदार संयम दिखाया और पहला गेम 26-24 से जीतने से पहले लगातार चार गेम प्वाइंट बचाये। दूसरे गेम में मलेशियाई जोड़ी ने मजबूत शुरूआत की और अंतराल तक 11-8 की बढ़त के साथ खेल के अधिकांश समय तक बढ़त बनाए रखी। हालांकि, सात्विक और चिराग ने शानदार वापसी की और अगले 17 में से 13 अंक जीतकर मैच को अपने नाम कर लिया और लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## नीरज 2024 के सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक एथलीट

**नयी दिल्ली।** अमेरिका की प्रतिष्ठित खेल भारत के नीरज चोपड़ा को वर्ष 2024 का सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक एथलीट चुना है। 27 वर्षीय भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा को पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीतने और पूरे सत्र में छह स्पधाओं में भाग लेते हुए दो बार शीर्ष पर और शेष चार में उपविजेता के रूप में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है।

## नागल और बोपन्ना पेश करेंगे भारतीय चुनौती

**नयी दिल्ली।** ओलंपियन सुमित नागल और रोहन बोपन्ना रविवार को मेलबर्न पार्क में शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। सुमित नागल पुरुष एकल में चेकिया के 26वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी तोमस माचाक के खिलाफ अपने मुकाबले की शुरूआत करेंगे। यह नागल का पांचवां ग्रैंड स्लैम मुख्य ड्रॉ और तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन होगा।

## तमिलनाडु ने बंगाल टाइगर्स को 2-1 से हराया

**राउरकेला।** तमिलनाडु ड्रैगन्स ने शुक्रवार को यहां हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) मैच में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को 2-1 से शिकस्त दी।तमिलनाडु ड्रैगन्स की ओर से कार्ति सेलवम ने 16वें मिनट और उत्तम सिंह ने 37वें मिनट में गोल दागे। श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के लिए रूपिंदर पाल सिंह ने 35वें मिनट में गोल किया।

## बंगाल पर दबदबा बरकरार रखना मैरिनर्स का लक्ष्य

**गुवाहाटी।** मोहन बागान सुपर जायंट शनिवार शाम 7:30 बजे इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेली जाने वाली इंडियन सुपर लीग 2024-25 की कोलकाता डर्बी में ईस्ट बंगाल एफसी से भिड़ेंगे, तो वे चिर-प्रतिद्वंद्वियों पर अपना दबदबा कायम रखना चाहेंगे। मैरिनर्स ने दोनों टीमों के बीच नौ आईएसएल मुकाबलों में से आठ जीते हैं। मोहन बागान सुपर जायंट 14 मैचों में 10 जीत, दो ड्रा और दो हार से 32 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर हैं। ईस्ट बंगाल एफसी 14 मैचों में चार जीत, दो ड्रा और आठ हार से 14 अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर हैं।

# डीपी वर्ल्ड आइएलटी20 सीजन 3 के उद्घाटन समारोह में जलवा बिखेरेंगे शाहिद, पूजा , सोनम

**एजेंसी**





**दुबई।** डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 सीजन 3 के उद्घाटन समारोह में 11 जनवरी शनिवार को बॉलीवुड के मेगास्टार शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े और सोनम बाजवा अपना जलवा बिखेरेंगे। डीपी वर्ल्ड आइएलटी20 का तीसरा सीजन 11 जनवरी से 9 फरवरी 2025 तक चलेगा। शाहिद, पूजा और सोनम अपने ब्लॉकबस्टर गानों पर शानदार प्रदर्शन के साथ समारोह की शुरूआत करेंगे। इस अवसर को और भी शानदार बनाने के लिए, प्रसिद्ध बॉलीवुड निमार्ता और अभिनेता जैकी भगनानी और रिधिमा पाठक उद्घाटन समारोह की मेजबानी करेंगे। उद्घाटन समारोह को लेकर शाहिद कपूर ने आयोजकों की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, अगर आप मुझे जानते हैं, तो आप जानते होंगे कि मुझे क्रिकेट और डांसिंग कितना पसंद है। और जब ये दोनों चीजें एक साथ आती हैं, तो आप दोनों दुनिया का सबसे अच्छा अनुभव प्राप्त करने की उम्मीद कर सकते हैं, यही वजह है कि मैं 11 जनवरी 2025 को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनने के लिए वास्तव में उत्सुक हूं। बॉलीवुड और क्रिकेट के जश्न के लिए अभी अपने टिकट खरीदें, जिसमें असली क्रिकेट-टेनमेंट की भावना हो।

उद्घाटन की शाम बॉलीवुड के बेहतरीन और टी20 क्रिकेट के शिखर का अनूठा संगम पेश करेगी, जो रिंग ऑफ फायर के नाम से मशहूर डीआइएस की शानदार पृष्ठभूमि में होगा। सीजन के उद्घाटन के लिए टिकटों की बिक्री शानदार रही है, और डीआईएस में शनिवार की शाम को खास अंदाज में स्टेडियम खचाखच भरा हुआ है। सीजन की पहली गेंद स्थानीय समयानुसार शाम 7:15 बजे फेंकी जाएगी, जब पिछले साल के ग्रैंड फिनाले के रोमांचक रीमैच में गत चैंपियन एमआई एमिरेट्स का सामना दुबई कैपिटल्स से होगा।

# जोकोविच का दावा, आस्ट्रेलिया में दिया गया था जहर

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** सर्बियाई टेनिस आइकन नोवाक जोकोविच ने चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलियन ओपन 2022 से पहले आस्ट्रेलिया से निर्वासित करने से पहले मेलबर्न में रहने के दौरान उन्हें सीसा और पारा से जहर दिया गया था क्योंकि उन्होंने कोविड-19 का टीका नहीं लगवाया था। आस्ट्रेलिया जोकोविच के लिए यादगार रहा है। जहां कोर्ट पर बहुत कुछ यादें है। वहीं उनके जीवन का सबसे काला अध्याय भी सामने आया। जोकोविच ने कोविड-19 का टीका लेने से इनकार कर दिया था और उस समय उन्होंने खुले तौर पर अपनी स्वतंत्रता व्यक्त की थी। लेकिन महामारी के बीच टूर्नामेंट शुरू होने से पहले जोकोविच को पहले मेलबर्न के एक होटल में हिरासत में लिया गया और बाद में टीका न लगवाने के कारण निर्वासित कर दिया गया। वह टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाए। जोकोविच ने खुलासा किया कि जब वह सर्बिया लौटे, तो उन्हें अपने शरीर में भारी धातु और पारा की उच्च-स्तरीय उपस्थिति महसूस हुई। जोकोविच ने कहा, मुझे कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं। और मुझे एहसास हुआ कि मेलबर्न के उस होटल में मुझे कुछ ऐसा खाना खिलाया गया था। जिसने मुझे जहर दे दिया। जब मैं सर्बिया वापस आया, तो मुझे कुछ पता चला। मैंने यह बात कभी किसी को सार्वजनिक रूप से नहीं बताई, लेकिन पता चला कि मेरे शरीर में भारी धातु का स्तर बहुत अधिक था। भारी धातु। मेरे शरीर में सीसा था, सीसा और पारा का बहुत उच्च स्तर पर। पूर्व विश्व नंबर एक ने यह भी कहा कि उन्हें मेलबर्न में 'जेल के कमरे' में रखा गया था, जबकि अन्य एथलीट टूर्नामेंट से पहले सख्त क्वारंटीन से गुजर रहे थे। उन्होंने कहा, 'बहुत से एथलीट जो 40 दिन पहले क्वारंटीन में थे, उन्हें भी कमरे में बंद कर दिया गया था।

### विवि प्रशासन नहीं ली सुध

# शिक्षकेत्तर कर्मी मांगों को लेकर डटे रहे



शहीद सिदो कान्हू को माल्यार्पण करते कर्मचारी संघ

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय समेत अंतर्गत सभी अंगीभूत कॉलेज के कर्मचारियों के हड़ताल का आज 46 वां दिन है। इस विश्वविद्यालय का 34 वां स्थापना दिवस भी है विश्वविद्यालय कर्मी एवं कॉलेज कर्मी आज भी अपने आंदोलन पर डटे रहे। स्थापना दिवस पर भी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कर्मचारियों को इस स्थापना दिवस के लिए कोई औपचारिक सूचना नहीं दी गई थी। इसलिए कर्मचारियों द्वारा अलग से स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कर्मी सह सह दिग्घी गांव के ग्राम प्रधान अध्यक्ष प्रेमचन्द किस्कू के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुई। सभी कर्मी विश्वविद्यालय परिसर में स्थित सिदो कान्हु मुर्मू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर चरणों में पुष्पांजलि अर्पित किया। इस मौके पर कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद कुमार के साथ प्रक्षेत्रीय महासंघ के महासचिव नेतलाल मिर्धा एवं अध्यक्ष परिमल कुंदन भी मौजूद थे। इस अवसर पर महासचिव नेतलाल मिर्धा ने बताया कि उच्च शिक्षा निदेशालय एवं विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता के कारण हमें सातवें वेतनमान में वेतन निर्धारण नहीं किया जा रहा है। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती है, हड़ताल जारी रहेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता एवं कर्मचारियों के प्रति संवेदनहीनता पर क्षोभ व्यक्त करते हुए श्री मिर्धा ने कहा अब आंदोलन को और उग्र होगा। जिससे हमारी आवास सरकार एवं राजभवन तक पहुंच सके।

# एसकेएमयू के स्थापना दिवस पर शहीदों के प्रमिता पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विश्वविद्यालय मुख्यालय दिग्धी परिसर में मनाया गया। स्थापना दिवस पर कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने विश्वविद्यालय परिसर के स्मारक टिल्हा स्थित वीर सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय का स्वर्णिम इतिहास रहा है। विश्वविद्यालय आज जिस मुकाम पर है। वह इस विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों की मेहनत एवं प्रयास को दशार्ता है। विश्वविद्यालय अपनी परिपक्व अवस्था में पहुंच चुका है और ऐसे में विश्वविद्यालय के समक्ष कई चुनौतियां एवं अवसर हैं। अब हम सभी को उन चुनौतियों का सामना करते हुए इस क्षेत्र के मेधावी छात्रों के लिए विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करना है और यह हम सभी के बीच आपसी सामंजस्य और समन्वय से ही संभव होगा। कुलपति ने कहा कि शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की कमी, कॉलेजों में बुनियादी ढांचे की कमी के बावजूद, विश्वविद्यालय अपने स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ-साथ खेल और अन्य क्षेत्रों में विश्वविद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। अंत में स्थापना दिवस में प्रमुख भूमिका निभाने वाले लोगों को नमन करते हुए संबोधन समाप्त किया। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेंद्र यादव, कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, वित्त पदाधिकारी डॉ बिजय कुमार, सीसीडीसी डॉ अब्दुस सत्तार सहित विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



शहीद सिदो कान्हू को माल्यार्पण करते कुलपति

# सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

### दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की लोगो से की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत शुक्रवार की जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा जिले के अलग-अलग स्थानों में गुड सेमेरिटन के बारे में आम जनों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी, आरइए कृष्ण कुमार गुप्ता व समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने इस योजना के बारे आम जनों से साझा करते हुए बताया कि इस योजना के तहत कोई इंसान सड़क में वाहन से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर कोई नेक नागरिक घायल व्यक्ति को एक घंटे के अंदर जिसे गोल्डन आवर कहा जाता है अस्पताल पहुंचा देता है तो उसकी मृत्यु की संभावना कम हो जाती है तथा उस एक नागरिक को 5000/ का सम्मान राशि और दो या उससे ज्यादा नेक नागरिक होने पर राशि बांट दी जाती है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है। यहां राशि महत्वपूर्ण नहीं है जितना की इंसानियत।यह भी बताया गया कि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 134 ए के तहत नेक नागरिक से अस्पताल या पुलिस द्वारा कोई भी पूछताछ नहीं होगी,साथ ही साथ कोर्ट कचहरी जाने को कोई बाध्य नहीं कर सकता।वहीं कुछ असंवेदनशील इंसानों द्वारा दुर्घटना के समय वीडियो तो जरूर बनाते हैं पर अस्पताल पहुंचाने की चिंता नहीं करते जो कि मानवता को शर्मसार करती है।



लोगो को जागरूकर करते समिति के लोग

## आजसू पार्टी का वन भोज 12 जनवरी को

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी नव वर्ष का शुभारंभ वन भोज के माध्यम से करने जा रही है। यह कार्यक्रम 12 जनवरी दिन रविवार को दिन के 10:00 बजे बरही में रखी गई है। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने आग्रह किया है की जिला में निवास करने वाले सभी केंद्रीय पदाधिकारी, सभी संयोजक, जिला के सभी पदाधिकारी, प्रखंड के सभी पदाधिकारी, युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी, महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के सभी पदाधिकारी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सभी पदाधिकारी, नगर के सभी पदाधिकारी एवं बुद्धिजीवी मंच के सभी पदाधिकारी तथा आजसू पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस वनभोज में शामिल हों।

## बलात्कार के बाद हत्या के आरोपी को अदालत ने सुनाई फांसी की सजा

**लोहरदगा।** नाबालिग के साथ रेप के बाद हत्या मामले में लोहरदगा न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। जिला व सत्र न्यायाधीश प्रथम सह विशेष न्यायाधीश पोस्को एक्ट अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने रेप करने का प्रयास और रेप नहीं करने देने पर बच्ची की निर्मम तरीके से हत्या के मामले में दोषी को फांसी की सजा सुनाई है। यह फैसला ऐसा था कि हर कोई इसे सुनकर न्यायालय के फैसले को सही ठहराया है। दरअसल वर्ष 2022 में बगड़ू थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ रेप के बाद हत्या हुई थी। इसको लेकर नाबालिग की मां के बयान पर बगड़ू थाना में मामला दर्ज हुआ था। इसमें आरोपी इंद्र उरांव को न्यायालय ने बच्ची की हत्या करने के मामले में दोषी ठहराया और फांसी की सजा सुनाई है। वही पोस्को एक्ट के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह सजा जिला व सत्र न्यायाधीश प्रथम सह विशेष न्यायाधीश पोस्को एक्ट अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने सुनाया है।

# जरुरत मंदो के बीच कंबल का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** इस भयंकर शीतलहर और ठंढ में आम बुजुर्ग बृद्ध और विकलांग जनता कि ठंड से सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क हुआ और गोड्डा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार केनिर्देश पर कई वार्डों में जाकर पारदर्शी तरीके से कंबल का वितरण किया गया। लाभुकों से आधार कार्ड कि छाया प्रति लेकर बुजुर्ग महिला और पुरुषों को उम्र दिब्यांगता आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्हें सरकारी सहायता के रूप में कंबलों का वितरण किया जा रहा हैं। उसी क्रम में आज वार्ड नंबर -4,14,20 में कुल 210 कंबलों का वितरण किया गया। मौके पर निवर्तमान उपाध्यक्ष बेणु चौबे, निवर्तमान वार्ड पार्षद, साहिल मेहरा, समाजसेवी आर्यन चंद्रवंशी, नगर परिषद कर्मी सुमन कुमार, सुमेश्वर कुमार, दीपक कुमार उपस्थित थे।

### अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित सदस्यों द्वारा तेनुघाट डैम के समीप

# वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित सदस्य के द्वारा संघ के सदस्यों के साथ शुक्रवार को वन भोज सह मिलन समारोह आयोजित तेनुघाट डैम के पास किया गया।

मालूम हो कि संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, उपाध्यक्ष वेंकट हरि विश्वनाथन, महासचिव वकील प्रसाद महतो, संयुक्त सचिव प्रशासन शंकर ठाकुर, संयुक्त सचिव पुस्तकालय राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव, उपकोषाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद, कार्यकारिणी सदस्य शारदा देवी, निरंजन कुमार महतो, धर्मवीर कुमार जयसवाल, नरोतम प्रसाद एवं अनील कुमार के द्वारा यह मिलन समारोह आयोजित किया गया। वन भोज सह मिलन समारोह में महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि यह मिलन समारोह आयोजित करने का उद्देश्य यह है कि हम सभी लोग मौजूद हैं और एक दूसरे को एक साथ लेकर चलने को हमेशा तत्पर हैं। सभी अधिवक्ताओं के द्वारा शांतिपूर्ण चुनाव में सहयोग के लिए साथ ही नव वर्ष के अवसर पर धन्यवाद और बधाई दी। साथ ही उन्हें कहा कि अधिवक्ताओं के हित में जो भी संघ के द्वारा जो सार्थक कदम उठाना पड़ेगा यह समिति सदैव तत्पर रहेगा यह विश्वास दिलाता हूं। सामाजिक कार्यों में भी संघ बढ़ चढ़ का हिस्सा लेते रही है और आगे भी लेते रहेगी। आगे बताया कि बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने के संघर्ष भी जारी रहेगा। बहुत जल्द माननीय लोगो से मिलकर उस दिशा में पहल शुरू किया जाएगा। आगे भी यह परंपरा जारी रहेगा। इस मिलन समारोह में अधिवक्ता संघ के सदस्य मौजूद थे जिन्होंने वन भोज सह मिलन समारोह का आनंद उठाया।

## खबर एक नजर में

## आगामी बजट सत्र में विस्थापन आयोग का गठन करें हेमंत सरकार : काशीनाथ

**बेरमो।** विस्थापित नेता काशीनाथ केवट ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र प्रेषित कर माँग किया है कि 24 फरवरी से शूरू होनेवाला बजट सत्र में राज्य पुनर्वास आयोग का गठन किया जाय। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को याद दिलाते हुए कहा कि आपने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान मार्च 2021 में विधानसभा के पटल पर विस्थापन आयोग के गठन करने की घोषणा किये थे तब राज्यभर के पीड़ित विस्थापितों में एक नई उम्मीद जगी थी। कहा कि आपके पिछले कार्यकाल में जनता की यह आकांक्षा पूरी नहीं हो सकी। फिर भी झारखंडी जनता नें आप पर भरोसा करते हुए आपको शानदार जनादेश दिया है।

## विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को किया गया सम्मानीत

**बेरमो।** पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विधान सभा चुनाव 2024 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सुपरवाइजर, पंचायत सचिव और कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में इन कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही है। उनके मेहनत और समर्पण के लिए उनसभी का आभार व्यक्त किया।

## जैनामोड़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्राकृतिक पर्व सोहराय

**बेरमो।** शुक्रवार को झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी के जैनामोड़ स्थित आवास में सोहराय पर्व मनाया गया। हीरालाल मांझी ने बताया कि धान के फसलों के कटाई के बाद प्रकृतिक को समर्पित सोहराय पर्व मनाया जाता है। यह त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देता हैं। लोग एक दूसरे को पुआ पकवान खिलाते है। परंपरागत नृत्य संगीत पर सभी लोग झुमते नाचते गाते हैं। मौके पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष घुंनु हांसदा, बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश सहित मंटू यादव, पंकज जयसवाल,आलोक सिंह, रंजीत सिंह, मदन महतो, फैयाज आलम, सौरभ भट्ट, मुन्ना उरांव, अकील खान, मनोज रजक आदि लोग उपस्थित रहे।

## सोहराय पर्व झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है: बबीता

**बेरमो/ललपनिया।** माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्द निषेध विभाग योगेंद्र प्रसाद महतो की धर्मपत्नी पूर्व विधायक बबीता देवी, गोमिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंदा के ग्राम लावालौंग स्थित आदिवासी टोला बोनगोड़वा पहुंचीं। आयोजित सोहराय पर्व में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। पूर्व विधायक महोदया ने फीता काटकर सोहराय अखरा का विधिवत शुभ उद्घाटन किया। ततपश्चात उन्होंने सोहराय के सामूहिक नृत्य में महिलाओं के साथ जमकर थिरकीं।इस दौरान पूर्व विधायक महोदया ने सभी को सोहराय पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा सोहराय पर्व झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। यह पर्व पशुधन के प्रति सम्मान और लगाव का प्रतीक है। जिसे पूरे रीति रिवाज के साथ नाच गाकर ग्रामीण पीढ़ियों से मनाते आ रहे हैं।

## राशन संवाद एवं पेंशन परिषद का आयोजन

**बेरमो/ललपनिया।** अजीम प्रेम जी फाउंडेशन बेंगलुरु के सहयोग से स्थानीय स्वशासन एवं लोकतंत्र विषय को लेकर जन सहयोग केंद्र हजारीबाग द्वारा गोमिया प्रखंड के कारी खुर्द पंचायत एवं सियारी पंचायत के उदा ग्राम करी खुर्द पंचायत के दूधमो ग्राम में राशन संवाद एवं पेंशन परिषद का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें गांव में राशन कार्ड से संबंधित त्रुटियां का सुधार के लिए शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें नाम जुड़वाने उम्र सुधरने, नाम कटवाने से संबंधित कार्यक्रमों को पंचायत के मुखिया सोनाराम मुर्मू की अध्यक्षता में किया गया।

## तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन

**बेरमो।** शुक्रवार को उत्क्रमित +2 हाई स्कूल चिकसिया एवं उत्क्रमित हाई स्कूल द्वारिका में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोडने के उपाय के बारे में बताया गया। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा बताया गया कि झारखण्ड में कुल जनसंख्या का लगभग 38.9 प्रतिशत यानी संख्या में लगभग 88 लाख लोग तम्बाकू का उपयोग किसी न किसी रूप में करते है जिसमें 59.7 प्रतिशत पुरूष है और 17 प्रतिशत महिलायें है।

## सीसीएल सीकेएस ढोरी ने मनाया वनभोज सह मिलन समारोह

**बेरमो।** शुक्रवार को भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ कल्याणी शाखा द्वारा वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह तुरीयो बस्ती नदी घाट में धूमधाम से मनाया। वनभोज में मुख्य अतिथि के रूप में 16 वीं लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय तथा सीसीएल सीकेएस कार्यसमिति सदस्य सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य सीसीएल रविंद्र कुमार मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित हैं। वही वही रविंद्र कुमार पांडे ने नए वर्ष के उपलक्ष्य पर भारतीय मजदूर संघ ढोरी क्षेत्र के यूनियन परतिनिघियो को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

## पेज एक का शेष

## एटीएस ने अलकायदा आतंकी को गिरफ्तार

**अबतक 9 आतंकी दबोचे गये:** झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा के अनुसार झारखंड एटीएस और दिल्ली की स्पेशल सेल को यह सूचना मिली कि शाहबाज अंसारी अपने गांव चितरी आया हुआ है। उसका गांव रांची-लोहरदगा के बॉर्डर पर स्थित है। जानकारी मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अब तक रांची के बरियातू से डॉ इश्तियाक अहमद, हजारीबाग से फैजान अहमद, चान्हो से मो मोदब्बीर, मो रिजवान, मुफ्ती रहमतुल्लाह मजहिरी, मतिउर रहमान, एनामुल अंसारी और लोहरदगा के कुडू से इलताफ अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। पिछले वर्ष गिरफ्तार संदिग्धों में रांची के एक निजी अस्पताल में कार्यरत डॉ. इश्तियाक अहमद को मास्टरमाइंड के तौर पर चिह्नित किया गया था। जांच में आए तथ्यों के आधार पर 23 अगस्त, 2024 को एटीएस के साथ संयुक्त टीम ने दबिश दी। सबसे पहले हजारीबाग से एटीएस की टीम ने फैजान अहमद को गिरफ्तार किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर रांची के बरियातू जोड़ा तालाब के अल हसन रेसीडेंसी में एटीएस की टीम ने दबिश दी, जहां से एटीएस की टीम ने इश्तियाक को गिरफ्तार किया था। शाहबाज के घर पर भी छापेमारी की गयी थी लेकिन वह फरार मिला था।

## 200 बेड के अस्पताल की रखी आधारशिल

**अस्पताल की विशेषताएं :** परियोजना लागतः 300 करोड़ रुपये। निर्माण कार्य जून 2025 से प्रारंभ होकर दो वर्षों में पूरा होगा। संचालन और प्रबंधनः डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (बीएवीपी), एक गैर-लाभकारी संगठ के जिम्मे है। परियोजना समर्थन अवधिः 6 वर्षों तक सीसीएल द्वारा वित्तीय सहायता (वीजीई) प्रदान की जायेगी। झारखंड सरकार ने 5.5 एकड़, भूमि उपलब्ध करायी है।

# केबी कॉलेज बेरमो में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो।** शुक्रवार को हिंदी विभाग एवं आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा हिंदी केवल भाषा नहीं बल्कि भारतीय पहचान व गौरव का प्रतीक है। प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा हिंदी भाषा भारत की संस्कृति व भाषाई एकता का प्रतीक है।हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मधुरा केरकेट्टा ने कहा हिंदी देश की राजभाषा है। विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करना है। डा अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा युवाओं व नई पीढ़ी को हिंदी भाषा से जोड़ने एवं उन्हें सिखलाना है कि हिंदी केवल संवाद का ही माध्यम नहीं है बल्कि यह हमारी संस्कृति, धरोहर और पहचान का भी प्रतीक है। डा प्रभाकर कुमार ने कहा हिंदी केवल एक भाषा नहीं है बल्कि हमारी अस्मिता और पहचान भी है। हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य हिंदी भाषा के वैश्विक प्रचार प्रसार व महत्व को बढ़ावा देना है। डा अरुण रंजन ने कहा विश्व हिंदी दिवस 2025 का थीम एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज रखा गया है। हिंदी सिर्फ भाषा ही नहीं, संस्कृति भी है। अन्य वक्ताओं ने भी विश्व हिंदी दिवस पर अपने अपने विचार रखे। हिंदी के छात्र छात्राओं ने पोस्टर, स्लोगन, भाषण, निबंध, कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम विनोद कुमार महतो, द्वितीय आशा कुमारी रहे, पोस्टर प्रतियोगिता में मुस्कान कुमारी प्रथम, द्वितीय उर्मिला कुमारी, आशिन खातून, शोभा कुमारी रहे, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रिंकी कुमारी, द्वितीय पूजा कुमारी, तृतीय ज्योति कुमारी एवं हिमानी कुमारी रहे, कविता प्रतियोगिता में प्रथम रोजी प्रवीण, द्वितीय मोहिनी कुमारी एवं तृतीय आशा कुमारी रहे, स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम मुस्कान कुमारी, द्वितीय मोहिनी कुमारी, तृतीय नीतू कुमारी रहे। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान बनाने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पांचों प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा प्रभाकर कुमार, प्रो अमीत कुमार रवि, प्रो विपुल कुमार पांडे रहे। संचालन डा अरुण रंजन और धन्यवाद ज्ञापन डा नीला पूणीर्मा तिर्की ने दी। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, डा मधुरा केरकेट्टा, डा नीला पूणीर्मा तिर्की, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा साजन भारती, डा प्रभाकर कुमार, डा वासुदेव प्रजापति, डा व्यास कुमार, प्रो अमीत कुमार रवि, डा शशि कुमार, डा सुशांत बैरा, डा अरुण रंजन, प्रो विपुल कुमार पांडे, डा विश्वनाथ प्रसाद, प्रो सुनीता कुमारी, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, रवि यादविंधु, मो साजिद, नंदलाल राम, दीपक कुमार राय, बालेश्वर यादव , मेहराज शिवेंद, विनोद केवट, सूरज बेसरा, रमेश टुडू आदि कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों, छात्र छात्राएं की उपस्थिति रही।

स्पीड न्यूज

## इजरायल के हवाई हमले में हमास का कमांडर मारा गया

**यरूशलम।** इजरायली सुरक्षा सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि गाजा शहर में हमास की बटालियन के कमांडर, उनके प्रमुख और दो विशिष्ट नुखबा कंपनी कमांडर पिछले हफ्ते हवाई हमलों में मारे गये । इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हवाई हमलों में हमास के गाजा सिटी ब्रिगेड में सबरा बटालियन के कमांडर ओसामा अबू नामोस को निशाना बनाया गया।

## पुतिन के साथ जल्द होगी बैठक : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन उनसे मिलना चाहते हैं और दोनों नेताओं के बैठक की योजना बनाई जा रही है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही शपथ लेने वाले हैं। इस बीच उन्होंने घोषणा की है कि रूसी राष्ट्रपति के साथ बैठक के लिए समय निर्धारित किया जा रहा है। अभी हालांकि वार्ता के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है।

## रूस ने 40 यूक्रेनी ड्रोन किये नष्ट

**मॉस्को।** रूस के वायु रक्षा बलों ने रात भर में रूसी क्षेत्रों में 40 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि इस रात ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 40 यूक्रेनी मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी )को रोका और नष्ट कर दिया। रोस्तोव क क्षेत्र में 16 यूएवी, कुर्स्क और वोरोनिश क्षेत्रों में से प्रत्येक में चार यूएवी, ब्रांस्क क्षेत्र में तीन यूएवी, क्रास्नोडार क्षेत्र में दो, बेलगोरोड क्षेत्र के ऊपर एक, और आजोव सागर के पानी के ऊपर दस यूएवी को नष्ट किया गया।

## देवास : फ्रिज में मिला एक महिला का शव

**देवास।** मध्यप्रदेश के देवास शहर की वृंदावन धाम कॉलोनी के एक घर से शुक्रवार को पुलिस ने एक महिला का शव फ्रिज से बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर के बीएनपी थाना क्षेत्र की वृंदावन धाम कॉलोनी में स्थित एक घर से बदबू आने की सूचना पड़ोसियों ने पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घर की जांच पड़ताल के बाद एक कमरे में रखे फ्रिज से महिला का शव बरामद किया। मृतका की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। मौके पर पुलिस बल तैनात है। घटना की जांच की जा रही है।

## कुपवाड़ा में हथियार व गोला-बारूद बरामद

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में तीन दिन तक चले तलाशी अभियान में नियंत्रण रेखा के समीप हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। बीएसएफ के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यह बरामदगी क्रालपोरा कुपवाड़ा पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में टी पी जंगल में की गई थी। उन्होंने कहा कि बरामदगी में एक मैगजीन के साथ एक पिस्तौल और आठ राउंड, पांच ग्रेनेड और एके 47 राइफल के 270 राउंड शामिल हैं।

## मुंबई में महिला ने की 10 साल के बेटे की हत्या

**मुंबई।** बांद्रा इलाके में सरकारी कॉलोनी में सिजोफ्रेनिया से पीड़ित एक महिला ने अपने 10 वर्षीय बेटे की मोबाइल चार्जिंग तार से गला घोंटकर हत्या कर दी। महिला का पिछले डेढ़ साल से सिजोफ्रेनिया का इलाज चल रहा है।



## महाकुंभ : मां रसोई में नौ रुपये में मिलेगा खाना

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ मेले के शुरू होने से पहले शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामुदायिक मां रसोई की रसोई का उद्घाटन किया, जिसमें मात्र नौ रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। सामुदायिक रसोई का संचालन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए, नंदी सेवा संस्थान द्वारा स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में किया जाता है। नंदी सेवा संस्थान ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की सहायता के लिए यह पहल शुरू की है। मात्र नौ रुपये में लोगों को भोजन मिल सकेगा। भोजन में दाल, चार रोटियां, सब्जियां, चावल, सलाद और मिठाई मिलेंगी ।

# लॉस एंजेलिस में आग हुआ विकराल

### 10 हजार इमारतें जलकर खाक, मृतकों की संख्या हुयी 10

एजेंसी

**लॉस एंजेलिस।** कैलिफोर्निया में लॉस एंजेलिस के जंगलों में फैली आग ने तबाही मचा दी है। आग लगातार विकराल रूप लेती जा रही है। 4 दिन से लगी आग लगभग 40 हजार एकड़ में फैली हुई है। इसमें से 29 हजार एकड़ जमीन पूरी तरह जल खाक हो चुकी है। आग की वजह से करीब 10 हजार इमारतें तबाह हो गई। इसके अलावा करीब 30 हजार घरों को नुकसान पहुंचा है। इस आग की वजह से रिहायशी इलाके भी बर्बाद हो गए, साथ ही हॉलीवुड सितारों के घर भी खाक हुए हैं। मृतकों की संख्या अब बढ़कर 10 हो गई है।



**शहर के ऊपर जमने लगा धुएं का गुबार :** आग कैलिफोर्निया के इतिहास की सबसे बड़ी आग बताई जा रही है। जंगलों में फैली ये आग सबसे पहले पैसिफिक पैलिसेड्स से शुरू हुई थी। ये इलाका उत्तर-पश्चिमी लॉस एंजेलिस में पड़ता है। लेकिन महज 10 एकड़ के इलाके में लगी आग चंद घंटों के अंदर 2900 एकड़ के दायरे में फैल गई। शहर के ऊपर धुएं के गुबार जमने लगे हैं। आग ने हॉलीवुड हिल्स और इसके आसपास के क्षेत्रों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। यह वही जगह है जहां हॉलीवुड का मशहूर साइनबोर्ड स्थित है, जिसे अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री का प्रतीक माना जाता है। आग से शहर के पॉश इलाके पैलिसेड्स में कई हॉलीवुड स्टार्स के बंगले भी जल चुके हैं। पेरिस हिल्टन, स्टीवन स्पिलबर्ग, मैंडी मूर, एश्टन कुचर समेत कई हॉलीवुड स्टार्स के घर जलकर खाक हो गए हैं। पेरिस हिल्टन का घर 72 करोड़ रुपए में बना था। कई सेलिब्रिटीज को घर छोड़कर भी जाना पड़ा है।

**विमानों से भी आग बुझाने की कोशिश विफल :** अमेरिका के जंगलों में फैली आग पर पूरी दुनिया की नजर है। हेलीकॉप्टरों और विमानों से भी आग को बुझाने की पूरी तरह से कोशिश की जा रही है। लेकिन आग बुझ ही नहीं रही है। इसके बजाय लगातार आग तेजी से फैल रही है। इसमें एक खास वजह तूफानी हवाएं भी है। हवाओं की दिशा बदलने की वजह से बार-बार आग बढ़ रही है और हर तरफ फैल रही है।

# मैं कभी कम्फर्ट जोन में नहीं रहा

### रिस्क लेने की मेरी क्षमता का पूरा उपयोग अभी तक हुआ ही नहीं : मोदी

एजेंसी

- जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के साथ पॉडकास्ट में बचपन, मित्रों, गुजरात के सीएम और फिर प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरे कार्यकाल के लक्ष्यों समेत कई मुदों पर मोदी ने की चर्चा
- राजनीति में निरंतर अच्छे लोगों को आते रहना चाहिए

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि मैं कोई वीआईपी नहीं बल्कि एक आम आदमी हैं। उन्होंने कहा कि मैं कभी कम्फर्ट जोन में नहीं रहा और मेरा रिस्क लेने की क्षमता का अभी तक पूरी तरह से उपयोग नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के साथ एक पॉडकास्ट में अपने बचपन, मित्रों, घर छोड़कर जाने, युवाओं के लिए दृष्टिकोण, गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरे कार्यकाल के लक्ष्यों सहित कई विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने वैश्विक पटल पर भारत के प्रमुख शक्ति रूप में उभरने का जिक्र करते हुए कहा कि 2005 में जब वह एक विधायक थे, तब अमेरिका ने उनका वीजा रद्द कर दिया था। आज दुनिया भारत के वीजा के लिए कतार में खड़ी है। यह प्रधानमंत्री मोदी का पहला पॉडकास्ट था। प्रधानमंत्री ने विचारधारा से ज्यादा आदर्शवाद की अहमियत पर बात करते हुए कहा कि महात्मा गांधी और वीर सावरकर के रास्ते अलग-अलग थे, लेकिन उनकी विचारधारा स्वतंत्रता थी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में अच्छा वक्ता होने से ज्यादा महत्व अच्छे से संवाद करना होता है। महात्मा गांधी लाठी लेकर चलते थे लेकिन बात अहिंसा की करते थे। यह उनके संवाद की ताकत थी। उन्होंने कभी टोपी नहीं पहनी लेकिन उनके आसपास लोग टोपी पहनते थे। उनका क्षेत्र राजनीति था लेकिन उन्होंने कभी राजसत्ता नहीं संभाली, कभी चुनाव नहीं लड़ा। लेकिन उनकी समाधि राजघाट पर बनाई गई है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो अपनी सुविधा के अनुसार अपना रुख बदल ले। मैं केवल एक ही विचारधारा में विश्वास करते हुए बड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि अगर मुझे अपनी विचारधारा को कुछ शब्दों में बताना हो तो मैं कहूंगा, राष्ट्र पहले। राष्ट्र पहले टैगलाइन में जो भी चीज फिट बैठती है, वह मुझे विचारधारा और परंपरा की बेड़ियों में नहीं बांधती। इसने हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मैं पुरानी चीजों को छोड़कर नई चीजों को अपनाने के लिए तैयार हूं। हालांकि, शर्त हमेशा राष्ट्र पहले की है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब अमेरिकी सरकार ने उन्हे वीजा देने से इनकार किया था, तब वे विधायक थे। एक व्यक्ति के तौर पर, अमेरिका जाना कोई बड़ी बात नहीं थी, मैं पहले भी गया था; लेकिन मुझे एक चुनी हुई सरकार और देश का अपमान महसूस हुआ और मेरे मन में कसक थी कि क्या हो रहा है। उस दिन मैंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जहां मैंने कहा कि अमेरिकी सरकार ने मेरा वीजा रद्द किया है। मैंने यह भी कहा था कि मैं एक ऐसा भारत देख रहा हूं, जहां दुनिया वीजा के लिए कतार में खड़ी होगी, यह मेरा 2005 का बयान है और आज हम 2025 में खड़े हैं। इसलिए, मैं देख सकता हूं कि अब समय भारत का है। युवाओं को राजनेता बनने के लिए योग्यता के प्रश्न पर प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में निरंतर अच्छे लोग आते रहने चाहिए। युवाओं को राजनीति में महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि मिशन लेकर आना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनेता बनना एक बात है और राजनीति में सफल होना एक अलग बात है। मेरा मानना है कि इसके लिए आपको समर्पण, प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है, आपको लोगों के लिए मौजूद रहना चाहिए और आपको एक अच्छा टीम प्लेयर होना चाहिए। कामथ ने सवाल किया कि ऐसा लग रहा है कि सारी दुनिया युद्ध की तरफ जा रही है। क्या इसको लेकर हमें ठहरना चाहिए। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस संकट के समय हमने लगातार कहा है कि हम तटस्थ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मैं शांति के पक्ष में हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया हम पर भरोसा करती है, क्योंकि हममें कोई दोहरापन नहीं है, हम जो भी कहते हैं, साफ-साफ कहते हैं। संकट के इस दौर में भी हमने बार-बार कहा है कि हम तटस्थ नहीं हैं। मैं शांति के पक्ष में हूं और इसके लिए जो भी प्रयास किए जाएंगे, मैं उनका समर्थन करूंगा। मैं यह बात रूस, यूक्रेन, ईरान, फिलिस्तीन और इजरायल से कहता हूं। उन्हें मुझ पर भरोसा है कि मैं जो कह रहा हूं, वह सही है।



**मैं इंसान हूं, गलतियां कर सकता हूं, बूरे इरादे से नहीं**

गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए मोदी ने कहा कि जब मैं सीएम बना, तो मैंने तीन प्रतिबद्धताएं साझा कीं- मैं अपने प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा, मैं अपने लिए कुछ नहीं करूंगा और मैं इंसान हूं- मैं गलतियां कर सकता हूं, लेकिन मैं बुरे इरादे से गलतियां नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि ये सिद्धांत उनके जीवन का मंत्र बन गए। उन्होंने कहा कि मैं भी मनुष्य हूं देवता थोड़ा हूं।

# विकसित भारत में सक्रिय योगदान दें प्रवासी : मुर्मू

एजेंसी

**प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता हर क्षेत्र में प्रवासियों ने अपनी छाप छोड़ी है : राष्ट्रपति**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को भुवनेश्वर में कहा कि हमारा देश वर्ष-2047 तक विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। इस राष्ट्रीय मिशन में विदेश में रहने वाले लोगों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय और उत्साही भागीदारी की आवश्यकता है। भारतीय प्रवासी इस दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग हैं। उनकी वैश्विक उपस्थिति उन्हें एक अद्वितीय दृष्टिकोण प्रदान करती है और उनकी उपलब्धियां उन्हें विकसित भारत की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देने की स्थिति में रखती हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने शुक्रवार को भुवनेश्वर में तीन दिवसीय 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय प्रवासी देश के सर्वश्रेष्ठ का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे अपने साथ न केवल इस पवित्र भूमि में अर्जित ज्ञान और कौशल लेकर गए हैं, बल्कि वे सहस्राब्दियों से हमारी सभ्यता की नींव रहे मूल्य और लोकाचार भी लेकर गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता हर क्षेत्र में भारतीय प्रवासियों ने अपनी छाप छोड़ी है। इसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है। प्रवासी



भारतीयों की सफलता की कहानियां भारत के लिए गर्व की बात है। वे दुनिया भर में लाखों लोगों को उत्कृष्टता को लेकर प्रयास करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू को भी बधाई दी और कहा कि महिलाओं और भारतीय प्रवासियों पर विशेष ध्यान देने के साथ अपने देश का नेतृत्व करने में उनके उत्कृष्ट योगदान ने विश्व मंच पर एक उच्च मानक स्थापित किया है। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि प्रवासी भारतीय दिवस अब एक आयोजन से कहीं अधिक बन गया है। भारत के वसुधैव कुटुंबकम के शाश्वत दर्शन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह दृष्टिकोण हमारी जरूरतों को पूरा करता है और वैश्विक कल्याण में भी योगदान देता है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

- 17 तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं उम्मीदवार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। इसी के साथ नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवार अपना नामांकन 17 जनवरी तक दाखिल कर सकते हैं। 18 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 20 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। 05 फरवरी को मतदान और 08 फरवरी को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आधिकारिक तौर पर दिल्ली की नई विधानसभा के सदस्यों का चुनाव करने के लिए चुनाव का आह्वान किया है।

## कनाडा के प्रधानमंत्री का चुनाव होगा नौ मार्च को

**ओटावा।** कनाडा में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के प्रधानमंत्री के रूप में नए नेता का चुनाव 09 मार्च को होगा, जो देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करेंगे। पार्टी ने शुक्रवार को यह घोषणा की। सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के नेता एवं अंतरिम प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद इस पद के लिए अभी तक किसी का चयन नहीं हुआ है। अब नए नेता के चुनाव के लिए पार्टी की ओर

## हश मनी मामले में ट्रंप सभी आरोपों से बरी

एजेंसी

**2016 में एडल्ट स्टार को 1 लाख 30 हजार डॉलर दिये थे ट्रंप, ताकि व्यक्तिगत संबंधों पर चुप्पी साधे**

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हश मनी केस में बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उन्हें सभी 34 आरोपों से बिना शर्त बरी कर दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने उनके दूसरे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं। मामले की सुनवाई करते हुए जज मर्चेन ने इसे असाधारण मामला बताया और कहा कि इसमें बड़ा विरोधाभास था। उन्होंने कहा कि इस केस ने मीडिया में काफी सुर्खियां बटोरीं, लेकिन अदालत में इसका वास्तविक पहलू अलग था। फैसले के बाद ट्रंप ने जज से कहा कि मैं यह बताना चाहता हूं कि मेरे साथ बहुत ही खराब व्यवहार किया गया है। मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। ट्रंप ने कोर्ट में लगातार अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए वही दलीलें दोहराईं। ट्रंप पर आरोप था कि उन्होंने साल 2016 में एक एडल्ट स्टार को 1 लाख 30 हजार डॉलर दिए थे, ताकि वह उनके व्यक्तिगत संबंधों पर चुप्पी साधे। ये पैसे ट्रंप के स्कैंडल को दबाने के लिए दिए गए थे। पिछले साल मई में ट्रंप को दोषी ठहराया गया था। शुक्रवार को ट्रंप कोर्ट की सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। प्रोसीक्यूटर स्टेनग्लास ने ट्रंप के बयानों की निंदा की।

## अपनी मिट्टी की खुशबू से जुड़कर खुश हुए प्रवासी

**भुवनेश्वर।** प्रवासी भारतीयों का देश के प्रति प्रेम और अपनी मिट्टी से लगाव हाल ही में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देखने को मिला।भारतीय दिवस के मौके पर विश्व के विभिन्न हिस्सों से आए प्रवासी भारतीयों ने अपनी मातृभूमि से जुड़ने का अनमोल अनुभव हासिल किया। इन कार्यक्रमों ने उन्हें न केवल अपनी सांस्कृतिक धरोहर को करीब से समझने का मौका दिया, बल्कि देशभक्ति की भावना को और प्रबल कर दिया।

# सौ साल पुराना है राम मंदिर और गोरक्षपीठ का रिश्ता

एजेंसी

- गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों का एक ही सपना था, अयोध्या में रामलला की दिव्य व भव्य राममंदिर बने
- एक बार फिर आज अयोध्या में मंदिर निर्माण की पहली सालगिरह में रामलला के दरबार में मौजूद रहेंगे योगी

**लखनऊ ।** जेहि के जेहि पर सत्य सनेहू, सो तेहि मिलहीं न कछु संदेहू। रामचरित मानस की ये चौपाई अयोध्या के राममंदिर के संदर्भ में गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ पर सटीक बैठती है। करीब 100 वर्षों और गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों का एक ही सपना था, अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर दिव्य और भव्य राममंदिर बने। गोरक्षपीठ के मौजूदा पीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत उनके दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ एवं पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने इस बाबत न सिर्फ सपना देखा बल्कि इस सपने को पूरा करने के लिए संघर्ष भी किया। एक सदी के दौरान राम मंदिर को लेकर अयोध्या में हुई हर महत्वपूर्ण घटनाक्रम में इनमें से किसी न किसी की उपस्थित इसका प्रमाण है। गोरक्षपीठ के साथ सुखद संयोग यह भी रहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद जब अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने से लेकर भूमि पूजन, शिलान्यास और प्राण प्रतिष्ठा तक हुए कार्यक्रम के अलावा हर घटनाक्रम में योगी मौजूद थे। उनकी मंशा है, अयोध्या धार्मिक लिहाज से विश्व का सबसे सुंदर पर्यटन स्थल बने। इस संदर्भ में हो रहे कार्यों का निरीक्षण करने के लिए वह 100 से अधिक बार अयोध्या गए होंगे। इससे उन्होंने साबित किया कि अयोध्या उनकी है और अयोध्या के लोग भी उनके हैं। एक बार फिर 11 जनवरी को अयोध्या में मंदिर निर्माण की पहली सालगिरह में योगी रामलला के दरबार में मौजूद रहेंगे। यूं तो श्रीराम जन्मभूमि स्थित मंदिर पर फिर से रामलला आंदोलन विराजमान हों,




इस बाबत छिटपुट संघर्ष की शुरूआत इसको गिराए जाने के बाद से ही शुरू हो गया था। मुगल काल से लेकर ब्रिटिश काल के गुलामी के दौर और आजाद भारत का करीब 500 साल का कालखंड इसका प्रमाण है। इन सारे संघर्षों और इसके लिए खुद को बलिदान देने वालों के दस्तावेजी सबूत भी हैं। पर, आजादी के बाद इसे पहली बार रणनीति रूप से संगठित स्वरूप और एक व्यापक आधार देने का श्रेय गोरक्षपीठ के वर्तमान पीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ को जाता है। वर्ष 1935 में गोरक्षपीठाधीश्वर बनने के बाद से ही उन्होंने इस बाबत प्रयास शुरू कर दिया था। इस क्रम में उन्होंने अयोध्या के अलग-अलग मठों के साधु, संतों को एकजुट करने के साथ ही जातीय विभेद से परे हिंदुओ को समान भाव व सम्मान के साथ जोड़ा। 22-23 दिसंबर 1949 को प्रभु श्रीरामलला के विग्रह के प्रकटीकरण के नौ दिन पूर्व ही महंत दिग्विजयनाथ के नेतृत्व में अखंड रामायण के पाठ का आयोजन शुरू हो चुका था। श्रीरामलला के प्राकट्य पर महंत जी खुद वहां मौजूद थे। प्रभु श्रीराम के विग्रह के प्रकटीकरण के बाद मामला अदालत पहुंचा। इसके चलते विवादित स्थल पर ताला भले जड़ दिया गया पर पहली बार वहां पुजारियों को दैनिक पूजा की अनुमति भी मिल गई। श्रीरामलला के प्रकटीकरण के बाद मंदिर आंदोलन को एक नई दिशा देने वाले महंत दिग्विजयनाथ 1969 में महासमाधि लेने तक श्रीराम जन्मभूमि के उद्धार के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। कांग्रेस की आंधी चल रही थी। खुद को धर्म निरपेक्ष घोषित करने की होड़ मची थी। ऐसी विषम परिस्थितियों में भी पूरी निर्भीकता से दिग्विजयनाथ सदन से लेकर संसद और सड़क तक हिंदू, हिंदुत्व और राम मंदिर की मुखर आवाज बन गए। जिस मंदिर आंदोलन को महंत दिग्विजयनाथ ने एक ठोस बुनियाद और व्यापक आधार दिया, उसे उनके ब्रह्मलीन होने के बाद उनके शिष्य एवं उत्तराधिकारी महंत अवेद्यनाथ की अगुआई में नई ऊंचाई मिली। अस्सी के दशक की शुरूआत के साथ श्रीराम जन्मभूमि को लेकर ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने जो बीज बोया था वह अंकुरित हो चुका था। यह सर्व स्वीकार्यता बनी तबके गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ के पक्ष में। 21 जुलाई 1984 को अयोध्या के वाल्मीकि भवन में जब श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का गठन हुआ तो महंत अवेद्यनाथ समवेत स्वर से इसके अध्यक्ष चुने गए और उनके नेतृत्व में देश में ऐसे जनांदोलन का उदय हुआ जिसने देश का सामाजिक-राजनीतिक समीकरण बदल दिया।

